वर्ष 72 ▸ अंक 281 ▸ पृष्ठ 12+8=20
रीवा, बुधवार 09 जुलाई, 2025
आषाढ़ शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

सकारात्मक सोच आपको हर काम नकारात्मक सोच की तुलना में बेहतर ढंग से करने में सक्षम बनाती है।
– जिग जिगलर

## इस कुएं में उतरने की जुर्रत कोई नहीं करता



*दुनिया में कुछ जगहें हैं, जो अपनी खूबसूरती या इतिहास के लिए जानी जाती हैं। लेकिन, पूर्वी यमन के सूखे रेगिस्तान में एक अनोखा कुआं है। इसे बारहूत का कुआं कहते हैं। यह कोई साधारण गड्ढा नहीं है। इसे नरक का कुआं भी कहा जाता है। मान्यता है कि यह ईश्वर की सबसे नापसंद जगह है। कोई भी इस कुएं में उतरने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। यहां जाने पर लोगों को डर लगता है, क्योंकि यहां से तेज बदबू आती है। बारहूत घाटी में यह कुआं करीब 30 मीटर चौड़ा है और इसकी गहराई 112 मीटर है। पहले इसकी गहराई 100 से 250 मीटर के बीच मानी जाती थी। हाल ही में, ओमान के खोजकर्ताओं ने सितंबर 2021 में इसके तल तक पहुंचने का दावा किया। इससे पहले, यमन के वैज्ञानिक भी इसके तल तक नहीं पहुंच पाए थे। कुएं से निकलने वाली बदबू और ऑक्सीजन की कमी उन्हें वापस लौटने पर मजबूर कर देती थी। महारा के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के महानिदेशक सलाह बभैर ने कहा, यह बहुत गहरा है। हम कभी इसके तल तक नहीं पहुंचे हैं।*




**एफएटीएफ की रिपोर्ट में खुलासा:** ई-कॉमर्स और डिजिटल पेमेंट से हो रही भारत में आतंक की फंडिंग

# आतंकी हमलों में अमेजन से खरीदा विस्फोटक और पेपल से हुई फंडिंग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** साल 2019 में हुए पुलवामा आतंकी हमले ने न केवल भारत की सुरक्षा व्यवस्था को झकझोर दिया था, बल्कि वैश्विक स्तर पर आतंकवाद की नई रणनीतियों और उसके फंडिंग नेटवर्क पर भी सवाल खड़े कर दिए थे। अब फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ताजा रिपोर्ट ने यह उजागर किया है कि इस हमले में उपयोग किए गए विस्फोटक पदार्थों की खरीद अमेजन जैसी ई-कॉमर्स वेबसाइट के माध्यम से की गई थी। यह खुलासा न केवल खतरनाक है, बल्कि डिजिटल युग में आतंकवाद के नए और तेजी से फैलते रूप को भी उजागर करता है।

एफएटीएफ की रिपोर्ट 'कॉम्प्रिहेंसिव अपडेट ऑन टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क' में इस हमले के साथ-साथ 2022 में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर पर हुए आतंकी हमले का भी उल्लेख किया गया है। दोनों घटनाएं उदाहरण स्वरूप सामने रखी गई हैं, ताकि यह बताया जा सके कि किस तरह डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन शॉपिंग, और वर्चुअल गतिविधियां आतंकवादियों के लिए संसाधन जुटाने का उपकरण बनती जा रही हैं।

एफएटीएफ की रिपोर्ट बताती है कि आतंकवादी अब सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग, क्रिप्टोकरेंसी, ई-वॉलेट, और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर रहे हैं। उनका मकसद न केवल फंडिंग जुटाना है, बल्कि जनमत को प्रभावित करना, प्रचार-प्रसार करना और वैश्विक नेटवर्क से जुड़ना भी है। आतंकवादी संगठन अब छोटे-छोटे 'सेल' बनाकर काम कर रहे हैं, जो स्वयं अपने लिए फंड जुटाते हैं। कई बार ये फंडिंग वैध आय जैसे कि पार्ट-टाइम जॉब, माइक्रो ट्रांजैक्शन, या नकली ऑनलाइन बिक्री के जरिए होती है।

शॉपिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग: रिपोर्ट में इस बात पर विशेष चिंता व्यक्त की गई है कि कैसे आतंकवादी मनी लॉन्ड्रिंग के लिए भी ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, कोई व्यक्ति ऑनलाइन महंगे उत्पाद खरीदता है और फिर उन्हें किसी अन्य देश में भेज देता है जहां वे बेचे जाते हैं, और उस पैसे का उपयोग आतंकी गतिविधियों में होता है। इससे पैसे की वास्तविक पहचान और स्रोत छुप जाता है। एफएटीएफ का कहना है कि अब आतंकवाद केवल युद्ध क्षेत्रों या सीमावर्ती इलाकों की समस्या नहीं रही, बल्कि यह हमारी जेब में रखे मोबाइल फोन और लैपटॉप के माध्यम से हमारे जीवन का हिस्सा बनता जा रहा है। एफएटीएफ ने स्पष्ट किया है कि सभी देशों को इस खतरे को समझना होगा और सख्त कदम उठाने होंगे। अगर इस दिशा में ठोस उपाय नहीं किए गए, तो आतंकी संगठन इन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का और भी अधिक दुरुपयोग कर सकते हैं।

### पुलवामा: विस्फोटक में मिलाया एल्युमीनियम पाउडर

पुलवामा में हुए हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद द्वारा अंजाम दिए गए इस हमले में 200 किलो विस्फोटक से लदी एक मारुति ईको कार का प्रयोग किया गया था। जांच में जो बात सबसे अधिक चौंकाने वाली थी, वह यह कि हमले में प्रयुक्त विस्फोटक में जो एल्यूमीनियम पाउडर मिलाया गया था, जिससे विस्फोट की तीव्रता और अधिक हो गई। यह विस्फोटक अमेजन से ऑनलाइन खरीदा गया था। रिपोर्ट में इस घटना को उदाहरण के रूप में शामिल करते हुए यह बताया है कि आतंकवादी अब पारंपरिक हथियारों और वित्तीय साधनों के अलावा डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का दुरुपयोग कर रहे हैं। यह केवल तकनीकी खतरा नहीं है, बल्कि यह सुरक्षा एजेंसियों की जांच प्रणाली को भी एक नई चुनौती देता है।


फाइल फोटो

### गोरखनाथ मंदिर हमला: विदेशों से हुई 6.7 लाख रुपए की फंडिंग

4 अप्रैल 2022 को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर पर हुए हमले में एक युवक मुर्तजा अब्बासी ने वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों पर धारदार हथियार से हमला किया। घटना में एक सुरक्षाकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया था। जांच में पाया गया कि अब्बासी कट्टरपंथी विचारधारा से प्रेरित था और उसके पास से जिहादी साहित्य, वीडियो, धार्मिक किताबें, और विदेशी लिंक मिले। एफएटीएफ की रिपोर्ट के मुताबिक, मुर्तजा ने आतंक फैलाने के इरादे से विदेशी स्रोतों से लगभग 6.7 लाख रुपए पेपल के जरिए प्राप्त किए थे। इसके लिए उसने वीपीएन का उपयोग करके अपना आईपी एड्रेस छिपाया ताकि उसके लेन-देन की निगरानी न हो सके। पेपल ने बाद में उसके अकाउंट को ब्लॉक कर दिया, जिससे आगे की फंडिंग रुक गई।

### अध्ययन: फंडिंग के आधुनिक तरीके

रिपोर्ट में बीते 10 सालों के दौरान हुए कई हमलों का अध्ययन किया गया है। इनसे पता चलता है कि आतंकवादी किस-किस तरह से पैसा जुटाते हैं और कैसे उसे छिपाते हैं।

### ये हैं आतंक की फंडिंग के तरीके


**हवाला और नकद लेन-देन:** यह अब भी सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाला तरीका है।

**क्रिप्टोकरेंसी:** बिटकॉइन और अन्य वर्चुअल मुद्राओं का इस्तेमाल ट्रैकिंग से बचने के लिए किया जाता है।

**सोशल मीडिया और क्राउडफंडिंग:** फर्जी धर्मार्थ संस्थाओं के नाम पर फंड जुटाया जाता है।

**शेल कंपनियां और ट्रस्ट:** दिखावटी कंपनियों के जरिए पैसे की हेराफेरी की जाती है।

*एफएटीएफ यानी फाइनैंसियल एक्शन टास्क फोर्स एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जो मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकी फंडिंग और संगठित अपराधों की आर्थिक गतिविधियों पर नजर रखती है और उनके खिलाफ वैश्विक मानकों को तय करती है।*



भारत ने कुछ बेहतरीन व्यक्तिगत प्रदर्शनों के साथ इंग्लैंड को हराया !

**एक्स का दावा:** भारत ने 2355 खाते ब्लॉक करवाए

## केंद्र सरकार ने एक्स के दावे को किया खारिज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स की ग्लोबल अफेयर्स टीम ने आधिकारिक बयान जारी कर दावा किया है कि 3 जुलाई को भारत सरकार ने एक्स को 2,355 अकाउंट्स भारत में ब्लॉक करने का आदेश दिया था। इसमें अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी रॉयटर्स के दो एक्स अकाउंट @Reuters व @ReutersWorld भी शामिल थे। उधर, भारत सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के इस दावे को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि सरकार ने अभी कोई एकाउंट बंद करने को नहीं कहा है।

एक्स के मुताबिक, भारत सरकार ने रॉयटर्स के अकाउंट को ब्लॉक करने का आदेश भारत के सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69 ए के तहत जारी किया था और इसका पालन न करने पर सजा का खतरा था। भारत सरकार के आईटी मंत्रालय ने एक घंटे के भीतर इन अकाउंट्स को ब्लॉक करने की मांग की थी और वो भी बिना किसी ठोस कारण या औपचारिक स्पष्टीकरण के ऐसा करने के लिए कहा गया था। रॉयटर्स के एकाउंट्स को ब्लॉक करने का मामला इसलिए भी दिलचस्प है क्योंकि मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत सरकार ने अकाउंट ब्लॉक नहीं किया था, ब्लॉकिंग तकनीकी दिक्कत से हुई थी।

### एक्स की सलाह: भारतीय यूजर्स कोर्ट जाएं

एक्स की ग्लोबल अफेयर्स टीम ने लिखा है कि वह भारत में प्रेस की आजादी को प्रभावित कर रहे इस तरह के ब्लॉकिंग आदेशों से चिंतित है और सभी कानूनी विकल्पों की पड़ताल कर रहा है। एक्स ने भारत में भी रहने वाले यूजर्स जिसके खिलाफ ब्लॉकिंग के आदेश दिए गए हैं उनसे अपील की है कि वे इन ब्लॉकिंग आदेशों के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाएं।



# प्रिज्म जॉनसन के अंतर्गत संचालित प्रिज्म सीमेंट चूना पत्थर खदान को मिला फाइव स्टार रेटिंग प्रमाण पत्र

जागरण, सतना। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के अंतर्गत संचालित प्रिज्म सीमेंट चूना पत्थर खदान क्षेत्रफल 253.326 हेक्टेयर को भारतीय खान ब्यूरो आईबीएम की सतत विकास मूल्यांकन में वर्ष 2023-24 के लिए फाइव स्टार रेटिंग प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। भारतीय खान मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में आयोजित फाइव एंड सेवन स्टार रेटिंग वर्ष 2023-24 का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम इंटरनेशनल सेंटर जयपुरए राजस्थान में 07 जुलाई को आयोजित किया गया। पुरस्कार वितरण के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भजन लाल शर्मा मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार की उपस्थिति में जी किशन रेड्डी केंद्रीय मंत्री कोयला एवं खान भारत सरकारद्व के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने उपरोक्त जानकारी देते हुये बताया कि इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस आईबीएम के माध्यम से भारतीय खान मंत्रालय द्वारा खदानों के स्टार रेटिंग प्रणाली की स्थापना की गई है जिसमें स्टार रेटिंग खदानों के प्रयास और निरंतर विकास ढाँचा एसडीएफ के कार्यान्वन के लिए किए गए प्रयासो के लिए प्रदान किया जाता है। संपूर्ण भारत वर्ष में संचालित खदानों में उनके द्वारा किये गए समग्र क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए केवल 95 खदानों को ही फाइव स्टार रेटिंग एवं सेवन स्टार रेटिंग पुरस्कार से नवाजा गया है।



प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के प्रिज्म सीमेंट चूना पत्थर खदान को व्यवस्थितए भविष्योन्मुखी सतत खनन, पर्यावरण संरक्षण, नवीन ऊर्जा उत्पादन सौर ऊर्जा कौशल विकास, सामाजिक और शासन तथा अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए लगातार दूसरे साल यह पुरस्कार जीता है। इसी के साथ भविष्य में लगातार 5 साल तक फाइव स्टार पुरस्कार पाने के बाद पीजेएल माइंस को भारत सरकार द्वारा हाल ही में शुरू किए गए 7 स्टार पुरस्कार के लिए आवेदन करने का अधिकार होगा। प्रिज्म जॉनसन की तरफ से प्रेसीडेंट एंड प्लांट हेड . मनीष कुमार सिंह एमआरएम एंड माइनिंग हेड विनोद श्रीवास्तव माइंस हेड . सी एस पंडित ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। प्रिज्म जॉनसन कंपनी के प्रबंध निदेशक विजय अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ राकेश जैनए सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स डा० मनीष कुमार सिन्हा एवं सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कंपनी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाये व्यक्त की।

# थर्मल पॉवर प्लांट के विस्तरण की जनसुनवाई सफलतापूर्वक सम्पन्न

जागरण, सतना। बारां जिले के अटरू तहसील अंतर्गत ग्राम कवाई में प्रस्तावित 3200 मेगावाट अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट के विस्तार को लेकर सोमवार को जनसुनवाई का सफल आयोजन किया गया। यह जनसुनवाई पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु भारत सरकार पर्यावरण मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक 1533 दिनाँक 14 सितंबरए 2006 एवं उसके बाद के संशोधनों के प्रावधानों के अंतर्गत आयोजित की गई। इस परियोजना में पहले से संचालित 1320 मेगावाट संयंत्र में क्षमता वृद्धि की जाएगीए जिसे चरण के तहत मेसर्स अदाणी पॉवर लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित किया गया है। इस जनसुनवाई का आयोजन राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल झालावाड़ के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भारत सरकार के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 14 सितंबर 2006 एवं बाद के संशोधनों के प्रावधानों के अनुसार किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपखंड मजिस्ट्रेट,अटरू ओमप्रकाश चंदेलिया ने कीए जिन्हें जिला कलेक्टर बारां रोहिताश्व सिंह तोमर द्वारा अधिकृत किया गया था। इस अवसर पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी अनुराग यादव सहित परियोजना से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय जेल में विश्व हिंदू महासंघ ने मनाया पौधरोपण महोत्सव

जागरण, सतना। केंद्रीय जेल में विश्वहिंदू महासंघ ने वृक्षारोपण महोत्सव की शुरुआत की उसी कड़ी में आज महासंघ ने जेल अधीक्षक लीना कोस्टा,उप जेल अधीक्षक यसबीयस कुशवाह के मुख्यातिथ्य एवं विश्वहिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल की अध्यक्षता में वृक्षारोपण महोत्सव का शुभारंभ किया इस अवसर पर महासंघ एवं जेल कर्मियों ने मिलकर आधा सैकड़ा से अधिक पौधे रोपित किए एवं आने वाले दिनों में प्रदेश के अन्य जिलों में भी पौधे रोपित कर उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया।विश्वहिंदू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामानंद सिंह एवं महामंत्री मिथलेश सिंह ने संगठन की प्रस्तावना पर प्रकाश डालते हुए संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की।महासंघ की मातृशक्ति प्रकोष्ठ सतना जिले की अध्यक्ष जयश्री द्विवेदी ने सरकार की बहुआयामी महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रमों की सराहना करते हुए इस कार्यक्रम की संयोजक महासंघ की प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा चतुर्वेदी को धन्यवाद दिया।कार्यक्रम का सफल संचालन सतना जिले की उपाध्यक्ष पूजा शर्मा ने किया एवं आभार रामपुर ब्लॉक के अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने किया। कार्यक्रम के संयोजन की व्यवस्था जिलामंत्री निशा सोनी, बिरसिंहपुर ब्लाक के अध्यक्ष दिलीप द्विवेदी, कोषाध्यक्ष राकेश गुप्ता, अधिवक्ता लोकेंद्र पाण्डेय, कृष्णा सोनी,अभिनव सिंह,संजीव शर्मा एवं प्रणय धारा धर ने की।



# शिक्षक कांग्रेस के संरक्षक रामेश्वर नीखरा का मनाएंगे जन्मोत्सव

रीवा। म.प्र. शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शिवेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि प्रांतीय दिशा निर्देशानुसार म.प्र. शिक्षक कांग्रेस जिला इकाई द्वारा आज 9 जुलाई बुधवार को दोपहर 12 बजे से पर्यटन सूचना केन्द्र हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मैहर में शिक्षक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा मंच पर म.प्र. शिक्षक कांग्रेस के संरक्षक एवं पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा का जन्मदिन मनाया जायेगा। मप्र शिक्षक कांग्रेस सभी संवर्गों के हितों की रक्षा करना तथा मांगों के निराकरण को समाहित कर लागू करने हेतु सभी मुद्दों का हल करानी की रणनीति अपनाएगा एवं ई-अटेंडेंस जैसी अव्यवहारिक व्यवस्था को तत्काल समाप्त किए जाने इत्यादि मांगों के निराकरण के लिए सार्थक प्रयास किये जाएंगे।

# विमानन और आतिथ्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ग्रामोदय विश्वविद्यालय में काउंसिलिंग प्रारंभ

जागरण, सतना। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने एविएशनए हॉस्पिटालिटी और ड्रोन पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। ये पाठ्यक्रम युवाओं के कैरियर में महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं। प्रवेश हेतु काउंसिलिंग के लिए इच्छुक उम्मीदवार और उनके अभिभावक ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैंपस में पहुंच रहे हैं।

उम्मीदवारों को एयर डिविट उड़ान एकेडमी के काउंसलर्स बीबीए बीएससी और डिप्लोमा पाठ्यक्रम के वैशिष्ट्य और कैरियर में योगदान को रेखांकित कर रहे है। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के हरे भरे और अनुशासित कैंपस को देख कर उम्मीदवारो ने प्रसन्नता व्यक्त की। हिंदी भवन में स्थित काउंसिलिंग गैलरी में आज संपन्न विमर्श के मौके पर कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा एयर डिविट उड़ान एकेडमी के आनंद मिश्रा सहित एविएशन पाठ्यक्रमों के निदेशक डॉ आञ्जनेय पाण्डेय उपनिदेशक डॉ धर्मेंद्र सिंह, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ ललित कुमार सिंह और एयर डिविट उड़ान एकेडमी के पदाधिकारी, काउंसलर्स और इंस्ट्रक्टर गण मौजूद रहे। पाठ्यक्रम से संबंधित जानकारी देते हुए उम्मीदवारों को बताया गया है कि वर्तमान सत्र से बीएससी, बीबीए और डिप्लोमा पाठ्यक्रम एविएशन और हॉस्पिटालिटी में उपलब्ध हैं।इस हेतु ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुके हैं। पाठ्यक्रमों के लाभ की जानकारी देते हुए बताया गया है कि एविएशन पाठ्यक्रम युवाओं को विमानन उद्योग में कैरियर बनाने में मदद कर सकता है।



# सांसद सहित जनप्रतिनिधियों ने अर्पित किये श्रद्धासुमन

जागरण, सतना। सांसद गणेश सिंह सहित जिले के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों ने मंगलवार को हरदुआ पहुंचकर राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के दादाजी स्व. जीवनदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सहित परिजनों से मिलकर शोक संवेदना भी व्यक्त की। मंगलवार को पूर्व विधायक यादवेन्द्र सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गगनेन्द्र सिंह, पूर्व सचिव अनिल जायसवाल ने भी राज्यमंत्री के गृहग्राम पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के पितामह जीवनदास बागरी के निधन पर ग्राम हरदुआ स्थित उनके पैतृक निवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का मंगलवार को तांता लगा रहा। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, समाजसेवियों व गणमान्य नागरिकों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। श्रद्धांजलि देने वालों में महापौर योगेश ताम्रकार, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी, पूर्व महापौर ममता पांडेय, अखण्ड प्रताप सिंह, अनिल जैसवाल, चन्द्रकमल त्रिपाठी, पिट्टू सिंह, रमाकांत गौतम, विजय तिवारी, लौकेश त्रिपाठी, बालकृष्ण शुक्ला, नारायण प्रताप सिंह, विष्णु पाण्डेय, राजेश शुक्ला, दुष्यंत सिंह गोलू, श्याम सिंह, राजीव सिंह, अजय द्विवेदी, रामशिरोमण सिंह, आरके बागरी, बालेंद्र गौतम, शिवा अग्रहरी, श्रीमती सीमा यादव, श्रीमती जानवी त्रिपाठी, सुनील बागरी, श्रीमती गीता सिंह, मौसम ताम्रकार, रामायण गौतम, आशू खत्री, राकेश चोपड़ा, राबिन खत्री, उमंग गौरी, समीर सिंह, कचनार सरपंच मुन्ना सिंह, राजनारायण तिवारी, संजय मिश्रा, गीतेश्वर सिंह, सर्वजीत सिंह, सिब्बू सिंह, सरपंच टीकर बीरेंद्र कोरी, साकेत बिहारी त्रिपाठी, सरपंच विनोद उर्मालिया, रामसहाय गौतम, श्रीमती किरण सेन, उमेश द्विवेदी, चंद्रकमल त्रिपाठी, अजय द्विवेदी, आकांक्षा सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे।



# वॉलीबॉल छात्रावास में प्रवेश हेतु 11 एवं 12 जुलाई को होगा प्रतिभा चयन का आयोजन

सतना। मध्यप्रदेश राज्य व्हालीबाल छात्रावास नरसिंहपुर में वर्ष 2025-26 में प्रवेश हेतु बालक खिलाड़ियों की प्रतिभा चयन का आयोजन 11 एवं 12 जुलाई को प्रातः 10 बजे से व्हालीबाल कोर्ट (स्टेडियम ग्राउण्ड) नरसिंहपुर में किया जायेगा। प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर 12 से 16 वर्ष एवं 12 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाडी प्रतिभा चयन में भाग ले सकते हैं। आयु की गणना 31 जुलाई 2025 की स्थिति में की जायेगी। खिलाड़ियों को चयन स्थल पर आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मूल निवासी एवं स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की मूल कापी एवं उनकी 2 छायाप्रति सहित उपस्थित होना होगा। चयन ट्रायल में प्रतिभागिता करने वाले खिलाड़ियों को आने व जाने का किराया, आवास एवं भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

# नगर निगम की जनसुनवाई में आये 50 आवेदन



जागरण, सतना। मंगलवार को नगर निगम में सम्पन्न हुई जनसुनवाई के दौरान 50 आवेदन प्राप्त हुये है। जिसमें सर्वाधिक आवेदन विकास कार्यो को लेकर प्राप्त हुये है। उक्त जनसुनवाई 11 बजे दिन से दोपहर 1 बजे तक चली। इस दौरान निगमायुक्त शेर सिंह मीना आईएएस ने सुनवाई में आये शहरवासियों की समस्याओं का निराकरण किया। सफाई व्यवस्था से संबंधित 03 , सड़क प्रकाश व्यवस्था से संबंधित 02 , सामान्य प्रशासन से संबंधित 01 , अतिक्रमण से संबंधित 05 , जलप्रदाय शाखा से संबंधित 04 , जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 03 , विकास कार्य से संबंधित 21 आवेदन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 11 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटनए आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। विकास कार्यों अतिक्रमण के लिए आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही के विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। आयुक्त नगर पालिक निगम सतना द्वारा शहरवासियों को अवगत कराया गया है कि यह जनसुनवाई अगले मंगलवार को पुनः आहुत की जाएगी। साथ ही साथ जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की प्रकरणवार समीक्षा भी की जा रही है। ताकि शहरवासियों की जनसुनवाई में आने का उद्देश्य सफल हो सके।

# स्वच्छता को लेकर नगर निगम ने चलाया जागरुकता अभियान




जागरण, सतना। नगर पालिक निगम सतना की आईईसी टीम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत स्वच्छता अपनाओए बीमारियाँ भगाओए जन.जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 8 जुलाई 2025 को विभिन्न वार्डों में स्वच्छता से जुड़ी विविध गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को जागरूक किया गया। डीटीडीसी टीम द्वारा घर.घर जाकर स्वच्छता का संदेश व चार बिन प्रणाली की जानकारी दी गई। होम कम्पोस्टिंग नागरिकों को बताया गया कि गीले कचरे से जैविक खाद कैसे बनाएं। मोहल्ला सभाएं स्थानीय लोगों से संवाद कर स्वच्छता की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया गया। 3 की जानकारी ;त्मकनबमए त्मनेमए त्मबलबसमद्धरू कचरे को कम करने दोबारा उपयोग व रिसाइक्लिंग की प्रेरणा दी गई। स्वच्छता की पाठशाला बच्चों को स्वच्छता के महत्व की शिक्षा दी गई।

# शिक्षक राष्ट्र के नव निर्माण की आधारशिला है : शैलेन्द्र

## निष्ठा और लगन के साथ छात्रों को सजाते संवारते हैं प्रदेश के शिक्षक

जागरण, सतना। शिक्षा विभाग में ई अटेंडेंस को लेकर राज्य शिक्षक संघ के बैनर तले मंगलवार को मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम बी के मिश्रा को सोपा गया। राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में सैकड़ों की तादाद में उपस्थित शिक्षकों ने ई अटेंडेंस एवं जिले के कर्मचारियों के लंबित क्रमोन्नति आदेश जारी करने को लेकर मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष शैलेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है ।

प्रदेश के शिक्षक नवनिहालो को सजाने संवारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं। फिर भी अफसर शाही नीति विरुद्ध अव्यहारिक आदेश जारी कर समूचे शिक्षा विभाग को परेशान करने का कार्य कर रहे है । जिसे किसी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन में कहा गया कि लगन और निष्ठा के साथ अपनी शक्ति और सामर्थ्य के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था को राष्ट्र की प्रथम पंक्ति में लाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन सरकार ई अटेंडेंस योजना से समाज में ऐसा संदेश दे रही है कि शिक्षक संवर्ग अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह है । सरकार का यह कदम शिक्षकों के कर्तव्यनिष्ठा पर प्रश्न चिन्ह लगाता है । सरकार ई अटेंडेंस योजना को बंद करने के आदेश जारी करे यह बात प्रदेश के मुखिया मोहन यादव तक पहुंचाया जा रहा है। संघ ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में सतना और मैहर जिले के 700 कर्मचारियों के लंबित क्रमोन्नति आदेश जारी करने की शीघ्र मांग भी की है। इस दौरान जे पी पटेल रावेन्द्र पांडेय राजाभईया त्रिपाठी मनोज शर्मा पी बी कुशवाहा अखिलेश शुक्ला आशीष सिंह अभिषेक सिंह मानव शुक्ला चंद्रकांत द्विवेदी पियूष गर्ग अभिलाष सिंह विजय मिश्रा धर्मेन्द्र त्रिपाठी के के द्विवेदी अमित तिवारी आभा तिवारी रंजना शुक्ला,अंजली पांडेय वर्षा मिश्रा रामराज साकेत आदित्य चौधरी मंजू यादव मीरा द्विवेदी रेणुका प्रजापति संध्या द्विवेदी विद्या सिंह, राम गोपाल वर्मा, सुनील तिवारी, प्रवीण कुमार सिंह, मीरा मिश्रा, सरोज विनोद सोनी गजाधर प्रसाद शकुंतला चौरसिया सी यल अहिरवार सत्य प्रकाश त्रिपाठी राकेश कुमार पांडे प्रतिभा मिश्रा विद्यासागर प्रीति रैकवार, मुकेश पाण्डेय, तपस्या अग्रवाल सुचित्रा महोदिया वीरन कुमार दीप नारायण गौतम किरण वर्मा अजय सिंह चौहान शैलेंद्र सिंह बागरी जयप्रकाश गर्ग योगेश नामदेव योगेश श्रीवास्तव आदि सैकड़ों शिक्षक,लोगों उपस्थित रहे।





## प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन सिंह 13 जुलाई रविवार को रीवा में



रीवा। राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट एंडोस्कोपिक सर्जन डॉ सचिन सिंह MBBS, MS, MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, निर्देशक-लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज, के द्वारा, दिनांक 13 जुलाई 2025 को (प्रत्येक माह के दूसरे रविवार) सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक, डाइग्नोस्टिक, विजन हार्ट सेंटर)- A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे रीढ़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर व घुटने का दर्द, लकवा, सिर का दर्द(माइग्रेन की समस्या), मिर्गी रोग, बेहोशी व चक्कर आना, अंगों में कंपन-झुनझुनी-शून्यता, मांसपेशियों/नसों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हैमरेज, सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस, स्नायु रोग, साइटिका, रीढ़ की हड्डी की टी.बी., एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी आदि न्यूरो से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ सचिन सिंह लगभग 15000 (पंद्रह हजार) से ज्यादा ब्रेन, सर्वाइकल एवं स्पाइन से संबंधित सर्जरी सफलता पूर्वक कर चुके है, डॉ सचिन को न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की सर्जरी में महारथ हासिल है, डॉ सचिन के द्वारा प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे रविवार को विगत सात (08) वर्षो से कमाता क्लीनिक में मरीजों को OPD परामर्श दिया जा रहा है। क्लीनिक में सोनोग्राफी, इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, होल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा मोबाइल न 9399312433 में संपर्क करें।

Advt

# राज्य शिक्षक संघ शाखा पन्ना ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

पन्ना । राज्य शिक्षक संघ शाखा पन्ना ने कलेक्टर को दिनांक 8/7/2025 को ज्ञापन सोपा जिसमें मांग की गई है कि शिक्षकों की उपस्थिती ई-एप्प के माध्यम से उपस्थित जब तक न ली जाए जब तक प्रदेश के सभी कर्मचारियों की उपस्थित ई-एप्प के माध्यम से ना की जाए शिक्षक वर्ग चाहता है कि अभी शिक्षकों की उपस्थिति एप्प के माध्यम से स्थगित की जाए जब प्रदेश के सभी कर्मचारियों की उपस्थित ई-एप्प के माध्यम से ली जाने के आदेश हो जाएं तभी शिक्षकों की उपस्थित ऐप के माध्यम से की जाए।

# सूचना का अधिकार अधिनियम विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण 10 एवं 11 जुलाई को

जागरण, पन्ना। भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित सूचना का अधिकार परियोजना अंतर्गत जिले के विभिन्न विभागों के लोक सूचना एवं सहायक लोक सूचना अधिकारियों को कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 विषय से संबंधित दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण 10 एवं 11 जुलाई को सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है। इसमें 31 विभागों के लोक सूचना एवं सहायक लोक सूचना अधिकारी शामिल होंगे। जिला कलेक्टर द्वारा प्रशिक्षण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी जारी किए गए हैं।

## पदों में भर्ती नहीं, पिछड़े वर्ग के छात्र हो गये ओवरएज

जागरण, रीवा। अपाक्स संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ आर एन पटेल के नेतृत्व में अधिकारी-कर्मचारी ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पिछड़े वर्ग के लिए लंबित मांगों को तुरंत पूरा करने की अपील की। संगठन ने होल्ड किए गए 13 प्रतिशत पदों को मुक्त करने तथा पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण पुनः लागू करने की मांग की। साथ ही कार्यकर्ताओं ने अनुसूचित जाति की तरह पदोन्नति में आरक्षण लागू करने की मांग प्रमुखता से उठाई। संगठन के सदस्यों ने शासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि 13 फीसदी पदों पर भर्ती होल्ड होने के कारण हजारों पिछड़े वर्ग के छात्र ओवरएज की श्रेणी में आ गए हैं, जिससे उनके भविष्य पर बुरा असर पड़ रहा है।

# शासकीय शालाओं में होगा शैक्षिक ओलंपियाड

## विद्यार्थी कर सकेंगे 30 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन

जागरण, सतना। प्रदेश के समस्त शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थियों को प्रदेश, देश और विश्व के सांस्कृतिक, भौगोलिक ऐतिहासिक परिदृश्य, समसामयिक सामान्य ज्ञान तथा हिन्दी, इंग्लिश, विज्ञान और गणित विषयों से जोड़ने के लिये मंच क्रिज प्रतियोगिता ओलंपियाड का आयोजन इस वर्ष दो चरणों में जन शिक्षा केन्द्र और जिलास्तर पर किया जा रहा है। इस वर्ष जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय आयोजन सितंबर और जिला स्तरीय आयोजन नवंबर माह में होगा। ओलंपियाड में सहभागिता के लिये विद्यार्थी शिक्षकों के सहयोग से ऑनलाइन पंजीयन तीएच पोर्टल पर 30 जुलाई तक कर सकेंगे।

### दूसरी कक्षा के बच्चे ओएमआर शीट पर प्रश्न हल करेंगे

इस वर्ष ओलंपियाड में कक्षा दूसरी से लेकर 8वीं तक प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थी ओएमआर शीट पर प्रश्न हल करेंगे। इस व्यवस्था से बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये प्रारंभिक काल से अनुभव प्राप्त होगा। कक्षा 2 और 3 के लिये इंग्लिश, हिन्दी और गणित, कक्षा 4 और 5 के लिए इंग्लिश, हिन्दी, गणित एवं पर्यावरण विषय पर और कक्षा 6, 7 और 8 के लिए हिन्दी, संस्कृत, इंग्लिश, विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान विषय में ओलंपियाड प्रतियोगिता होगी। ओलंपियाड के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र ने विस्तृत दिशा-निर्देश जिला शिक्षा केन्द्र और शालाओं को प्रेषित किए है। कक्षा 2 और 3 में प्रत्येक जन शिक्षा केन्द्र से कुल 28 विद्यार्थी जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिये चयनित होंगे। कक्षा 6 से 8 में जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर सर्वाधिक अंको के आधार पर 36 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिये होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने ओलंपियाड प्रतियोगिता के आयोजन के लिये जिला कलेक्टर्स और राज्य शिक्षा केन्द्र अधिकारियों को भी निर्देश जारी किये है।

⏩ वर्ष 72 ⏩ अंक 281 ⏩ पृष्ठ 12
रीवा, बुधवार 09 जुलाई, 2025
⏩ आषाढ़ शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082
⏩ नगर ⏩ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

“ टुच्चे लोगों की एक पहचान यह भी है कि जिसके समान बनना उनकी सामर्थ्य के बाहर की बात है, उसकी वे हमेशा निंदा करते रहते हैं।
– रामधारी सिंह दिनकर

## संक्षिप्त खबरें

### नेतन्याहू ने ट्रंप को नोबेल के लिए किया नामित



**वाशिंगटन, जेएनएन।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए आधिकारिक रूप से नामित किया है। नेतन्याहू ने यह नामांकन पत्र व्हाइट हाउस में एक औपचारिक समारोह के दौरान सौंपा, जहां ट्रंप भी मौजूद थे। यह कदम पश्चिम एशिया में उनके 'अब्राहम समझौते' जैसे शांति प्रयासों और वैश्विक कूटनीतिक योगदानों को आधार बनाकर उठाया गया है। ट्रंप के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान इजरायल, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, मोरक्को और सूडान जैसे मुस्लिम देशों के साथ ऐतिहासिक समझौते हुए थे, जिन्हें अब्राहम अकॉर्ड्स कहा जाता है। इन समझौतों के माध्यम से इजरायल और अरब देशों के बीच राजनयिक संबंधों की बहाली हुई थी। कुछ ही दिन पहले, पाक सेना के प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने भी ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में लंच किया था। इसके बाद पाकिस्तान ने भी नोबेल के लिए ट्रंप के नाम का प्रस्ताव रखा था।

### मेडिकल विवि के कुलपति बने एम्स भोपाल के निदेशक

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** एम्स भोपाल के निदेशक डॉ. अजय सिंह को उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय इटावा का नया कुलपति बनाया गया है। जल्द ही वह पदभार ग्रहण करेंगे। यह नियुक्ति चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के आधार पर की गई है। डॉ. अजय सिंह ने बताया कि वे चार अगस्त 2025 को एम्स भोपाल में अपने कार्यकाल का अंतिम दिन निभाएंगे। इसके बाद वे इटावा के सैफई स्थित विश्वविद्यालय में कुलपति पद का कार्यभार ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं अपनी नई जिम्मेदारी के लिए तैयार हूं। यह न केवल मेरे लिए सम्मान की बात है, बल्कि एक नया दायित्व भी है, जिसे मैं पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाऊंगा।



### कार्टूनिस्ट हेमंत की अग्रिम जमानत निरस्त

**जागरण, इंदौर।** आरएसएस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विवादित कार्टून बनाने वाले कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय की अग्रिम जमानत हाईकोर्ट ने मंगलवार को निरस्त कर दी। जस्टिस सुभाष अभ्यंकर की बेंच ने माना कि यह मामला अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमा लांघने का है। आरोपी की कस्टोडियल पूछताछ जरूरी है। इसके पूर्व कार्टूनिस्ट की ओर से दलील दी गई कि यह एक हास्य-व्यंग्य था और सिर्फ उनके फेसबुक पेज पर साझा किया। लेकिन कोर्ट ने माना कि इस तरह के कार्टून सार्वजनिक सद्भाव को बिगाड़ सकते हैं। ऐसे में गिरफ्तारी उचित मानी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट के अर्नेश कुमार फैसले का लाभ भी कोर्ट ने अस्वीकार कर दिया। अंततः हाईकोर्ट ने कार्टूनिस्ट की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। मालूम हो कि मालवीय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस को लेकर आपत्तिजनक कार्टून फेसबुक पर शेयर किया था।



### स्टेटस आफ पुलिसिंग इन इंडिया (एसपीआई) रिपोर्ट 2025: मध्य प्रदेश में पुलिस सुधार की जरूरत

# प्रदेश के 27% पुलिसकर्मी यौन उत्पीड़न मामलों में और 25% बाल अपराध में भीड़ की हिंसा को मानते हैं सही

**सचिन श्रीवास्तव, भोपाल।** पुलिस व्यवस्था पर केंद्रित स्टेटस आफ पुलिसिंग इन इंडिया (एसपीआई) रिपोर्ट 2025 में मध्य प्रदेश से जुड़े आंकड़े प्रदेश की पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हैं। रिपोर्ट में न केवल कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी और हिंसा की प्रवृत्ति का खुलासा हुआ है, बल्कि यह भी दिखाया गया है कि पुलिसकर्मी जनता में भय पैदा करने के लिए 'कड़े तरीकों' को जरूरी मानते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मध्य प्रदेश में 27 फीसदी पुलिसकर्मी मानते हैं कि यौन उत्पीड़न के मामलों में भीड़ की हिंसा उचित हो सकती है, और 25 फीसदी का मानना है कि बच्चों की अपहरण की आशंका में भीड़ की हिंसा सही है।

एसपीआईआर 2025 की यह रिपोर्ट मध्य प्रदेश पुलिस की कार्यप्रणाली, हिंसक प्रवृत्तियों और सामाजिक पूर्वाग्रहों की एक चिंताजनक तस्वीर प्रस्तुत करती है। रिपोर्ट से यह स्पष्ट है कि पुलिस सुधार सिर्फ ढांचागत या प्रशासनिक नहीं, बल्कि वैचारिक और संवैधानिक अनुशासन की ओर होना चाहिए।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 से 2023 के बीच मध्य प्रदेश में कुल 35 मौतें पुलिस हिरासत में दर्ज की गईं। यह देश में छठा सबसे अधिक आंकड़ा है।

अकेले साल 2023 में ही 10 मौतें दर्ज हुईं। वहीं 2023 में मध्य प्रदेश में 4 लोगों की मौतें पुलिस कार्रवाई और मुठभेड़ में दर्ज की गईं। इसी तरह 2023 में राज्य से 4 अवैध हिरासत के मामले एनएचआरसी के पास दर्ज किए गए। यह रिपोर्ट कॉमन कॉज, लोकनीति, लाल फैमिली फाउंडेशन और सीएसडीएस की ओर से संयुक्त रूप से जारी की गई है।



### रिपोर्ट के प्रमुख निष्कर्ष

**मुस्लिमों के प्रति पूर्वाग्रह:** राज्य में 18 फीसदी पुलिसकर्मी मानते हैं कि मुसलमान 'स्वाभाविक रूप से आपराधिक प्रवृत्ति वाले' होते हैं। यह पूर्वाग्रह पुलिस की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा करता है।

**'सख्त तरीकों' से अपराध रोकना:** प्रदेश के 48 फीसदी पुलिसकर्मियों को लगता है कि 'पूर्व-गिरफ्तारी' एक प्रभावी तरीका है, जबकि 43 फीसदी मानते हैं कि विशेष दस्तों को अनिश्चितकालीन हिरासत की छूट मिलनी चाहिए। यह दोनों ही विचार कानूनी मर्यादाओं के प्रतिकूल हैं।

**जनता में डर बनाए रखने पर जोर:** प्रदेश के 20 फीसदी पुलिसकर्मी मानते हैं कि जनता में भय पैदा करना 'बहुत जरूरी' है, और वहीं 35 फीसदी पुलिसकर्मी इसे 'काफी हद तक जरूरी' मानते हैं।

### न्याय सत्याग्रह से गरमाई सियासत: कांग्रेस विधायकों के तीखे तेवर, भाजपा ने किया पलटवार

# कांग्रेस विधायक के बिगड़े बोल कहा- जो हिजड़े थे वे संघ में गए

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** अशोकनगर में मंगलवार को कांग्रेस के 'न्याय सत्याग्रह' ने सियासी हलकों में जबरदस्त हलचल मचा दी है। यह विरोध प्रदर्शन कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर के विरोध में किया गया था। लेकिन शांतिपूर्ण प्रदर्शन के विपरीत, सत्याग्रह में न केवल कांग्रेस विधायकों और पुलिस के बीच तीखी झड़पें देखने को मिलीं, बल्कि मंच से विवादित बयानों की बौछार ने राजनीतिक पारा और भी चढ़ा दिया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस विधायक ने संघ पर निशाना साधते हुए कहा कि 'जो मर्द थे वो जंग में गए, जो हिजड़े थे, वो संघ में चले गए।'

कांग्रेस विधायक महेश परमार और पंकज उपाध्याय को पुलिस ने रोका, जिस पर उनका पुलिसकर्मियों से विवाद हो गया। इस बहस के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी खुद समर्थकों के वाहनों को छुड़वाते हुए नजर आए। परमार ने एक पुलिसकर्मी की नेमप्लेट पढ़कर तंज कसा– 'धाकड़ हो, तो धाकड़ जैसा काम करो।' इस घटनाक्रम ने सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव तेज कर दिया है। कांग्रेस इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बता रही है, वहीं भाजपा इसे 'चोरी और सीनाजोरी' करार दे रही है।






हम संविधान के तहत शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने आए थे, कोई अपराध नहीं किया। फिर हमें क्यों रोका जा रहा है? क्या अब लोकतंत्र में आवाज उठाना भी अपराध है?
**- उमंग सिंघार**
नेता प्रतिपक्ष

### आरएसएस पर आपत्तिजनक टिप्पणी, अफसरों को खुले मंच से धमकी





ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा सीट से विधायक साहब सिंह गुर्जर ने मंच से आरएसएस पर अपमानजनक टिप्पणी कर दी। वायरल वीडियो में वे कहते नजर आते हैं, 'जो मर्द थे वो जंग में गए, जो हिजड़े थे, वो संघ में चले गए।' इस पर भाजपा हमलावर हो गई है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व ने इस पर चुप्पी साध रखी है। इसके बाद फूल सिंह बरैया ने मंच से अधिकारियों को खुली धमकी देते हुए कहा, अगर कलेक्टर दलित या ओबीसी होते, तो पटवारी पर एफआईआर न होती। चूंकि कलेक्टर सवर्ण हैं, इसलिए ऐसा किया गया। जो अधिकारी भाजपा के इशारे पर परेशान कर रहे हैं, उनके खिलाफ सरकार बनने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा का पलटवार: कांग्रेस का संघ विरोध राजनीतिक कुंठा का प्रतीक



कांग्रेस विधायकों के बयानों को लेकर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने एक्स पर लिखा, 'जो राष्ट्रवादी थे वे संघ में गए, और जो दोगले थे वे कांग्रेस में। संघ ने देश को जोड़ा, कांग्रेस ने सत्ता के लिए उसे तोड़ा।' अग्रवाल ने कांग्रेस के संघ विरोध को 'राजनीतिक कुंठा का प्रतीक' बताया और कहा, '1948 में गांधी हत्या के बहाने संघ पर प्रतिबंध, 1975 में इमरजेंसी में हजारों स्वयंसेवकों को जेल में डालना, और अब बार-बार फासीवादी और आतंकी ठहराने की कोशिश, ये सब कांग्रेस की संघद्वेष की मानसिकता दर्शाता है।' उन्होंने राहुल गांधी के पुराने बयानों को भी निशाने पर लिया, जिसमें उन्होंने आरएसएस की तुलना आईएसआईएस से की थी।

# दुनियां की सबसे बुजुर्ग हथिनी वत्सला का निधन




**100 वर्ष के अधिक हो चुकी थी उम्र, पन्ना टाइगर रिजर्व में शोक**

**जागरण, पन्ना।** पन्ना टाईगर रिजर्व में आने वाले पर्यटक व वन्य जीव प्रेमी दुनिया की सबसे बुजुर्ग हथिनी वत्सला का दीदार अब नहीं हो पायेगा। मंगलवार दोपहर म.प्र. के पन्ना टाइगर रिजर्व के हिनौता हांथी कैम्प के निकट उसका निधन हो गया। पन्ना टाइगर रिजर्व के वन्य प्राणी चिकित्सक डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि हिनौता हाथी कैम्प के पास एक नरिया में वत्सला गिर गई थी, जो फिर उठ नहीं पाई। सौ वर्ष से भी अधिक उम्र की इस हथिनी की मौत से पन्ना टाइगर रिजर्व में जहाँ शोक का माहौल है वहीं वन्य जीव प्रेमी सहित पन्ना जिले के लोग भी दुखी हैं।शतायु पार कर चुकी हथिनी वत्सला की कहानी बेहद दिलचस्प तथा रहस्य व रोमांच से परिपूर्ण है। वत्सला मूलतः केरल के नीलांबुर फॉरेस्ट डिवीजन में पली-बढ़ी है। इसका प्रारंभिक जीवन नीलांबुर वन मंडल (केरल) में वनोपज परिवहन का कार्य करते हुए व्यतीत हुआ। इस हथिनी को 1971 में केरल से होशंगाबाद मध्यप्रदेश लाया गया, उस समय वत्सला की उम्र 50 वर्ष से अधिक थी। वत्सला को वर्ष 1993 में होशंगाबाद के बोरी अभ्यारण्य से पन्ना राष्ट्रीय उद्यान लाया गया, तभी से यह हथिनी यहां की पहचान बनी हुई है। विशेष गौरतलब बात यह है कि वत्सला की अधिक उम्र व सेहत को देखते हुए वर्ष 2003 में उसे रिटायर कर कार्य मुक्त कर दिया गया था। तब से किसी कार्य में उसका उपयोग नहीं किया गया। वत्सला का पाचन तंत्र भी कमजोर हो चुका था, इसलिए उसे विशेष भोजन दिया जाता रहा है। फरवरी वर्ष 2020 में वत्सला की दोनों आंखों में ■ शेष पृष्ठ 7 पर

# बागेश्वरधाम आई श्रद्धालु की दीवार गिरने से मौत

**जागरण, खजुराहो।** प्रदेश के छतरपुर के गढ़ा गांव स्थित बागेश्वर धाम में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब तीन बजे ढाबे की दीवार ढह गई। मलबे में दबने से उत्तर प्रदेश निवासी महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 घायल हुए हैं। इनमें 9 लोग उत्तर प्रदेश, एक उत्तराखंड जबकि दो पश्चिम बंगाल के हैं। 4 घायलों को ग्वालियर रेफर किया है। महिला की पहचान अनीता देवी खरवार (40) पत्नी राजू के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के अदलहाट गांव की रहने वाली थी। वहीं कथा वाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपने अनुयायियों से बागेश्वर धाम नहीं आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर सभी भक्त घर पर रहकर ही पूजा करें।



महिला के परिजन ने बताया- 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा है। इस मौके पर सभी लोग बागेश्वर धाम में दर्शन करने आए हैं। रात को ढाबे में सोए थे। इसी दौरान अचानक दीवार भरभराकर हमारे ऊपर आ गिरी।

### रायपुर जा रही फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**जागरण, इंदौर।** मंगलवार को सुबह इंदौर से रायपुर जा रही इंडिगो की फ्लाइट में उड़ान भरने के आधे घंटे बाद तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते इंदौर से रायपुर के लिए टेक ऑफ करने वाली फ्लाइट की वापस इंदौर में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसके बाद फ्लाइट रद्द कर दी गई और संबंधित एयरलाइंस ने यात्रियों के लिए अन्य फ्लाइट की व्यवस्था की। देवी अहिल्या अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के डायरेक्टर विपिन कांत सेठ ने बताया कि मंगलवार सुबह रायपुर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट टेकऑफ के बाद 60 से 70 नॉटिकल हाइट तक पहुंची, लेकिन इसके बाद विमान में तकनीकी खराबी आने से वापस एयरपोर्ट पर उतरना पड़ा। उन्होंने बताया पायलट ने सुरक्षा मापदंडों के अनुरूप फ्लाइट लैंड कराई।

# सैद्धांतिक मंजूरी: सिंहस्थ से पहले उज्जैन को मिलेगा आकाशवाणी केंद्र: मुख्यमंत्री

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली प्रवास के दौरान एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि उज्जैन में आकाशवाणी केंद्र खोलने की प्रक्रिया को सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय बेहद आवश्यक था, ताकि उज्जैन की सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों को राष्ट्रीय स्तर पर उचित मंच मिल सके।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन से इस विषय में सकारात्मक चर्चा हुई, जिसके बाद केंद्र सरकार ने उज्जैन में आकाशवाणी स्टूडियो स्थापित करने के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की है। जब तक नया स्टूडियो तैयार नहीं हो जाता, तब तक उज्जैन के कार्यक्रम आकाशवाणी इंदौर केंद्र के माध्यम से प्रसारित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश के साथ मिलकर 2,000 मेगावॉट क्षमता का एक साझा सौर ऊर्जा पार्क स्थापित करने की योजना पर भी चर्चा हुई है। इस सिलसिले में उन्होंने केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद पटेल से मुलाकात कर विस्तार से चर्चा की।

### प्रदेश बना सौर ऊर्जा में अग्रणी, किसानों को मिलेगा लाभ



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर प्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा उपलब्धियों पर भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सस्ती सौर ऊर्जा उपलब्ध कराने वाला राज्य बन चुका है। यहां से उत्पादित ऊर्जा से दिल्ली मेट्रो तक संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 32 लाख किसानों को सोलर पंप उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है, जिससे किसानों को ऊर्जा आत्मनिर्भरता मिलेगी और सरकार पर 18,000 करोड़ रुपए की सब्सिडी का बोझ भी कम होगा।

**पहली बार** | बैंगलुरु की टीम ने मुंबई और चेन्नई को पछाड़ा, आईपीएल की कुल वैल्यू पहुंची 1.56 लाख करोड़ के पार

# आरसीबी बनी आईपीएल की सबसे वैल्यूएबल टीम

**मुंबई, जेएनएन।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का समापन जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ऐतिहासिक पहली खिताबी जीत के साथ हुआ, वहीं इसके आर्थिक असर ने भी सभी को चौंका दिया है। इस सीजन की समाप्ति पर जारी हुलिहान लोकी की रिपोर्ट के मुताबिक, आरसीबी अब आईपीएल की सबसे वैल्यूएबल फ्रेंचाइजी बन चुकी है। इसके साथ ही लीग की कुल बिजनेस वैल्यू 1.56 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई है, जो पिछले साल के मुकाबले 12.9 फीसदी अधिक है।

आरसीबी की ब्रांड वैल्यू इस साल 227 मिलियन डॉलर (1,946 करोड़ रुपए) से बढ़कर 269 मिलियन डॉलर (2,307 करोड़ रुपए) हो गई है। फाइनल जीतने और विराट कोहली, फाफ डुप्लेसिस जैसे सितारों की लोकप्रियता ने इस ग्रोथ को मजबूती दी है। ब्रांड वैल्यू में मुंबई इंडियंस अब दूसरे नंबर पर है जिसकी वैल्यू 242 मिलियन डॉलर (2,075 करोड़ रुपए) और चेन्नई सुपर किंग्स तीसरे नंबर पर है, जिसकी वैल्यू 235 मिलियन डॉलर (2,015 करोड़ रुपए) दर्ज की गई।

आईपीएल 2025 में भले ही पंजाब किंग्स खिताब नहीं जीत सकी, लेकिन फाइनल तक पहुंचने और बड़े सितारों को खरीदने की रणनीति ने उन्हें ब्रांड वैल्यू ग्रोथ के मामले में सबसे आगे कर दिया। टीम की वैल्यू 39.6 फीसदी बढ़कर 141 मिलियन डॉलर (1,208 करोड़ रुपए) हो गई है। डिजिटल फैन एंगेजमेंट और मार्केटिंग रणनीतियों ने भी इस उछाल में योगदान दिया।

कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद की ब्रांड वैल्यू में भी सकारात्मक ग्रोथ देखी गई, जिससे ये दोनों फ्रेंचाइजियां टॉप-5 वैल्यूएबल टीमों में बनी हुई हैं।

### आईपीएल-2025 कमाई के मुख्य स्रोत

| | |
|---|---|
| 5000 | करोड़ रुपए की आमदनी हुई स्पॉन्सरशिप और विज्ञापन से। 2024 से 50 फीसदी ज्यादा |
| 1485 | करोड़ जुटाए बीसीसीआई और माई सर्किल ने एंजल वन, रूपे सीएट जैसे ब्रांड्स से डील करके |
| 2500 | करोड़ में रिन्यू किया टाटा ग्रुप ने आईपीएल की टाइटल स्पॉन्सरशिप को |

### फाइनल में बना व्यूअरशिप का रिकॉर्ड




3 जून 2025 को आरसीबी और पंजाब किंग्स के बीच खेले गए फाइनल को 67.8 करोड़ लोगों ने देखा, जो किसी भी टी20 मैच के लिए नया रिकॉर्ड है। इससे पहले, फरवरी 2025 में भारत-पाकिस्तान टी20 मैच को 60 करोड़ दर्शकों ने देखा था। इस तरह, आईपीएल फाइनल ने इंटरनेशनल मैचों को भी पीछे छोड़ दिया।

### आईपीएल की ब्रांड वैल्यू 33 हजार करोड़ रुपए के पार

हुलिहान लोकी की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में आईपीएल की खुद की ब्रांड वैल्यू भी 13.8 फीसदी की बढ़त के साथ 3.9 बिलियन डॉलर (करीब 33,000 करोड़ रुपए) तक पहुंच गई है। इसका मुख्य कारण रहा विज्ञापनदाताओं की भारी दिलचस्पी, डिजिटल व्यूअरशिप में उछाल, और फ्रेंचाइजियों की नई-नई कमाई के स्रोत।

### डिजिटल युग में आईपीएल की नई छलांग, बना वैश्विक ब्रांड

आईपीएल की वैश्विक अपील अब सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रही। पंजाब किंग्स जैसी फ्रेंचाइजियों ने अब कैरेबियन प्रीमियर लीग में भी टीमें खरीदनी शुरू कर दी हैं। इससे आईपीएल की पहचान एक वैश्विक क्रिकेट ब्रांड के रूप में हो रही है।

### कब तक तैयार होगी एयर इंडिया हादसे पर रिपोर्ट?

# संसदीय समिति के सदस्यों ने उठाए डीजीसीए पर सवाल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हवाई यात्रा से संबंधित संसदीय समिति ने मंगलवार को नागर विमानन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, एयरलाइन और हवाई अड्डा प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। इस दौरान कई सांसदों ने एयर इंडिया विमान दुर्घटना के संबंध में सवाल किए। साथ ही समिति ने पूछा कि इसपर रिपोर्ट कब तक तैयार होगी। गौरतलब है कि पिछले दो महीनों में तकनीकी खराबी के कारण उड़ानों को रद्द करने या डायवर्ट करने की कई घटनाएं सामने आई हैं।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल की अध्यक्षता वाली लोक लेखा समिति ने वरिष्ठ अधिकारियों और एयरलाइन प्रतिनिधियों के साथ बैठक की है। इस बैठक में एयर इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक एमडी कैंपबेल विल्सन समेत शीर्ष प्रतिनिधि मौजूद थे।



फाइल फोटो

### इन मुद्दों पर हुई बातचीत

- कुछ सदस्यों ने नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से ऑडिट की मांग भी की।
- सांसदों ने मई और जून में सुरक्षा चूक की कई घटनाओं को भी उठाया।
- सांसदों ने डीजीसीए की कार्यप्रणाली पर भी नाराजगी जाहिर की। डीजीसीए एयरलाइनों के मानक सुनिश्चित करता है।
- समिति के कई सदस्यों ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद श्रीनगर की उड़ानों के लिए हवाई किराए में अचानक वृद्धि पर चिंता व्यक्त की।

# कमिश्नर और आईजी व अन्य अधिकारियों ने पुलिस लाइन में किया पौधरोपण

## नगर निगम के सहयोग से पुलिस लाइन में रोपे 5 हजार पौधे



जागरण, रीवा

जिले भर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर निगम द्वारा पुलिस लाइन में वृहद पौधारोपण किया गया। अभियान का शुभारंभ करते हुए कमिश्नर बीएस जामोद तथा आईजी गौरव राजपूत ने पौधे रोपित किए। नगर निगम तथा पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से पुलिस लाइन और पुलिस परेड ग्राउंड में 5 हजार पौधे रोपित किए। इस अवसर पर डीआईजी राजेश सिंह, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, पुलिस विभाग की टीम तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी पौधे रोपित किए। इस अवसर पर कमिश्नर श्री जामोद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हम सबके स्वास्थ्य की रक्षा के लिए हरियाली आवश्यक है। पेड़-पौधों से हमें जीवनदायिनी वायु मिलती है। मानव का जीवन भी पेड़-पौधों पर ही निर्भर है। हम लगातार पौधारोपण करके धरती माता को हरा-भरा बनाने का प्रयास करें। हरा-भरा वातावरण सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ हमारे भावी पीढ़ी के जीवन की सुरक्षा भी करेगा। नगर निगम ने सराहनीय प्रयास करके एक ही दिन में पाँच हजार पौधे रोपित किए हैं। सामाजिक संगठनों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं को भी एक पेड़ माँ के नाम अभियान में शामिल करें। सबके सहयोग से ही शहर को हरा-भरा बनाने का प्रयास सफल होगा। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक श्री राजपूत ने कहा कि पौधारोपण को त्यौहार की तरह मनाना चाहिए। हरियाली महोत्सव पर्यावरण की सुरक्षा और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। हर व्यक्ति कम से कम दो पौधे रोपित करके इसमें अपना योगदान दे। रोपित पौधों की सुरक्षा का भी पूरा प्रबंध करें। एक पेड़ माँ के नाम अभियान हमें पूर्वजों को याद करके पौधारोपण के माध्यम से उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने का संदेश देता है। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम डॉ सोनवणे ने कहा कि पूरे शहर में कार्ययोजना बनाकर पौधे रोपित किए जा रहे हैं। पौधों को विशेष तकनीक से अलग-अलग प्रजातियों में क्रमबद्ध रूप से लगाया जा रहा है, जिससे उनमें वृद्धि दर तेज रहे।

# जब नारी शक्ति शिक्षित होगी तभी समाज का विकास संभव होगा

**जागरण, रीवा।** नामदेव समाज द्वारा संत शिरोमणि नामदेव महाराज की आरती एवं विचार गोष्ठी विवेक नामदेव के निज निवास में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत संत शिरोमणि नामदेव महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर किया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी श्रवण नामदेव ने की। समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों ने समाज के विकास और संगठन को मजबूत करने सत्ता शासन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने, विकास की मुख्य धारा में जुड़ने और राष्ट्र की मुख्य धारा में समाहित होने के लिए समाज को एकीकरण करने तथा नामदेव समाज की सामाजिक दिशा और दशा पर चर्चा हुई। इसी क्रम में वरिष्ठ समाज सेवी जमुना प्रसाद नामदेव ने संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुट होने पर एकजुट होने पर बल दिया। वरिष्ठ समाजसेवी राकेश नामदेव ने संत नामदेव की आरती का कार्यक्रम पूरे जिले में निरंतर चलने की बात कही। वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र नामदेव अपने उद्बोधन में संगठित कोष स्थापित करने की बात कही, ताकि जरूरतमंद लोगों को सहायता दी जा सके।

# साइबर अपराध के प्रति सतर्कता ही सुरक्षा का उपाय : भदौरिया

**जागरण, रीवा।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा बढ़ते साइबर अपराध के प्रति जागरुकता, विधिक साक्षरता एवं नारी सुरक्षा विषय पर सौदामिनी नर्सिंग कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, विशेषकर छात्राओं को उपभोक्ता अधिकारों, महिलाओं अधिकारों हेतु उपलब्ध कानून उनके उद्देश्य, बढ़ते साइबर अपराध एवं डिजिटल अरेस्ट से सुरक्षा के उपाय सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी देना एवं जागरुकता का प्रचार -प्रसार रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया।


## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सं0 : JHSW-MNP-25-10 दिनांक : 05.07.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य कारखाना प्रबंधक वैगन रिपेयर झाँसी, उत्तर मध्य रेलवे के द्वारा वैगन रिपेयर कारखाना झाँसी में निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन (ई-टेंडर) आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम :** झाँसी वर्कशॉप के एनटीएसडब्ल्यू शेड के 02 नवनिर्मित 'वे' में ऑक्सीजन पाइप लाइन की स्थापना।

**अनुमानित लागत : रू.** 22,85,719/- (रूपये बाईस लाख पिच्यासी हजार सात सौ उन्नीस केवल)

**धरोहर राशि : रू.** 45,700/- (रुपये पैतालीस सात सौ केवल)

**कार्य पूर्ण होने की अवधि :** 06 माह

**निविदा बन्द होने की तिथि :** 01.08.2025 समय 15:00 बजे

1: निविदा की सम्पूर्ण जानकारी के लिए भारतीय रेलवे की ई-टेंडर बेवसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1181/25(AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज (म0प्र0)

निविदा सूचना क्रं0 06 /ब0ले0लि0/का0यं0/लो0स्वा0यॉ0/2025-26 मऊगंज, दिनांक 04.07.2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना**

(1) निम्नलिखित कार्यो हेतु **ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑन लाइन निविदायें** एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन एवं अन्य कार्य से संबंधित दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा ऑन लाइन टेण्डर प्रक्रिया के तहत आमंत्रित की जाती है।
ऑन लाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक 07.07.2025 डाक्यूमेन्ट डाउन लोड/टेण्डर फार्म क्रय प्रारम्भ तिथि 07.07.2025 टेण्डर फार्म क्रय की अंतिम तिथि 21.07.2025 बिड सबमिशन प्रारम्भ का दिनांक 07.07.2025 एवं बिड सबमिशन का अंतिम तिथि 21.07.2025 को सायं 5.30 बजे तक निर्धारित हैं। Manadatory 'A' & Financial bid Open का दिनांक 23.07.2025 को अपरान्ह 3.30 बजे निर्धारित है।

(2) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेवसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।

(3) निविदाएँ, निर्धारित तिथि दिनांक 23.07.2025 को खोली जावेंगी।

(4) कार्य का विवरण :-
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज अन्तर्गत विभिन्न विकासखण्ड हनुमना के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ट्यूबवेल पर आधारित रेट्रोफिटेड पाइप जलापूर्ति का निर्माण, निष्पादन, आर.सी.सी. टंकी (OHT) सम्पवेल, का निर्माण, सम्पवेल, सबमर्सिबल मोटर पंप की स्थापना, 90 दिवस के ट्रायल रन एवं कमिशनिंग आदि समस्त कार्य सामग्री एवं लेबर सहित।

| ई- टेण्डर नं0 | योजना का नाम | विकास खण्ड | कार्य की अनु0 लागत (रू0 लाख में) | प्रतिभूति राशि रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2025_PHED_434846_1 | चंदेह, कोलहा, चरैया, दुर्रिहा, राजाधौ, बधैया, बधैला, रमकुड़वा एवं टढहर | हनुमना | 452.94 | 452940.00 | 15000.00 | 09 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 2025_PHED_434847_1 | झरी, पटेहरा बस्तीबानी, प्रतापगंज, ढाबा गौतमान, तेंदुआ बेलान एवं धौसड़ | हनुमना | 237.89 | 237890.00 | 15000.00 | 09 माह (वर्षा ऋतु सहित) |

निविदा सूचना से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय वेवसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।

कार्यपालनय यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)

जी-15333/25


# फल का ठेला लगाने वाले का बेटा बना चार्टेड अकाउंटेट



**जागरण, रीवा।** रीवा शहर के एक ठेला व्यापारी का बेटा चार्टेड अकाउंटेट बन गया। अभी हाल में आए सीए अंतिम वर्ष की परीक्षा परिणाम में उसने यह उपलब्धि हासिल की है। ठेला व्यवसायी राम खेलावन गुप्ता के बेटे पंकज ने सीए अंतिम वर्ष की परीक्ष उत्तीर्ण कर न केवल अपने परिवार अपितु जिले का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि पंकज गुप्ता के पिता रामखेलावन गुप्ता शहर में फल का ठेला लगाते हैं। पंकज बताते हैं कि अपने पिता के त्याग और परिश्रम ने इन्हें सीए बनने के लिए प्रेरित किया। पंकज ने अपनी सीए की पढ़ाई एएस फाउंडेशन से की है। पंकज ने इस सफलता का श्रेय अपने पिता रामखेलावन गुप्ता, माता माया गुप्ता तथा भाई अशोक गुप्ता, भाभी मधु गुप्ता को दिया है। पंकज की इस उपलब्धि पर उनके तमाम शुभ चिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है।


## कार्यालय नगर परिषद गुढ़ जिला- रीवा (म.प्र.)

Office of The Nagar Parishad Gurh Dist. Rewa (M.P.)

Address:- Ward No.-12 Gurh Dist.- Rewa (M.P.) Pin No. 486553 Email: cmogudh@mpurban.gov.in

क्र. 1033/(E.T.)/न.परि./2025 गुढ़ दिनांक 08.07.2025

**//ई-निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_435669_1 दिनांक-08.07.2025 | CONSTRUCTION OF BALANCE WORK OF SANSKRITIK BHAVAN CM INFRA 3rd FACE NAGAR PARISHAD GURH IN FINANCIAL YEAR 2025-26. | 1-6 माह वर्षाकाल सहित 2-4104961.00 | 1-5000.00 2-30787.00 | 23.07.2025 |

नोट: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाइड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिक अधिकारी
नगर परिषद गुढ़
जिला-रीवा (म.प्र.)

## फ्लेक्स एवं विनायल मुद्रण/एल.डी.फॉम (पी.वी.सी.) पोस्टर/बेनर /केलेण्डर/ एवं ऑटो रिक्शा के पीछे प्रचार कार्य के लिए पैनलबद्धता एवं दर प्रस्ताव

**ई-टेण्डर सूचना**

**जनसंपर्क संचालनालय म.प्र. शासन**

**(क्षेत्रप्रचार प्रभाग)**

**टैगोर मार्ग, बाणगंगा, भोपाल म.प्र.**

**:: फ्लेक्स एवं विनायल मुद्रण/एल.डी.फॉम (पी.वी.सी.) पोस्टर/बेनर /केलेण्डर/ एवं ऑटो रिक्शा के पीछे प्रचार कार्य के लिए पैनलबद्धता हेतु न्यूनतम दर प्रस्ताव आमंत्रण ::**

राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और विकास योजनाओं के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से आऊटडोर पब्लिसिटी के लिए कार्यरत सुदृढ़ वित्तीय स्थिति, सुदीर्घ अनुभवी, प्रतिष्ठित प्रचार-प्रसार पंजीकृत एजेंसियों और फर्म्स के Empanelment के लिए www.mptenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। फ्लेक्स एवं विनायल मुद्रण,एल.डी. फॉम बैनर/पोस्टर(केलेण्डर), ऑटो रिक्शा के पीछे प्रचार कार्य हेतु पैनलबद्धता एवं दर प्रस्ताव के लिए निविदा प्रपत्र शुल्क एवं ई.एम.डी का भुगतान केवल ऑनलाईन मोड के माध्यम से किया जायेगा।

| कार्य | आवेदन शुल्क | ई.एम.डी | टर्नओवर |
|---|---|---|---|
| फ्लेक्स एवं विनायल मुद्रण, एल.डी. फॉम बैनर/पोस्टर(केलेण्डर), ऑटो रिक्शा के पीछे प्रचार | रूपये 2,500/- | रूपये 8,00,000/- | विगत 03 वर्ष का कुल टर्न ओवर 3.00 करोड़ रुपये (2022-23, 2023-24 एवं 2024-25) |

दर प्रस्ताव ऑनलाईन मोड के माध्यम से 04/08/2025 तक अपरान्ह 3.00 PM तक स्वीकार किये जायेंगे और 06/08/2025 को 5:00 PM को प्रोपराईटर या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोले जायेंगे। निर्धारित समय के बाद प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी दर प्रस्ताव को बिना कारण बताये स्वीकार करने या अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त, जनसंपर्क के पास सुरक्षित रहेगा। इस संबंध में आयुक्त, जनसंपर्क का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। दर प्रस्तावों से संबंधित वाद-विवाद के मामलों में न्याय क्षेत्र जिला न्यायालय भोपाल रहेगा। विज्ञापन www.mpinfo.org और www.mptenders.gov.in वेबसाईटों पर भी उपलब्ध है। किसी भी तकनीकी समस्या के लिए टोल-फ्री नंबर 120-4001002, 1204200462 आफिस नंबर - 0755-4096293 पर संपर्क करें।

आयुक्त,
जनसंपर्क, मध्यप्रदेश

जी-15353/25


# मेधावी छात्रों के साथ 85 वर्षीय आजीवन सदस्यों का होगा सम्मान



## आजीवन सदस्यों का जिला सम्मेलन 27 जुलाई को

**जागरण, रीवा।** जिले में निवासरत वैश्य महासम्मेलन के आजीवन सदस्यों का एक दिवसीय परिचय सम्मेलन आगामी 27 जुलाई रविवार को कृष्णा राजकपूर ऑडोटोरियम के सभागार में आयोजित किया गया है जिसमें जिले में निवासरत विभिन्न वैश्य घटकों के परिवारों का परिचय होगा वहीं दूसरी ओर वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों का सम्मान किया जाएगा साथ ही 85 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले आजीवन सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी वैश्य महासम्मेलन की महिला इकाई की संभागीय अध्यक्ष गायत्री गुप्ता ने रायपुर कर्चुलियान में वैश्य महासम्मेलन की तहसील इकाई द्वारा आयोजित बैठक में प्रदान की। बैठक की अध्यक्षता महिला इकाई की जिलाध्यक्ष नीलम चौरसिया ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला मीडिया प्रभारी सुरेश विश्नोई तथा महिला इकाई रीवा की नगर अध्यक्ष रश्मि पुरवार उपस्थित रहीं।


## कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)

## चतुर्थ वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2025-26

केन्द्रीय जेल रीवा में परिरुध्द बंदियों के उपयोग हेतु वर्ष 2025-26 के लिये शेष सामग्री खाद्यान, सब्जी / फल क्रय करने हेतु चतुर्थ वार्षिक ई-निविदा www.mptenders.gov.in पर दिनांक- 13/07/2025 को सायं 05:00 तक आमंत्रित की जाती है । इच्छुक व्यापारीगण ई- निविदा फार्म एवं ई- निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है: -

| क्र. | विवरण | दिनांक/ समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री- बिड मीटिंग | 09/07/2025 प्रात: 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०) |
| 2. | ई- निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 18/07/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 3. | ई- निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 19/07/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 4. | सेम्पल जमा करने की अंतिम तिथि | 19/07/2025 सायं 05:00 बजे तक | केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०) |
| 5. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 21/07/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 6. | वित्तीय ई- निविदा खोलने की तिथि | 23/07/2025 सायं 05:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |

नोट:-
1. ई-निविदा संबंधित समस्त कार्यवाही केन्द्रीय जेल रीवा द्वारा की जावेगी।
2. व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि ई- निविदा के नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है ।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)

जी-15304/25

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, भवन/सड़क संभाग शहडोल (म.प्र.)

निविदा सूचना 04/एस0ए0सी0निविदा/वर्ष 2025-26/ शहडोल, दिनांक 07/07/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर कमांक | जिला | निविदा आमंत्रण | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (लाख में) | ई0एम0डी0 की राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_435375_1 | शहडोल | प्रथम | उपसंभाग शहडोल के अन्तर्गत कार्टिंग एवं मटेरियल सप्लाई का कार्य (मैक्स फाल्ट, मेटल, मुरूम, फ्यूल, वुड एवं अन्य सामग्री)। | 10.99 | 21980/- | 2000/- | 31.03.2026 तक |
| 2 | 2025_PWDRB_435423_1 | शहडोल | प्रथम | उपसंभाग शहडोल के अन्तर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वाटर प्रूफिंग ट्रीटमेन्ट का कार्य। | 15.00 | 30000/- | 2000/- | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2025_PWDRB_435436_1 | शहडोल | प्रथम | उपसंभाग ब्यौहारी के अन्तर्गत जयसिंहनगर सेक्शन के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वाटर प्रूफिंग ट्रीटमेन्ट का कार्य। | 9.79 | 19580/- | 2000/- | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | 2025_PWDRB_435438_1 | शहडोल | प्रथम | उपसंभाग ब्यौहारी के अन्तर्गत ब्यौहारी सेक्शन के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वाटर प्रूफिंग ट्रीटमेन्ट का कार्य। | 9.79 | 19580/- | 2000/- | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | 2025_PWDRB_435442_1 | शहडोल | प्रथम | उपसंभाग शहडोल के अन्तर्गत रेस्ट हाउस सेक्शन के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं एमओडब्ल्यू का कार्य। | 10.02 | 20040/- | 2000/- | 31.03.2026 तक |
| 6 | 2025_PWDRB_435455_1 | शहडोल | प्रथम | उपसंभाग शहडोल के अन्तर्गत बुढ़ार सेक्शन के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं एमओडब्ल्यू का कार्य। | 10.02 | 20040/- | 2000/- | 31.03.2026 तक |
| 7 | 2025_PWDRB_435470_1 | शहडोल | प्रथम | उपसंभाग शहडोल के अन्तर्गत जैतपुर सेक्शन के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं एमओडब्ल्यू का कार्य। | 10.02 | 20040/- | 2000/- | 31.03.2026 तक |
| 8 | 2025_PWDRB_435498_1 | शहडोल | प्रथम | उपसंभाग शहडोल के अन्तर्गत सर्किट हाउस सेक्शन के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं एमओडब्ल्यू का कार्य। | 10.02 | 20040/- | 2000/- | 31.03.2026 तक |
| 9 | 2025_PWDRB_435512_1 | शहडोल | प्रथम | उपसंभाग शहडोल के अन्तर्गत पाण्डवनगर सेक्शन के आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं एमओडब्ल्यू का कार्य। | 10.02 | 20040/- | 2000/- | 31.03.2026 तक |

ऑनलाईन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्य करने का समय दिनांक 07.07.2025 सुबह 10:30 से अन्तिम दिनांक 18.07.2025 शाम 17:30 तक एवं निविदा डाउनलोड करने का समय दिनांक 07.07.2025 सुबह 10:30 से अन्तिम दिनांक 18.07.2025 शाम 17:30 तक है।

टीपः- निविदाकारों का लोक निर्माण विभाग (भ/स) मे पंजीयन अनिवार्य है।
निविदाकारों का पैन कार्ड आधार कार्ड से लिंक होना अनिवार्य है।
मूल शपथ पत्र निविदा खुलने की दिनांक के पूर्व कार्यालय मे प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
शहडोल संभाग शहडोल (म0प्र0)

जी-15337/25

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. वि./यां.संभाग रीवा

क्रमाक/ 4360 /कार्य/निविदा/2025-26 रीवा, दिनांक 04/07/2025
नविदा क्र0 D- 18/2025-26 रीवा, दिनांक 04/07/2025

**निविदा आमंत्रण - सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन-लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। आमंत्रित निविदा का संक्षिप्त विवरण।

| क्र. | टेंडर आई.डी. क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की अनुमानित राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_435314_1 | सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल रीवा में लिफ्ट का संचालन का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | एक साल | 'अ' श्रेणी या उच्च विद्युत ठेकेदार | 1923870.00 | 2000.00 | 38477.00 |
| 2 | 2025_PWDRB_435315_1 | गाँधी स्मारक चिकित्सालय, चिकित्सा महाविद्यालय, ओ.पी.डी., समस्त छात्रावास आवासीय भवन तथा जी.एम.एच. का 33 के.व्ही. सब स्टेशन का संचालन एवं संधारण (बिना सामग्री के) का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | एक साल | 'अ' श्रेणी या उच्च विद्युत ठेकेदार | 1114240.00 | 2000.00 | 22285.00 |
| 3 | 2025_PWDRB_435316_1 | एस.एस. मेडिकल कालेज के संजय गांधी स्मृति चिकित्सा भवन रीवा में केंद्रीय एयर कंडीशनिंग संयंत्र का संचालन एवं संधारण का कार्य | प्रथम आमंत्रण | एक साल | 'अ' श्रेणी या उच्च विद्युत ठेकेदार | 2765806.00 | 5000.00 | 50000.00 |
| 4 | 2025_PWDRB_435317_1 | संजय गांधी स्मृति चिकित्सा भवन रीवा में आन्तरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण, 33के.व्ही. सब स्टेशन 1500 के.व्ही.ए. X2 ट्रांसफार्मर एवं 3X500 के.व्ही.ए. डी.जी. सेट का संचालन एवं संधारण का कार्य | प्रथम आमंत्रण | एक साल | 'अ' श्रेणी या उच्च विद्युत ठेकेदार | 5656028.00 | 10000.00 | 56560.00 |
| 5 | 2025_PWDRB_435318_1 | संजय गांधी स्मृति चिकित्सा भवन रीवा में चार नग लिफ्ट दो पाली एवं दो नग लिफ्ट एक पाली (800 Beded)का संचालन का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | एक साल | 'अ' श्रेणी या उच्च विद्युत ठेकेदार | 2238005.00 | 5000.00 | 50000.00 |
| 6 | 2025_PWDRB_435319_1 | सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल रीवा में एच.वी.ए.सी. सिस्टम का संचालन एवं संधारण का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | एक साल | 'अ' श्रेणी या उच्च विद्युत ठेकेदार | 2727392.00 | 5000.00 | 50000.00 |
| 7 | 2025_PWDRB_435320_1 | सुपर स्पेशलिटी रीवा में आन्तरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण के अन्तर्गत स्ट्रीट लाईट, 33के.व्ही. सब स्टेशन,डी. जी. सेट ट्रांसफार्मर एवं सभी एच.टी. एल.टी. पैनल सिस्टम का संचालन एवं संधारण का कार्य | प्रथम आमंत्रण | एक साल | 'अ' श्रेणी या उच्च विद्युत ठेकेदार | 4650187.00 | 5000.00 | 50000.00 |

निविदा फार्म online भुगतान कर 18/07/2025 को शाम 5:30 तक क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। जिसे अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार का संसोधन समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा केवल वेबसाइड पर अपलोड किया जायेगा।

निविदा दिनांक- 21/07/2025 को खोली जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.)
विभाग रीवा (म.प्र.)

जी-15338/25


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

# शासकीय भूमि में अतिक्रमण पर नहीं होती कार्रवाई

जागरण अतिक्रमण

## अतिक्रमणकारियों ने निगली नदियों की सैकड़ों एकड़ भूमि

## सीएम राइज एवं पीएमश्री के कई एकड़ भूमि में अतिक्रमण



जागरण, सीधी

शासकीय भूमि में अतिक्रमण पर कार्रवाई करने को लेकर राजस्व विभाग कतई गंभीर नहीं है। लिहाजा दशकों से जिला मुख्यालय में स्थित शासकीय भूमियों पर अवैध कब्जा हो चुका है। अतिक्रमणकारियों ने हिरन नदी एवं सूखा नदी तट की भूमि को भी अतिक्रमण कर नदी को नाला में तब्दील कर दिया है। वहीं पीएमश्री संजय गांधी महाविद्यालय सीधी एवं सीएम राइज कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी की कई एकड़ भूमि पर भी वर्षों से अवैध कब्जा बना हुआ है। जिला मुख्यालय में ही तमाम बड़े प्रशासनिक अधिकारियों के नाक के नीचे यदि शासकीय भूमियों पर अवैध कब्जा हो सकता है तो ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय भूमि की क्या स्थिति होगी इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। जानकार भी यह मानते हैं कि शासकीय भूमि में अवैध कब्जा पर कार्रवाई न होने के पीछे राजस्व विभाग के मैदानी अमला का पूरा हाथ है। हर वर्ष कागजों में ही हल्का पटवारियों की गिर्दवारी होती है और उनके द्वारा शासकीय भूमि में अवैध कब्जा को कभी भी प्रदर्शित नहीं किया जाता। हालात यह है कि वर्षों से शासकीय भूमि में अवैध कब्जा करने वाले लोगों द्वारा सांठगांठ कर पट्टा भी हांसिल कर लिया जाता है।

जिला मुख्यालय में हालात यह है कि यहां सड़क की पटरी भी अतिक्रमण से अछूता नहीं है। सीधी शहर में प्रवाहित हिरन नदी एवं सूखा नाला तटों की सैकड़ों एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा हो चुका है। अतिक्रमणकारियों पर कोई कार्रवाई न होने से कुछ साल के अंदर ही उनके द्वारा पक्के मकान भी बना लिये गये। हिरन नदी एवं सूखा नदी के जीर्णोद्धार की मांग वर्षों से की जा रही है। सूखा नदी का सौन्दर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार का काम मिनी स्मार्ट सिटी में शामिल होने के बाद तत्कालीन कलेक्टर अभिषेक सिंह द्वारा स्वयं मौके पर खड़े होकर सूखा नदी के आधे क्षेत्र से अतिक्रमण हटाकर सड़क निर्माण की कार्रवाई शुरू करायी गई थी। उनके जाने के बाद से सूखा नदी के आधे क्षेत्रफल से अभी तक न तो अतिक्रमण हटाया गया और न ही नदी तट पर सड़क निर्माण के लिये कोई पहल की जा रही है। बाजार क्षेत्र के समीप स्थित हिरन नदी का जीर्णोद्धार कार्य शुरू होने में भी सबसे बड़ी बाधा यहां का अतिक्रमण है। जिस पर राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारी सीमांकन होने एवं अतिक्रमण चिन्हित होने के बाद भी मौके पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही महीनों बाद भी सुनिश्चित नहीं करा पाए हैं।

### कॉलेज परिसर में अतिक्रमणकारी चिन्हित

शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय परिसर की करीब 4 एकड़ भूमि में अवैध कब्जा वर्षों से चिन्हित है। विभाग द्वारा इस मामले में काफी शिकायतों के बाद चार वर्ष पूर्व करीब 60 अतिक्रमणकारियों को चिन्हित किया गया था। इनमें अधिकांश अतिक्रमणकारियों की रसूख के चलते अतिक्रमण हटाने का साहस संबंधित अधिकारी नहीं जुटा सके और मामला ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। चर्चा के दौरान कुछ नागरिकों का कहना था कि संजय गांधी महाविद्यालय सीधी के पास काफी भूमि है। विडंबना यह है कि शहर की बसाहट बढ़ने के साथ ही कॉलेज की भूमि पर अतिक्रमण का सिलसिला भी शुरू हो गया है। कई अतिक्रमणकारी तो कॉलेज के सेवानिवृत्त कर्मचारी भी हैं। जिनके सेवानिवृत्त होने के सालों बाद भी किया गया अतिक्रमण नहीं हटा। कॉलेज प्रबंधन की स्थिति यह है कि उनके द्वारा कभी-कभार अतिक्रमण हटाने को लेकर पत्राचार जिला प्रशासन के अधिकारियों से कर दिया जाता है। जिसको ठंडे बस्ते में कैद कर दिया जाता है। ऐसा आभास होता है कि शासकीय भूमि में हुए अतिक्रमण को हटाने की जिम्मेदारी किसी और अधिकारी की रहेगी। इसी वजह से अतिक्रमणकारियों के हौंसले काफी बुलंद हैं और वह अब भी खाली शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने के लिए सक्रिय हैं।

> पटवारी प्रतिवेदन मिलने के बाद तहसीलदार के माध्यम से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती है। जहां तक शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय परिसर, हिरन नाला एवं सूखा नाला क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण होने का मामला है इस पर भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जावेगी।
> **नीलेश कुमार शर्मा, एसडीएम गोपद बनास**

## शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

### अधिवक्ताओं के हितों को मिलेगी सर्वोच्च प्राथमिकताः अरविंद



**जागरण, सीधी।** जिला अधिवक्ता संघ सीधी के निर्वाचन को लेकर लगातार सरगर्मियां बढ़ रही हैं। अध्यक्ष पद के लिए प्रबल दावेदार जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद शुक्ला ने कहा कि अधिवक्ताओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दिलाने के लिए ही वह चुनाव मैदान में आ रहे हैं। अभी तक यह रहा है कि चुनाव संपन्न होने के बाद अधिवक्ताओं के हितों को हासिए पर रख दिया जाता था। सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं का मेरे प्रति स्नेह एवं आशीर्वाद बना हुआ है। उन्होने कहा कि यदि मैं अधिवक्ता संघ का जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुआ तो मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी कि नए अधिवक्ताओं के लिए विशेष सहायता अंतर्गत 2020 से अद्यतन पंजीकृत नए अधिवक्ताओं को 5 हजार रुपए मूल की विधि पुस्तकों की सहायता स्वयं के व्यय पर उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं अधिवक्ताओं के लिए अधिवक्ता हाल के ऊपर एक और हाल का निर्माण स्वयं के व्यय से कराना है। इसके साथ ही न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के लिए शुद्ध पेय जल की व्यवस्था उपलब्ध कराने सहित नए अधिवक्ताओं के लिए चेंबर की उपलब्धता अधिवक्ता संघ के माध्यम से कराई जाएगी। अधिवक्ताओं के लिए पुस्तकालय का सुदृढ़ीकरण एवं ई-लायबेंरी की स्थापना कराने एवं अधिवक्ताओं की हर संभव मदद के लिए हम तत्पर रहेंगे। वहीं अधिवक्ताओं को सामूहिक बीमा का लाभ दिलाने एवं अधिवक्ता कालोनी के लिए भी अलग से प्रयास किया जाएगा।

### मप्र वन कर्मचारी संघ ने स्थायीकर्मी की मौत पर सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सीधी।** मध्य प्रदेश वन कर्मचारी संघ जिला शाखा सीधी द्वारा 8 जून को कलेक्टर सीधी के नाम से चार सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौंपकर संजय टाईगर रिजर्व सीधी के स्थायीकर्मी रामसजीवन की आत्महत्या मामले की उच्च स्तरीय एवं न्यायिक जांच कराने की मांग की है। ज्ञापन में वन कर्मचारी संघ सीधी अध्यक्ष पंकज मिश्रा ने कहा है कि विभिन्न माध्यमों एवं मृतक के परिजनों द्वारा आवेदन देकर संघ को बताया गया है कि संजय टाईगर रिजर्व के स्थायीकर्मी रामसजीवन कुशवाहा का शव 1 जुलाई 2025 को सुबह करीब 9 बजे उप संचालक संजय टाईगर रिजर्व सीधी के आवास के पीछे पेंड़ में फांसी के फंदे में लटका मिला था। पुलिस द्वारा शव को फांसी के फंदे से उतारकर तलासी लेने पर पाया गया कि जेब में सुसाइड नोट है। सुसाइड नोट में आत्महत्या के कारण मृतक द्वारा बताए गए हैं। पूरे घटनाक्रम में उप संचालक का पद अखिल भारतीय सेवा से संबंधित होने के कारण घटनाक्रम की उच्च स्तरीय सीबीआई अथवा न्यायिक जांच कराई जाए। विभागीय स्तर पर जांच में लीपापोती की आशंका है।

### विद्युत पेंशनर हितरक्षक संघ की बैठक संपन्न

**जागरण, सीधी।** विद्युत पेंशनर हित रक्षक संघ शाखा सीधी की बैठक पीसीसी पोल फैक्ट्री सीधी में दिनांक 8 जुलाई को संपन्न हुई, जिसमें लगभग 80 से 90 विद्युत पेंशनर्स बैठक में उपस्थित हुए। सभी को आईटीआर भरने हेतु प्रेरित किया गया। 70 वर्षीय सम्मान समारोह के लिए एक स्वर से सभी ने आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए आश्वासन दिया। विद्युत पेंशनर्स की बैठक व्यवस्था न होने के कारण अधीक्षण अभियंता से चर्चा करने के लिए सभी पेंशनर्स ने अन्य समस्याओं के साथ बैठक का समय चाहा है, जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई स्वीकृत न करते हुए मार्च 25 से महंगाई स्वीकृत किया है। इसके लिए पेंशनर्स ने नाराजगी व्यक्ति की है तथा जो पेंशनर्स नहीं आते हैं उनके घर जाकर उनकी स्थिति को जानने के लिए एवं उन्हें प्रेरित करने के लिए टीम भी गठित की गई है। पेंशनरों ने जो स्थानीय कर्मचारी सीधी में रहते हैं उन्हें बैठक में उपस्थित होने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बैठक में भीमसेन सिंह, मोहम्मद वारिस अंसारी, सीताराम दुबे, श्याम लाल पाण्डेय, बीडी वर्मा, राम सिया शुक्ला, मोतीलाल सेन, केशव प्रताप सिंह, शिवदयाल कुशवाहा, पातीराज सिंह, छोटेलाल सिंह, शीतला प्रसाद तिवारी, जगजाहिर, सुमन सिंह चौहान, प्रतिभा सिंह, प्रेमवती पाण्डेय, रामवती सिंह, रामधनी सिंह, छोटेलाल शर्मा, आसमान सिंह के अतिरिक्त अन्य विद्युत पेंशनर्स की उपस्थिति रहे।

### सीईओ जिपं ने सुनी 212 आवेदकों की समस्याएं



**जागरण, सीधी।** जनसुनवाई में अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 212 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिन आवेदन पत्रों में समय सीमा निर्धारित किया जाता है उसको तत्काल विभाग प्रमुख अपने संज्ञान में लेकर निराकरण कर संबंधित हितग्राही को सूचित करे। अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एसपी मिश्रा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

## शिवसेना की चेतावनी, होगा जेल भरो आंदोलन



**जागरण, सीधी।** फर्जी मुकदमे को लेकर शिवसेना का विरोध अब तेज होता जा रहा है। शिवसेना की सीधी जिला इकाई ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मामले को समाप्त कर काउंटर केस दर्ज करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्यवाही नहीं की गई तो एसपी कार्यालय का घेराव कर जेल भरो आंदोलन शुरू किया जाएगा। शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष सुनील शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष नाहर सिंह गौड़ और युवा सेवा के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात पुरैनिया के आवाहन पर पूरे प्रदेश में यह आंदोलन चलाया जा रहा है। सभी जिला इकाइयों को पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। जिले की कोतवाली क्षेत्र की घटना का हवाला देते हुए शिवसेना ने आरोप लगाया है कि कुछ व्यापारी संघ पदाधिकारियों द्वारा छोटे और गरीब व्यापारियों पर मनमाने तरीके से जुर्माना लगाने का डर। दुकानों को बंद कराने जैसे कदम उठाए गए, जो किसी तानाशाही से कम नहीं थे। शिवसेना ने जब इसका विरोध किया, तो व्यापारी संघ द्वारा ही उल्टा फर्जी मुकदमा दर्ज करवा दिया गया। शिवसेना का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने नियमों की अनदेखी कर एक तरफा कार्यवाही की। विवेक पाण्डेय ने स्पष्ट कहा कि अगर प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो शिवसेना सीधी में एसपी कार्यालय का घेराव करेगी और जेल भरो आंदोलन शुरू किया जाएगा। पार्टी इस मुद्दे पर उच्च न्यालय में सभी एकतरफा कार्यवाही पर भी केश कर सभी जिम्मेदार अधिकारी को पार्टी बनाया जायेगा। पत्र सौंपते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय, संभाग उपाध्यक्ष प्रदीप विश्वकर्मा, संभाग सयोजक संतकुमार केवट, जिलाध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फभोले, जिला उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, जिला मंत्री अशीस मिश्रा, नगर अध्यक्ष जैनेंद्र सिंह चौहान उर्फ मुन्ना, नगर उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, केशव मिश्रा, आशीष सिंह चौहान मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण आज

**जागरण, सीधी।** जिला शिक्षा केंद्र सीधी के आदेश अनुसार जनपद शिक्षा केंद्र सीधी के द्वारा दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण आज 9 जुलाई किया जाएगा। यह उपकरण वितरण शिविर दिसंबर 2024 में चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के द्वारा एलएमको जबलपुर की टीम के द्वारा दिव्यांग बच्चों की जांच की गई थी एवं उपकरण हेतु चिन्हित किए गए उन दिव्यांग बच्चों को उपकरण हेतु चिन्हित किया गया था उन्हें चिन्हित दिव्यांग बच्चों को आज 9 जुलाई को मानस भवन सीधी में उपकरण वितरण किया जाएगा। इस उपकरण वितरण में वह दिव्यांग छात्र आएंगे जिन विद्यालयों को भी सूचित किया गया है जिन दिव्यांग छात्रों को चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर में उपकरण के लिए चिन्हित किया गया था इसकी सूचना भी दी गई है उन्हीं छात्रों को लाना है एवं जिन दिव्यांग छात्रों को उपकरण हेतु चिन्हित नहीं किया गया था उन दिव्यांग छात्रों को उपकरण वितरण शिविर में नहीं लाना है उपकरण वितरण शिविर में जिन बच्चों को लाया जाएगा अतः सभी संस्था प्रमुख अपने-अपने विद्यालय के जो बच्चों को उपकरण हेतु सूची उपलब्ध कराई है उन दिव्यांग सभी छात्रों को उपकरण वितरण शिविर स्थल मानस भवन में संस्था के शिक्षा के अध्यापक दिव्यांग बच्चों को लेकर आए और उपकरण विसरण करने की पश्चात घरों तक सुरक्षित पहुंचाएं।

### कार्यालय उपखण्ड अधिकारी एवं नजूल अधिकारी जिला-सीधी (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक 0001/अ-20(2)/2025-26 सीधी, दिनांक 04.07.2025

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सावित्री मिश्रा पति शहीद स्व. रामसिया मिश्रा निवासी ग्राम बघोर तहसील सिहावल जिला सीधी को ग्राम बसौडहा की आराजी खसरा नम्बर 238 रकबा 0.2100 हे0 बल के कार्मिक को भूमि आवंटन हेतु मांग की गयी है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में दिनांक 18/7/25 तक प्रस्तुत कर सकता है। इसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 04.07.2025 को जारी किया गया।

**उपखण्ड अधिकारी एवं नजूल अधिकारी**
**जिला-सीधी (म.प्र.)**

## पुलिस कर्मियों को रील सोशल मीडिया में शेयर करने पर लगा प्रतिबंध

### रीवा रेंज के डीआईजी ने जारी किया फरमान




जागरण, सीधी

रीवा रेंज के डीआईजी राजेश सिंह चंदेल ने आदेश जारी कर पुलिस कर्मियों को रील बनाकर सोशल मीडिया में शेयर करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। पुलिस अधीक्षकों को जारी आदेश क्रमांक 360, दिनांक 6 जुलाई 2025 में कहा गया है कि प्रायः देखा जा रहा है कि अत्यधिक पुलिसकर्मी वर्दी में अथवा सिविल में अपनी रील बनाकर सोशल मीडिया में वायरल/अपलोड करते हैं। पुलिस जैसे अनुशासित विभाग में रहकर किसी भी पुलिसकर्मी द्वारा ऐसा किया जाना अनुशासन के सर्वथा विपरीत होकर उसकी पद एवं गरिमा के भी प्रतिकूल है जिससे आज जनता के मध्य पुलिस की छवि पर भी अत्यधिक प्रतिकूल परिलक्षित होता है। अतः अधीनस्थ समस्त पुलिसकर्मियों को कड़ी हिदायत दें कि विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य कोई भी ऐसी पोस्ट सोशल मीडिया पर न प्रेषित करें जिससे पुलिस विभाग की गरिमा को छति पहुँचे। इसी प्रकार किसी भी स्तर के अधिकारी-कर्मचारी द्वारा स्वयं की कोई रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड न की जाए, यह सुनिश्चित करें। यदि भविष्य में इस किस्म की कोई भी पोस्ट सोशल मीडिया पर प्रकाशित होती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाएं अथवा कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन इस कार्यालय को भेजेंए जिसके लिये वह कर्मचारी स्वयं जिम्मेदार होगा। अतः उक्त आशय के सख्त निर्देश सभी पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को देकर इसका सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। थाना प्रभारियों को निर्देशित करें कि वे यह निर्देश सभी कर्मचारियों को 3 दिवस तक रोलकाल में पढ़कर सुनाएं और इस आशय की रिपोर्ट रोजनामचा सान्हा में भी दर्ज करें कर्मियों को दें।

## नये प्राचार्य ने संभाली चुरहट नवोदय विद्यालय की कमान



**जागरण, सीधी।** पीएमश्री केंद्रीय जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट मे पदस्थ रहे प्राचार्य विनीत शुक्ला का स्थानान्तरण अन्यत्र बिहार हो जाने के चलते प्रयागराज मे पदस्थ प्राचार्य डॉ. डीके त्रिपाठी को केंद्रीय जवाहर नवोदय विद्यालय मे पदस्थापना की गयी है। बताया गया है कि डॉ. श्री त्रिपाठी एक सुलझे हुए विद्यालय प्रबंधन के मामले मे बेहद कुशल व सफल प्राचार्यों मे गिने जाते हैं जो पूरे विद्यालय प्रबंधन की कमान श्री त्रिपाठी के हाथो मे है। प्राप्त जानकारी अनुसार श्री त्रिपाठी जिन-जिन विद्यालयों मे अपनी लम्बी सेवाएं दी है वहां-वहां उत्कृष्ट कार्य व विद्यालय प्रबंधन को पूरी लगन के साथ सफलता पूर्वक संचालन करने व बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था व परीक्षा परिणाम के मामले मे प्रशस्ति प्रमाण पत्र व सम्मानित हो चुके है। हालांकि अभी नवागंतुक प्राचार्य के समक्ष विद्यालयीन व्यवस्था को चुस्त दुरुस्थ कराने की चुनौतियां सामने हैं। बरसात के समय में हॉस्टलों में जेनरेटर कनेक्शन, इनवर्टर, छात्र-छात्राओ के हास्टल से विद्यालय आने-जाने वाले रास्ते के आस-पास घास-चारा की सफाई व्यवस्था की। हालाकि पदस्थ प्राचार्य को आये हुये बहुत दिन हुये हैं जो स्वयं बेहतर से बेहतर व्यवस्था व छात्र/छात्राओ को पूरी सुविधा उपलब्ध कराने मे तत्पर देखे जा रहे हैं। इनकी पदस्थापना से विद्यालय के समस्त स्टाफ गण व छात्र-छात्राओ में खुशी का वातावरण देखा जा रहा। प्राचार्य डॉ. डीके त्रिपाठी की पदस्थापना पर चुरहट नगर के समाजसेवी व गणमान्य नागरिको एवं छात्र/छात्राओ के अविभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## नगर पालिका कांग्रेस के इशारे पर कर रही कार्यः पूनम

### भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ने लगाए गंभीर आरोप



जागरण, सीधी

नगर पालिका परिषद सीधी में कांग्रेस के प्रभाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष पूनम सोनी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका भाजपा सरकार के नहींए बल्कि कांग्रेस के इशारे पर कार्य कर रही है। पूनम सोनी ने बताया कि हाल ही में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल द्वारा निरीक्षण के बाद नगर पालिका को सब्जी मंडी के कायाकल्प हेतु 5 करोड़ रुपये अतिरिक्त राशि देने के निर्देश दिए गए। इसके बाद नगरपालिका सक्रिय होकर सब्जी मंडी को सर्वसुविधायुक्त बनाने में जुट गई। यह दर्शाता है कि नगर पालिका कांग्रेस नेताओं के निर्देश पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सीधी नगरपालिका के 24 वार्डों में मूलभूत सुविधाएं जैसे नाली सफाई, सड़क मरम्मत और कचरा निपटान जैसे कार्य भी नियमित रूप से नहीं हो पा रहे हैं। पूनम सोनी ने बताया कि अध्यक्ष स्वयं वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद हैं और समाचार पत्र में लगातार यह खबर छपती रही है कि वार्ड में कचरा एवं नाली की सफाई नहीं हो रही है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सभी पार्षद अपनी प्रतिष्ठा बचाने में असमर्थ हैं और हर वार्ड में विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। सफाई प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, जो स्वयं वार्ड क्रमांक 14 से पार्षद हैं, उनके बयान भी सार्वजनिक हो चुके हैं कि अधिकारी और कर्मचारी उनकी बात नहीं सुनते। पूनम सोनी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नगर पालिका सरकार ने सीधी को बर्बाद कर दिया है और नगर की छवि कलंकित कर दी है। उन्होंने शासन-प्रशासन से अपील की कि नगर की समस्याओं का संज्ञान लिया जाए और तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### पहुँच विहीन प्रसूताओं को बर्थ वेटिंग रूम में पूर्व से भर्ती होना आवश्यक

**जागरण, सीधी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे ने बताया कि ऐसी गर्भवती महिलाएं जिनका प्रसव इसी माह में अथवा 4 से 6 दिन में संभावित है और उनके घर तक वाहन पहुंचने में कठिनाई है सड़क नहीं है, तो संभावित प्रसव दिनांक से पहले ही भर्ती होने के लिए शासकीय अस्पताल जाएं। शासकीय अस्पतालों में इसी उद्देश्य से बर्थ वेटिंग रूम बनाए गए हैं, उसमें गर्भवती महिलाओं को प्रसव के पूर्व से ही एडमिट करने की पूरी व्यवस्था की गई है, ताकि प्रसव के दौरान किसी कठिनाई का सामना ना करना पड़े।






## जनहित से जुड़ी समस्याओं का तत्परता से निराकरण करेंः सांसद

### दिशा की बैठक में सांसद ने की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा



जागरण, सीधी

जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। सांसद ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक सहज एवं सुलभ ढंग से पहुंचाना जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की जिम्मेदारी है। जो व्यक्ति अभी भी लाभ से वंचित हैं उनके लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है। जनहित से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें। बैठक में विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम तथा विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की समस्याओं की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया तथा उनका तत्परता से निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई समस्याओं का तत्परता से निराकरण कर उन्हे की गई कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि मड़वा में सबस्टेशन बनाया जाना है। उससे जुड़ी समस्त कार्यवाहियां निर्धारित समयावधि में करा लें। इसके साथ ही जिले में ट्रांसफार्मर के लिए डिपो बनाया जाना है। डिपो के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। सांसद ने कहा कि किसानों के लिए यह समय महत्वपूर्ण हे। अतः किसानों के लिए बिजली की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। सांसद ने विद्युतीकरण से छूटे हुए बसाहटों के सर्वे का काम पूरी गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए सांसद ने किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद, बीज, कीटनाशक आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा कि कृषि विभाग के अधिकारी फील्ड में उपस्थित रहें। किसानों को समय-समय पर खेती से जुड़ी सलाह देते रहें तथा योजनाओं का भी व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करायें। जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल निगम द्वारा प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। सांसद ने सभी घरो तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कार्य के कारण प्रभावित सड़कों के मरम्मतीकरण का कार्य अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जनपद अध्यक्ष सीधी धर्मेन्द्र सिंह परिहार, जनपद अध्यक्ष मझौली सुनैना सिंह सहित दिशा समिति के सदस्य उपस्थित रहें। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, वन मण्डलाधिकारी प्रीति अहिरवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेष द्विवेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराई गई।

### चिकित्सक अपने समय पर हों उपस्थित

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि सभी चिकित्सक अपने निर्धारित समय पर स्वास्थ्य केन्द्रों में उपस्थित रहें। बरसात के मौसम के दृष्टिगत सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। सांसद ने निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरिया से चिकित्सकों की अनुपस्थित पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए सांसद ने निर्देशित किया है कि जर्जर भवनों में विद्यालयों का संचालन नहीं किया जाये। शून्य शिक्षक वाले शालाओं के लिए शिक्षकों की व्यवस्था करें।

### तीव्र गति से हो रहा रेलवे का कार्य

रेलवे विभाग की समीक्षा करते हुए सांसद ने 15 जुलाई को रामपुर नैकिन तथा अक्टूबर में चुरहट तक रेलवे के ट्रायल पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होने रेलवे के अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता तथा समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि गांवों में पानी का भराव नहीं हो। सड़क निर्माण करने वाले विभागों की समीक्षा करते हुए सांसद ने बरसात के दिनों में सड़कों के रखरखाव के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। सेतु निर्माण विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थित पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## हिंदी विरोध को बनाया राजनीति साधने का अस्त्र

विडंबना है कि जिस राज्य से सारे देश को एकता के सूत्र में पिरोने की सामाजिक सांस्कृतिक मुहिम संघ द्वारा चलायी जा रही है, उसी राज्य से राष्ट्र की संपर्क भाषा के खिलाफ भाषायी कट्टरपंथ को हवा दी जा रही है। विसंगति देखिए कि मराठी भाषा के नाम पर राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे बीस साल बाद एक मंच पर एकजुट हुए हैं। कहा जा रहा है कि महाराष्ट्र में हिंदी विरोध पर 'भरत मिलाप' हुआ है। कभी हिंदी विरोध के जो सुर तमिलनाडु में सुनायी देते थे, वे अब महाराष्ट्र में भी तेजी से मुखर हो रहे हैं। मुंबई को भारत की आर्थिक राजधानी कहा जाता है, जिसमें योगदान देने के लिये उत्तर भारत के राज्यों के तमाम लोगों योगदान देते हैं। जहां बनने वाली हिंदी फिल्में इस राज्य की समृद्धि का आधार रही हैं। उसी राज्य में हिंदी बोलने वालों लोगों से मारपीट तक के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। निश्चय ही ये भारत की संघीय अवधारणा की जड़ों पर प्रहार ही है। निश्चय रूप से इस सोच के मूल में भाजपा के राजनीतिक वर्चस्व को तोड़ना और मुंबई नगर निगम व राज्य की सत्ता पर काबिज होने की महत्वाकांक्षा ही है। लेकिन यह सोच राष्ट्रीय एकता व भाषायी सद्भाव को पलीता लगाने का ही कुत्सित प्रयास है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि आजादी के सात दशक बाद भी देश में जनता को विकास व तार्किक मुद्दों के बजाय संकीर्ण अस्मिता के नाम पर बरगलाया जा रहा है। उन मुद्दों को हवा दी जा रही है जिनके बूते महाराष्ट्र में शिव सेना अस्तित्व में आयी। विडंबना यही है कि ऐसे तत्वों को यदि राजनीतिक मंसूबे पूरा करने में सफलता मिलती है तो इसका नकारात्मक संदेश पूरे देश में जाएगा। बहुत संभव है कि देश के अन्य राज्यों में भी ऐसी संकीर्ण भाषायी विरोध की राजनीति मुखर होने लगे। जो राष्ट्रीय एकता व सद्भाव के लिये एक बड़ी चुनौती होगी। निस्संदेह, भारतीय लोकतंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि राजनीतिक दल सकारात्मक मुद्दों व विकास की प्राथमिकताओं को अपना एजेंडा बनाएं। दरअसल, सकारात्मक राजनीति में हाशिये पर गए दल ही सफलता के शॉर्टकट के रूप में ऐसे भावनात्मक मुद्दों को हवा देकर अपना उल्लू सीधा करते हैं। आज पूरी दुनिया विज्ञान की क्रांति व अभिव्यक्ति के तकनीकी विकास से एकजुट हो रही है, वहीं हम भाषीय संकीर्णताओं में उलझकर प्रगति के पहिए को थामने की कोशिशों में लगे हुए हैं। भले ही हमारी मातृभाषा कुछ भी हो, लेकिन पूरे देश में एक संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की उपयोगिता को खारिज नहीं किया जा सकता है। कई राज्यों में त्रिभाषा फार्मूले के रूप में शिक्षा के प्रसार में सात समुंदर पार की अंग्रेजी भाषा के अंगीकार में तो कोई परहेज नहीं है, लेकिन तमाम भारतीय भाषाओं के शब्दों को समेटे देश के स्वतंत्रता आंदोलनकारियों द्वारा स्वीकृत हिंदी का विरोध किया जा रहा है। ये दुर्भाग्यपूर्ण ही है।

> हमारी राजनीति का स्तर कितना नकारात्मक व अवसरवादी हो चला है कि महाराष्ट्र में हिंदी विरोध को राजनीति साधने का अस्त्र बना लिया गया। कहा जा रहा है कि महाराष्ट्र में हिंदी विरोध पर 'भरत मिलाप' हुआ है।

# नयी नीति से देश में बनेगा खेलों के लिए बेहतर माहौल

राष्ट्रीय खेल नीति

मीर रंजन नेगी

भारत को खेलों की महाशक्ति बनाने के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी), 2025 को मंजूरी दी है। यह खेल नीति जिन पांच स्तंभों पर आधारित है, वे बेहद महत्वपूर्ण हैं और उन पर बहुत सूक्ष्मता से विचार किया गया है। नयी खेल नीति के जरिये एक तरह से खेलों के महाकुंभ (2036 की ओलिंपिक) की तैयारी का बिगुल फूंका गया है। हमारा देश जब एक समृद्ध राष्ट्र के रूप में उभर कर आ रहा है, तो अपनी प्रतिष्ठा को और बढ़ाने के लिए ओलिंपिक समेत तमाम अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में अधिक से अधिक पदक लाना बहुत आवश्यक है।

मुझे लगता है कि खेलों में बहुत अच्छा करने के लिए हमें स्कूलों में, ग्रामीण क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्र. र पर बहुत अधिक खर्च करने की जरूरत है। ओडिशा इसका बहुत अच्छा उदाहरण है। सबसे जरूरी है इंफ्रास्ट्र. र तैयार करना, तभी आप अच्छे खिलाड़ी तैयार कर पायेंगे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर कर पायेंगे। हमें प्रतिभा खोज की प्रक्रिया में भी परिवर्तन करने की आवश्यकता है। आज के समय में जो स्पोर्ट्स एकेडमी हैं, वहीं से सारे खिलाड़ी निकलते हैं। तो एकेडमियों की संस्कृति को प्रमोट करने की बहुत जरूरत है, जैसे इन्हें संरक्षण देना, इनकी अच्छी तरह निगरानी करना। इन सबके लिए पैसों की जरूरत पड़ेगी। सरकार को खेल बजट बढ़ाने की आवश्यकता है। हालांकि पहले की तुलना में आज खेल बजट कहीं अधिक है। खिलाड़ियों को कई सुविधाएं भी मिल रही हैं। टूर्नामेंट जीतने पर भी पैसे मिल रहे हैं। इन सबके बावजूद खेल बजट में और वृद्धि करनी होगी।

एक और जरूरी बात। देश में बहुत सारे खेल एसोसिएशन हैं, जो खुद को ऑटोनॉमस (स्वायत्त) बॉडी समझते हैं, जबकि पैसा वे सरकार से लेते हैं, जगह सरकार की इस्तेमाल करते हैं, लेकिन अपनी मनमानी चलाते हैं। इन पर सरकार का अंकुश रहना बहुत जरूरी है। नयी राष्ट्रीय खेल नीति के आने से खेलों में पारदर्शिता बढ़ेगी। सार्वजनिक निजी भागीदारी यानी पीपीपी और कॉरपोरेट-सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी (सीएसआर) के जरिये फंड जुटाने की बात भी कही गयी है।

ध्यान दिया जाना चाहिए कि सीएसआर के तहत जो फंड खिलाड़ियों पर, खेलों पर खर्च करना है, उनमें किसी तरीके का कोई घालमेल कंपनियां न करें। कई कंपनियां इस फंड में गड़बड़ी करती हैं। ये सारी चीजें बहुत पारदर्शिता लेकर आयेंगी। नीति में स्टार्ट-अप और उद्यमिता को बढ़ाने देने की बात भी सराहनीय है। अपने देश में खेल अब एक ऐसे मुकाम पर आ गया है, जहां पर उसे एक पेशे के रूप में भी लिया जा सकता है। देश में ऐसे बहुत से लोग हैं, जो खेलों में स्टार्ट-अप और उद्यमिता शुरू कर रहे हैं। ऐसा बड़े से लेकर छोटे स्तर तक पर हो रहा है। जब सरकार इस तरह की चीजों को बढ़ावा देगी, तो ऐसे और भी बहुत से लोग आगे आयेंगे। खेलों को लेकर एक बेहतर माहौल तैयार होगा। हालांकि इसके लिए सरकार को लालफीताशाही पर लगाम लगानी होगी।



> नयी खेल नीति के जरिये एक तरह से खेलों के महाकुंभ (2036 की ओलिंपिक) की तैयारी का बिगुल फूंका गया है। सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहलू को नीति में शामिल किया है और वह है देश में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेलों के आयोजन का प्रयास करना। सरकार के इस कदम से खेलों को देश में खूब उछाल मिलेगा।

सरकार ने एक और महत्वपूर्ण पहलू को नीति में शामिल किया है और वह है देश में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेलों के आयोजन का प्रयास करना। सरकार के इस कदम से खेलों को देश में खूब उछाल मिलेगा। जब भी देश में कोई अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन होता है, तो खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर कैसे खेलना है, इस तकनीक का पता चलता है। नयी पीढ़ी में खेलों से जुड़ने का उत्साह पैदा होता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए हमारे खिलाड़ियों की तैयारी भी बेहतर होती है, उनके भीतर एक आत्मविश्वास आता है। हॉकी इंडिया लीग जब भारत में शुरू हुई थी, तब उसमें विदेशी खिलाड़ियों ने भी भागीदारी की थी, उन्हीं लीग मैचों ने हमारे लिए ओलिंपिक पदक जीतने का रास्ता तैयार किया था।

नयी नीति में सामाजिक समावेशन पर भी जोर दिया गया है। जब समावेशन होगा, तो सभी वर्गों-क्षेत्रों के लोगों को खेलों में भागीदारी का मौका मिलेगा। यहां मैं एक बात और कहना चाहता हूं। देश में अधिकांश खिलाड़ी ग्रामीण क्षेत्रों से निकलते हैं और वे बेहतर करते हैं, क्योंकि उनके अंदर कुछ कर दिखाने की भूख होती है। उनकी आंखों में एक सपना होता है कि खेल में बेहतर करेंगे, तो उनको अच्छी नौकरी मिल जायेगी और इन्हीं में से कुछ खिलाड़ी जब देश के लिए खेलते हैं, तो उनको जीतने के बाद में ढेर सारे पैसे और अच्छी नौकरी मिलती है। वे देशभर में प्रेरणास्रोत बन जाते हैं और उन्हें देखकर दूसरे लोग भी खेलों से जुड़ते हैं। ऐसी खेल प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने की जरूरत है। नयी खेल नीति में यह माद्दा है।

खेलों को शिक्षा से जोड़ने की बात भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब खेल शिक्षा से जुड़ेगा, तो विद्यार्थी न केवल शारीरिक रूप से, बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ व मजबूत बनेंगे। इससे बच्चों का समग्र विकास हो सकेगा, पर इसके लिए जरूरी है कि सरकार की नीति का अच्छी तरह से शिक्षा के साथ समावेशन किया जाए। सरकार को यह नियम सरकारी के साथ-साथ निजी विद्यालयों के लिए भी लागू करना होगा। उन्हीं निजी स्कूलों को खोलने की मान्यता मिलनी चाहिए, जिनके पास खेल के मैदान हों। खिलाड़ियों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी जरूरत है। हम चाहते हैं कि हमारा देश आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में ज्यादा से ज्यादा पदक जीते। उसके लिए नयी खेल नीति मील का पत्थर साबित होगी। वर्ष 2047 तक शीर्ष पांच या छह खेल राष्ट्रों में भारत के शामिल होने की राह यहीं से होकर निकलेगी।

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा ने खेलो भारत नीति की तारीफ की है। उषा ने कहा- नई खेल नीति भारत को खेल महाशक्ति बना सकती है। इस नीति की विशेषता इसकी व्यवहारिकता है। खेलो भारत नीति को लागू करने का यही सबसे उपयुक्त समय है। यदि यह नीति अपने पूर्ण स्वरूप में लागू होती है, तो इसका समावेशी दृष्टिकोण और सहभागी मॉडल भारत को वैश्विक खेल मानचित्र पर एक मजबूत पहचान दिला सकता है। आज खेल की परिभाषा केवल पदकों तक सीमित नहीं है। 'ओलंपिज्म' अब खेलों का मूल तत्व बन चुका है, जो न केवल प्रतिस्पर्धा, बल्कि नागरिकों में स्वास्थ्य जागरुकता, अनुशासन और आत्मविकास का मार्ग भी प्रशस्त करता है। खेलो भारत नीति इसी सोच को सामाजिक आंदोलन का रूप देने का प्रयास है। यह नीति केवल सपने नहीं दिखाती, बल्कि उन्हें साकार करने की दिशा में ठोस कदम उठाती है। खेलों को केवल पदकों से मापा नहीं जाना चाहिए, बल्कि यह देखा जाना चाहिए कि युवाओं की ऊर्जा किस दिशा में जा रही है और कैसे वह एक विकसित राष्ट्र के निर्माण में सहायक बन रही है।

'खेलो इंडिया' और 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स)' जैसी पहलों ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकार के पास एक ठोस प्रक्रिया है। अब आवश्यकता है उस प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाने की। सूक्ष्म समन्वय, पारदर्शिता और सभी हितधारकों की सक्रिय सहभागिता से। हालांकि इसके लिए सरकार को एक और काम करना होगा। वह है, आलिंपिक में होने वाले अधिक से अधिक खेल और इवेंट में भारत भाग ले। ओलिंपिक में कुल 32 खेल और 329 इवेंट्स होते हैं, जिनमें से भारत केवल 16 खेलों के 69 इवेंट में भाग लेता है। भारत को यदि अपने पदकों की संख्या बढ़ानी है, तो उसे अधिक से अधिक खेल और उसके इवेंट में भाग लेना होगा। इसके लिए सरकार को देश में उन खेलों के प्रमोशन पर भी ध्यान देना होगा, जिनमें भारत शामिल नहीं होता है।

# मानवता की नई उम्मीद बनेंगे अंतरिक्ष में हो रहे अनुसंधान

अंतरिक्ष अभियान

सुरेश सेठ

सुखद है कि 41 वर्ष के बाद किसी भारतीय अंतरिक्ष यात्री ने न केवल अपने साथियों के साथ अंतरिक्ष में कदम रखा बल्कि डॉकिंग की नई उपलब्धि के साथ उसने वहां स्थित अंतरिक्ष स्टेशन में भी प्रवेश कर लिया। वे पहले भारतीय थे जिन्होंने न केवल 14 दिन के लिये इस स्टेशन में कदम रख लिया बल्कि दुनिया को भारत की ओर से वसुधैव कुटुम्बकम का एक संदेश भी मिला। शुभांशु 140 करोड़ भारतीयों की उम्मीद ही नहीं, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, बल्कि वे एक नई दुनिया और एक नया भारत बनाने के लिए कुछ विशेष शोध अभियान पर भी हैं। बेशक यह सपना निजी निवेशकों की भागीदारी के साथ देखा जा रहा है और उत्सुक साहसी पर्यटक इस सपने के पूरा होने की उम्मीद कर रहे हैं। अब सोचा जा रहा है कि वैज्ञानिक उपलब्धियों के इस निर्देश के साथ पर्यटन का एक नया क्षेत्र अंतरिक्ष में भी खोल दिया जाए। यह वैश्विक कमाई का एक बड़ा साधन बनेगा और क्योंकि भारत उपग्रहों के प्रक्षेपण में तो सफलता हासिल कर ही चुका है और तीसरी दुनिया के छोटे देशों के लिए संचार उपग्रह प्रक्षेपण कर रहा है। इसलिए अब वह अंतरिक्ष पर्यटन का मार्ग निर्देशक बन सकेगा। इस प्रकार अपने लिए कमाई का एक और उपयोगी मैदान खोल लेगा जहां निवेशकों को इस साहसिक अभियान को शुरू करने की हिम्मत के कारण अधिक प्रतिदान मिल सकेगा। लेकिन इससे भी अधिक इस अंतरिक्ष स्टेशन में हमारे यात्रियों के प्रवेश के बाद जिन उपलब्धियों की उम्मीद की जा रही है उसमें से मानवता के लिए महामारी बन रही बीमारियों के उपचार के लिए रास्ता खुलने की उम्मीद है। ये बीमारियां हैं मधुमेह और कैंसर। इस शोध का एक लक्ष्य पृथ्वी पर मधुमेह के नियंत्रण में मदद करना है। दूसरी तेजी से फैलती बीमारी है कैंसर। अभी इस कैंसर का उपचार बहुत खर्चीला है। यह शुभ सूचना है कि शुभांशु शुक्ला और उनके साथी शिन पर रवाना होने के बाद 14 दिनों तक इन बीमारियों के चिकित्सा प्रयोगों का हिस्सा बनेंगे। अंतरिक्ष यात्रियों में से एक अंतरिक्ष में अपने पूरे प्रवास के दौरान निरंतर ग्लूकोज मीटर पहने रहेगा और वास्तविक समय के रक्त शर्करा माप की निगरानी पृथ्वी पर अनुसंधान करके की जाएगी। उड़ान के दौरान इसके नमूने इकट्ठे होंगे और सही उपचार के परीक्षण किए जाएंगे। जो सफल होगा, उसी से अब अंतरिक्ष के सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव से रोगों का इलाज होगा। अंतरिक्ष उड़ानों से जोड़ों और रक्त प्रवाह पर पड़ने वाले प्रभावों की जांच होगी। आसान शब्दों में कहें तो इसका अर्थ यह कि आर्थराइटिस या जोड़ों की बीमारियों का क्या कोई हल अंतरिक्ष का यह शोध हमें दे सकता है? कैंसर का अध्ययन भी यहां विशेष रूप से किया जा सकता है। समझा जाता है कि कैंसर की कोशिकाएं सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में आसानी से पुनर्जीवित हो सकती हैं। अगर ऐसा है तो ये स्टैम कोशिकाएं और इनका पुनर्जीवन आदमी की उम्र बढ़ाने को कैसे प्रभावित कर सकता है, इसका अध्ययन भी होगा। यह अध्ययन स्टैनफोर्ड स्टैम सैल इस्टीट्यूट और जेएम फाउंडेशन की मदद से किए जाएंगे। निस्संदेह, अगर इस अभियान में इस प्रकार कैंसर निदान की कोई बेहतर दवा या उपचार विकसित करने में सफलता मिल जाती है तो यह मानवता के लिये अच्छी खबर होगी। फिर 14 दिन तक हमारे ये सभी यात्री कम्प्यूटर स्क्रीन का ही निरंतर प्रयोग करेंगे। इससे यह भी पता चल जाएगा कि इसका शारीरिक और हमारी संज्ञा पर क्या प्रभाव पड़ता है। आमतौर पर कहा जाता है कि कम्प्यूटर के निरंतर इस्तेमाल से तेजी से आंखों की हरकतें प्रभावित होती है। इसलिए इस शोध को मानव जीवन के लिए बहुत उपयोगी माना जा रहा है। अब नहीं कहते कि इन सभी समस्याओं का पूरा-पूरा हल हम इसी यात्रा या शोध अभियान में ले आएंगे लेकिन एक सही शुरुआत तो हो गई। प्रायः किसी वैज्ञानिक शोध में कदम दर कदम सफलता हासिल की जाती है। इस बार क्योंकि इस शोध अभियान का एक भाग मानवीय चिकित्सा और हमारी दुरुह बीमारयों के इलाज के साथ जुड़ा हुआ है, इसलिए इस अभियान का महत्व और भी बढ़ जाता है। खासकर, हमारे देश के लिये जिसके बारे में कहा जाता है कि असह्य गरीबी और उचित पोषण के अभाव में यहां बीमारियों से लड़ने की शक्ति कम है। इसलिए अंतरिक्ष स्टेशन पर होने वाले इन प्रयोगों से हमें उन बीमारियों के समाधान में मदद मिल जाएगी। इसका मानव जीवन पर कितना उपकार होगा, यह तो स्पष्ट ही है। यह अभियान कई देश मिलकर चला रहे हैं। नासा के अभियान के साथ-साथ हमारा इसरो भी इस नेक अभियान में पूरा योगदान ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के जरिये दे रहा है। इसके बारे में अगर भारतीय गर्वित महसूस कर रहे हैं तो यह तार्किक है।



> इस अंतरिक्ष अभियान का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसके दौरान होने वाले परीक्षणों से मानवता के लिए महामारी बन रही मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियों के उपचार के लिए रास्ता खुलने की उम्मीद है। यदि सफलता मिलती है तो यह मानवता पर उपकार होगा।

प्रसंगवश

## मोदी-3.0,पहला वर्ष उपलब्धियों और घरेलू चुनौतियों का मिश्रण

अनूप सक्सेना

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार अपने तीसरे कार्यकाल का एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर चुकी है। बीते एक साल में सरकार ने आर्थिक मोर्चे पर अपनी पुरानी गति को बनाए रखने का अथक प्रयास किया है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और चुनौतियों के बावजूद, एक स्थिर विकास दर बनाए रखी है। 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलें विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और घरेलू क्षमताओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, जिससे रोजगार सृजन को भी बल मिला है। बुनियादी ढांचे के विकास पर निरंतर ध्यान दिया गया है, जिसमें आधुनिक सड़कों, रेलवे नेटवर्क और हवाई अड्डों का विस्तार शामिल है, जो देश की कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है।

सामाजिक क्षेत्र में, सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास किया है। गरीब परिवारों को मुफ्त राशन, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच (आयुष्मान भारत के माध्यम से) और आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने वाली योजनाएं अपने लाभार्थियों तक कुशलतापूर्वक पहुंच रही हैं। शिक्षा और कौशल विकास पर जोर दिया गया है, जिससे युवाओं को बदलते वैश्विक परिदृश्य में प्रतिस्पर्धा करने के लिए सशक्त बनाया जा सके।

इस कार्यकाल की एक उल्लेखनीय उपलब्धि, जैसा कि हाल ही में सामने आया, 'ऑपरेशन सिंदूर' का सफल निष्पादन भी रहा है। यह आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो-टॉलरेंस नीति का एक मुखर प्रदर्शन था। पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले के जवाब में, इस समन्वित सैन्य कार्रवाई ने न केवल हमलावरों और उनके आकाओं को माकूल जवाब दिया, बल्कि पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित आतंकवादी ढांचों को भी निशाना बनाया। इस ऑपरेशन ने भारत की सैन्य क्षमताओं, खुफिया जानकारी और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया, जिससे देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई। 'ऑपरेशन सिंदूर'ने यह भी संदेश दिया कि भारत अपनी संप्रभुता और अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तकजाने को तैयार है।

अंतर्राष्ट्रीय मोर्चे पर भारत ने अपनी कूटनीतिक पहुंच को और मजबूत किया है। विभिन्न वैश्विक मंचों पर भारत की आवाज अधिक प्रभावशाली हुई है, और इसने क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर अपनी स्वतंत्र स्थिति बनाए रखी है। जी-20 की सफल अध्यक्षता के बाद, भारत ने विश्व स्तर पर अपनी भूमिका को और बढ़ाया है, जिससे बहुपक्षवाद और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा मिला है।

हालांकि, इस एक साल में सरकार को चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा है। महंगाई अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, जिससे आम नागरिक के बजट पर दबाव पड़ रहा है। आवश्यक वस्तुओं और ईंधन की कीमतों को नियंत्रित करना सरकार के लिए एक कठिन कार्य रहा है। बेरोजगारी, विशेषकर युवाओं के बीच, एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनी हुई है, और रोजगार सृजन की गति को और तेज करने की आवश्यकता है।

कृषि क्षेत्र की समस्याएं, जैसे कि किसानों के लिए पर्याप्त मूल्य और ऋण तक पहुंच, अभी भी समाधान की प्रतीक्षा में हैं।

दरअसल,मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष उपलब्धियों और चुनौतियों का एक मिश्रण रहा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी सुरक्षा संबंधी सफलताओं ने देश और दुनिया को एक मजबूत संदेश दिया है, जबकि आर्थिक और सामाजिक मोर्चे पर प्रगति जारी है। आगामी वर्षों में, सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती महंगाई, बेरोजगारी और कृषि संकट जैसी आंतरिक समस्याओं का समाधान करते हुए विकास की गति को बनाए रखना होगा। यह वर्ष एक संकेत है कि सरकार अपनी प्राथमिकताओं को लेकर स्पष्ट है, लेकिन उसे जनता की अपेक्षाओं और जमीनी हकीकत के बीच संतुलन बनाए रखना होगा ताकि एक समावेशी और समृद्ध भारत का निर्माण सुनिश्चित हो सके।

> मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष उपलब्धियों और चुनौतियों का एक मिश्रण रहा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी सुरक्षा संबंधी सफलताओं ने देश और दुनिया को एक मजबूत संदेश दिया है, जबकि आर्थिक और सामाजिक मोर्चे पर प्रगति जारी है। आगामी वर्षों में, सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती महंगाई, बेरोजगारी और कृषि संकट जैसी आंतरिक समस्याओं का समाधान करते हुए विकास की गति को बनाए रखना होगा।

।।गीता।।



**श्लोक**

यत्साङ्ख्यैः प्राप्यते स्थानं तद्योगैरपि गम्यते।
एकं साङ्ख्यं च योगं च यः पश्यति स पश्यति॥


**भावार्थ**

ज्ञान योगियों द्वारा जो परमधाम प्राप्त किया जाता है, कर्मयोगियों द्वारा भी वही प्राप्त किया जाता है। इसलिए जो पुरुष ज्ञानयोग और कर्मयोग को फलरूप में एक देखता है, वही यथार्थ देखता है।

जीवन दर्शन

## आंतरिक जगत से अनभिज्ञता ही दुखों का कारण

हम जब साक्षी भावों से अपने मनोभावों का विश्लेषण करते हैं तो हम आंतरिक दुनिया से जुड़ते हैं। फिर हमारे तमाम संशय क्षीण होते जाते हैं। कमोबेश अनिर्णय की स्थिति खत्म होती है। हम खुद में एक नई ऊर्जा महसूस करते हैं। भौतिक लिप्साओं के सम्मोहन और दुनियावी चमक-दमक में डूबा मनुष्य जीवनपर्यंत यह नहीं जान पाता कि उसके जीवन का वास्तविक उद्देश्य आखिर क्या है। जन्म लेने से मृत्यु तक मनुष्य को पारिवारिक संस्था से सिखाने की आरंभ हुई प्रक्रिया स्कूल-कालेज होती हुए तकनीकी संस्थानों तक मनुष्य को ज्ञान देती रहती हैं। प्राचीन समय में बाह्य ज्ञान की



आपाधापी में मनुष्य को खुद को पहचानने की सीख हमारा धर्म व अध्यात्म देता रहा है। ताकि जिससे मनुष्य अंतर्मुखी होकर अपनी आंतरिक शक्तियों को जान सके। हमारे ऋ षि-मुनि सदियों से मनुष्य को खुद को जानने का मार्ग बताते रहे हैं। ताकि जिससे मनुष्य को अपनी आंतरिक शक्तियों का भान हो सके। हमारे आध्यात्मिक व धार्मिक गुरु अपनी आंतरिक यात्राओं के जरिये ही विशिष्ट ज्ञान व शक्तियों को ग्रहण करते रहे हैं। उनके यही गुण उन्हें सामान्य मनुष्य में विशिष्टता प्रदान करते हैं। विडंबना यह है कि आज हमारा जीवन इतना कृत्रिम हो चला है कि हमने भौतिक सुख-सुविधाओं को ही जीवन का अंतिम हासिल मान लिया है। लेकिन वास्तव में यह मानवीय मूल्यों के क्षरण और आंतरिक शक्तियों के पराभाव का कारक है। हम अपने जीवन की उस गहन यात्रा से वंचित हो जाते हैं जो हमें भीतर की दुनिया की ओर ले जाती है। निस्संदेह, मनुष्य तभी पथभ्रष्ट और अमानवीय कृत्य करता है जब वह अंतर्मन की आवाज को अनसुना कर देता है। यही वजह है कि आज हमारा समाज संवेदनहीन होता जा रहा है। सही मायनों में संवेदनशीलता मनुष्य का अपरिहार्य गुण है। यह उच्च मानवीय अभिव्यक्ति है। ये भाव उसी व्यक्ति में मुखरित होते हैं जिसे अंतर्ज्ञान का बोध हो जाता है। यही भाव मनुष्य में परोपकार की भावना को जाग्रत करता है।

डॉ. मधुसूदन शर्मा

## संक्षिप्त खबरें

### निकायों में उप निर्वाचन में 69.68 प्रतिशत मतदान

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** आठ नगरीय निकायों में आज एक-एक पार्षद के उप निर्वाचन के लिये मतदान संपन्न हुआ। शाम 5 बजे तक प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 69.68 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। इसमें 73.01 प्रतिशत पुरुष और 66.36 प्रतिशत महिला मतदाता हैं। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 10 जुलाई को सुबह 9 बजे से होगी। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने जानकारी दी है कि भोपाल जिले के नगर पालिका परिषद बैरसिया के वार्ड 7 में 65.8, नगरपालिका परिषद सिवनी के वार्ड 11 में 57.1, इंदौर जिले के नगर परिषद सांवेर के वार्ड 7 में 77.2 और गौतमपुरा के वार्ड 15 में 85.9, मंडला जिले के बिछिया के वार्ड 13 में 80.4, शहडोल जिले के खांड के वार्ड 8 में 63.5, छिंदवाड़ा जिले के न्यूटन चिखली के वार्ड 4 में 82.6 और खरगोन जिले के नगरपरिषद भीकनगाँव के वार्ड 5 में 68.1 प्रतिशत मतदान हुआ। पन्ना जिले के ककरहटी के वार्ड 13 में निर्विरोध निर्वाचन हुआ है।

### मसालों के उत्पादन में एमपी देश में प्रथम

**विसं, भोपाल।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा सोमवार को नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की 96वीं आमसभा बैठक में सम्मिलित हुए। इस मौके पर मंत्री सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश मसाला उत्पादन के मामले में देश में सबसे आगे है। दिल्ली स्थित एमएएससी कॉम्पलेक्स के सभागार में आमसभा की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की। इस मौके पर मंत्री कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश को उद्यानिकी राज्य में विकसित करने के लिये सरकार दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि इसको दृष्टिगत रखते हुये भारत कृषि अनुसंधान परिषद का प्रदेश में अनुसंधान केन्द्र स्थापित किया जाये। इससे प्रदेश के कृषकों को मसाला फसलों की उन्नत प्रजातियां सुलभ एवं उचित दाम पर उपलब्ध हो सकेंगी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मसाला उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा। मंत्री कुशवाहा ने कहा कि सब्जियों की संकर किस्मों के बीज बाजार में अधिक कीमतों में उपलब्ध हो पाते है।

### मप्र ग्रोथ कॉन्क्लेव 11 जुलाई को इंदौर में

**विसं, भोपाल।** प्रदेश में रीयल एस्टेट की गतिविधियों के विस्तार के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 11 जुलाई को इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। नेक्स्ट होराइजन बिल्डिंग सिटीज ऑफ टुमारो थीम पर आधारित यह कॉन्क्लेव राज्य के शहरी विकास और निवेश के लिये नए क्षितिज खोलने का माध्यम बनेगा। उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 के अंतर्गत इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश की नगरीय अधोसंरचना को भविष्योन्मुखी बनाना, सतत विकास को गति देना और व्यापक निवेश आकर्षित करना है।

### मुख्यमंत्री ने श्रीमती पटवा से लिया आशीर्वाद

**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा की धर्मपत्नी फूल कुंवर पटवा से सोमवार को भेंट की और उन्हें उनके 95वें जन्म दिवस पर बधाई देते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने विधायक सुरेंद्र पटवा के 74 बंगला स्थित निवास पहुंचकर श्रीमती पटवा को पुष्पगुच्छ और शाल-श्रीफल भेंट किया तथा उनके स्वस्थ-सुखी जीवन और दीर्घायु होने की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर आयोजित सुंदरकांड पाठ के लिए दीप प्रज्जवलित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विधायक सुरेंद्र पटवा के निवास पहुंचने पर पटवा परिवार द्वारा डॉ. यादव का तिलक कर स्वागत-अभिवादन किया गया।

# पद देने से पहले खंगाली जाएगी नेताओं की कुंडली

## पार्टी के मापदंड पर खरे उतरने वाले नेताओं को ही संगठन व सरकारी नियुक्तियों में मिलेगा मौका

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** अपने कुछ नेताओं के बड़बोलेपन और कथित गतिविधियों से सबक लेकर प्रदेश भाजपा अब पद देने से पहले अपने नेताओं की कुंडली खंगालेगी। इसके लिए संघ की विचारधारा वाले नेताओं को जिम्मेदारी जाएगी। मापदण्ड पर खरे उतरने वाले नेताओं को ही संगठन से लेकर सरकारी नियुक्तियों में मौका मिल सकेगा। प्रदेश में जहां भाजपा को संगठन की नई टीम बनानी है, तो वहीं निगम मंडल से लेकर प्राधिकरण और आयोग में राजनीतिक नियुक्तियां होनी हैं। इन पदों के लिए काफी संख्या में कार्यकर्ताओं से लेकर दिग्गज नेताओं के समर्थक सक्रिय हैं। इनमें काफी संख्या में वो कार्यकर्ता भी शामिल हैं, जो पिछले दिनों कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए हैं और काफी समय से पार्टी की विचारधारा को लेकर काम कर रहे हैं।

जानकारों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से बाहरी (कांग्रेस से आए) और मूल भाजपाइयों की लड़ाई ने पार्टी से लेकर सरकार तक की किरकिरी कराई है। लाख समझाइश के बाद भी नेताओं ने अपने बड़बोलेपन पर रोक नहीं लगाई, जिनसे पार्टी के प्रदेश नेतृत्व से लेकर केन्द्रीय नेतृत्व तक को चिंता में डाल दिया है। संघ से जुड़े सूत्रों की माने तो एक रिपोर्ट में चिंता जताई है कि मध्यप्रदेश का अनुशासित संगठन बेलगाम होता जा रहा है, जिस पर अंकुश नहीं लगाया गया कि यहां भाजपा की स्थिति कांग्रेस जैसी हो सकती है। जानकारों की मानें तो पचमढ़ी के प्रशिक्षण वर्ग के दौरान वरिष्ठ नेताओं ने प्रदेश संगठन को सुझाव दिया था कि अब किसी भी कार्यकर्ता को पद पर बैठाने के




पहले उसकी पूरी तरह से स्क्रीनिंग कराई जा जाए। इन नेताओं ने प्रदेश की टीम में शामिल करने वाले कार्यकर्ताओं के लिए क्राइटएरिया भी तय कर दिया है, जिसमें ऐसे कार्यकर्ता जो पिछले छह साल से पार्टी के सक्रिय सदस्य है और उनके द्वारा बूथ से लेकर जिला व प्रदेश स्तर पर ऐसा कोई कार्य किया है, जिससे पार्टी के वोटबैंक में वृद्धि हुई हो। हालांकि कुछ नेताओं ने इस बात की दलील देते हुए सक्रिय सदस्य होने की शर्त में लचीलापन लाने का आग्रह किया था कि काफी संख्या में बड़े और समर्पित नेताओं ने कांग्रेस छोड़कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी की विचारधारा से जुड़े संगठन को मजबूत बना रहे हैं। ऐसे में कुछ नेता पदों के दावेदार है,लेकिन यदि सक्रिय सदस्य होने की शर्त उन्हें पद पाने में रोड़ा अटका सकती है।

### अपने बारे में बताना होगा दावेदारों को

पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि संगठन से लेकर सरकार में राजनीतिक नियुक्तियों के लिए दावा करने वाले नेताओं को अपने बारे में पूरी जानकारी देनी होगी। जिसका संघ की विचारधारा से जुड़े नेताओं द्वारा परीक्षण किया जाएगा। इन नेताओं द्वारा जो सूची प्रदेश नेतृत्व को सौंपी जाएगी। उसमें शामिल कार्यकर्ताओं से वरिष्ठ नेता बुलाकर चर्चा करेंगे और फिर एक पद के लिए दो से तीन नामों का पैनल बनेगा, जिसमें वरिष्ठ नेताओं के साथ मंथन होगा और फिर सूची को अंतिम रुप दिया जाएगा।

### बड़े नेता नहीं करेंगे सिफारिश

इधर निगम मंडल, प्राधिकरण और आयोग के खाली पदों के लिए किसी भी बड़े नेता की सिफारिश मान्य नहीं होगी। अलबत्ता पार्टी कार्यकर्ताओं, संघ और दावेदारों की पार्टी के प्रति समर्पण को ध्यान में रखकर इन पदों पर नियुक्ति की जाएगी। चर्चा है कि इन पदों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पूरी तरह से फ्रीहैंड मिलेगा और वह वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा तय मापदंड के अनुरूप, क्षेत्रीय,जातिगत और दूसरे समीकरणों को ध्यान में रखकर इन पदों पर नियुक्ति करेंगे।

### जिलों के प्रवास पर खुद फीडबैक लेंगे अध्यक्ष

इधर प्रदेश भाजपा संगठन की कमान संभालने के बाद हेमंत खंडेलवाल जिलों का प्रवास करेंगे। इस दौरान उनके द्वारा स्थानीय विधायकों, पार्टी के नेता, जिला संगठन के अलावा वहां के बौद्धिक वर्ग सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की जाएगी। कहा जा रहा है कि इस दौरान खंडेलवाल सक्रिय और जनाधार वाले पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं के बारे में फीडबैक लेंगे। सभी संगठनात्मक जिलों का दौरा पूरा करने के उपरांत प्रदेशाध्यक्ष द्वारा अपनी टीम बनाने की प्रक्रिया की शुरुआत करेंगे।

# पटवारी ने स्थानांतरण पर उठाए सवाल

## विधायक बोले-सौतेला व्यवहार कर रही सरकार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने जहां 9 आईएएस अधिकारियों के तबादलों को लेकर सरकार पर सवाल खड़े किए है, तो वहीं उनके दल के विधायक ने सरकार पर विपक्षी दल के विधायकों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य शासन द्वारा 9 वरिष्ठ आईएएस



अधिकारियों के तबादलों पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे प्रशासनिक अराजकता बढ़ रही है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए पटवारी ने कहा कि आखिर ये तबादले क्यों होते है? इस पर गंभीरता से सोचना चाहिए। लगातार हो रहे तबादलों से राज्य में प्रशासनिक अस्थिरता को दर्शाती है। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है और इससे नीतिगत निर्णय लेने में भी देरी होती है। पटवारी ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि तबादलों के पीछे का कारण स्पष्ट करना चाहिए,ताकि यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रही। उन्होंने ओबीसी आरक्षण को लेकर भी राज्य सरकार पर सवाल उठाए। पटवारी ने कहा कि हम विपक्ष में है,ऐसे में हम अराजकता,भ्रष्टाचार के मामलों और ओबीसी,दलित और एसटी को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम अशोकनगर में लोगों को न्याया दिलाने के लिए लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ेगी। अगर अशोकनगर में होटल व अन्य स्थान बंद करा दिए गए है,तो वो सड़क या कार्यकर्ता के घर पर रुकेंगे,लेकिन इस अन्याय के खिलाफ खमोश नहीं बैठेंगे। शिवपुरी जिले की पौहरी विधानसभा के कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाहा ने सरकार के वरिष्ठ एवं नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पर तीखा हमला किया है।

# हिंदी विश्वविद्यालय ने पांच हजार तक घटाई अपनी फीस

## कुलगुरु डेहरिया की अंतिम कार्यपरिषद में हुआ फैसला

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद ने सोमवार को एक बड़ा निर्णय लिया है। इससे विद्यार्थियों की जेब पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ हल्का हो जाएगा। हिंदी विवि के प्रदेशभर में चल रहे स्टडी सेंटर की फीस ज्यादा होने से विद्यार्थी प्रवेश लेना नहीं चाहते। इस संबंध में कई बार हिंदी विवि में शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। बैठक में फीस में कटौती करने पर अंतिम मोहर लगा दी गई। टेंगडी भवन में आयोजित बैठक में करीब आधा दर्जन बिंदुओं पर चर्चा हुई। स्टडी सेंटरों पर हिंदी विवि के डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स का संचालन होता है। फीस अधिक होने के कारण छात्र स्टडी सेंटर की बजाय अन्य विवि के कोर्स में प्रवेश ले रहे थे। इससे स्टडी सेंटर बंद होने की कगार पर पहुंचने लगे। इस संबंध में कई स्टडी सेंटर संचालकों ने विवि को लिखित में सूचित किया कि डिप्लोमा कोर्स की फीस ज्यादा होने के कारण विद्यार्थी प्रवेश लेने को तैयार नहीं हैं। उक्त कोर्स की फीस में कटौती करें। इसके बाद सोमवार को हुई कार्यपरिषद की बैठक में सभी कोर्स की फीस का लेखा जोखा रखा गया। इसमें हर कोर्स की दो से पांच हजार रुपये फीस कम करने को निर्णय लिया गया। वर्तमान सत्र से विद्यार्थियों को कटौती की गई फीस के तहत प्रवेश मिलेगा। कुलगुरु डेहरिया की यह अंतिम कार्यपरिषद की बैठक है। क्योंकि उनका कार्यकाल तीस जुलाई को समाप्त हो रहा है। राजभवन ने देव आनंद हिंडोलिया को हिंदी विवि का नया कुलगुरु नियुक्त कर दिया है।

### डीए और एचआर में की गई वृद्धि

बैठक में कर्मचारी और अधिकारियों के डीए और एचआर में बढ़ोतरी भी की गई है। शासन द्वारा जारी किए गए आदेश का पालन हिंदी विवि द्वारा किया जाएगा। इसका अनुमोदन परिषद ने दिया है। वहीं आउटसोर्स कर्मचारियों को बढ़ी हुई दरों के हिसाब से मानदेय दिया जाएगा। इसकी वित्तीय स्वीकृति ईसी ने दी है। इसके अलावा हिंदी विवि को रिसर्च सेंटर घोषित किया गया है। क्योंकि नई शिक्षा नीति के तहत चौथे वर्ष में प्रवेश होंगे, जिसमें विद्यार्थियों को रिसर्च कराने एक गाइड होना जरूरी है। यहां भी ईसी ने गाइड नियुक्त कर दिया है।

### नियम विरुद्ध अस्पतालों के मामले में रिपोर्ट तलब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा है कि नियम विरुद्ध संचालित अस्पतालों के खिलाफ क्या कार्रवाई की। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में शहर के बहुचर्चित न्यू लाइफ अस्पताल में हुए अग्निकांड की उच्च स्तरीय जांच कमेटी की रिपोर्ट पुलिस को सौंपने के निर्देश दिये हैं। युगलपीठ ने याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत प्रश्नावली के जवाब देने दो सप्ताह की मोहलत दी है। उल्लेखनीय है कि लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से कोरोना काल के समय धड़ल्ले से खोले गये अस्पतालों के मामले में वर्ष 2022 में दायर जनहित याचिका दायर की थी। नियम विरुद्ध अस्पताल संचालन की अनुमति प्रदान किये जाने को चुनौती दी गयी थी। नियमों को ताक में रखकर नेशनल बिल्डिंग कोड, फायर सेफ्टी के नियम, बिल्डिंग कम्प्लीशन सर्टिफिकेट की अनदेखी कर, आगजनी की स्थिति में दमकल वाहन के लिये 6 मीटर खुला क्षेत्र सहित पार्किंग स्पेस की उपलब्धता देखे बगैर कई अस्पतालों को लायसेंस जारी किये गये हैं। मामले के लंबित रहने के दौरान अगस्त 2022 में न्यू लाइफ अस्पताल में हुए अग्नि हादसे में 8 व्यक्तियों की दर्दनाक मौत हो गयी थी।

# सरकार के प्रयासों की अनदेखी करने पर होगी कार्रवाई : पटेल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने अधिकारियों से कहा है कि उनके द्वारा जल स्रोतों के रिचार्जिंग सिस्टम बढ़ाने की दिशा में काम होना चाहिए। इस मामले में सरकार के प्रयासों की अनदेखी करने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर सरकार सख्त होगी। मंत्री पटेल सोमवार को राजीव गांधी जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन की साधारण सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने चिंता करते हुए कहा कि बढ़ती जनसंख्या के कारण जल स्रोतों के रिचार्जिंग सिस्टम धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहे हैं। नदियों के उद्गम स्थलों का संरक्षण नहीं करने के कारण उनके स्रोत सूखते जा रहे हैं। मरूस्थलीकरण की प्रक्रिया तेजी से बढ़ रही है। हमें जल, भूमि संरक्षण के लिये अभी से ठोस प्रयास करने होंगे। फसलों का चक्रीकरण और पौधरोपण में वैज्ञानिक तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देना होगा। मंत्री पटेल ने कहा कि मिशन के अंतर्गत विभिन्न विभागों से मिशन के परिणामों की जानकारी प्राप्त की जाए। उन्होंने कहा कि मिशन के तहत सभी परियोजनाओं का थीमेटिव विश्लेषण किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की प्रगति का आंकलन जमीनी स्तर पर करें।

### छोटी नदियों का संरक्षण जरूरी

मंत्रालय में मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद कार्यकारणी की 7वीं बैठक में मंत्री पटेल ने कहा कि बढ़ी नदियों के अस्तित्व को बचाने के लिये छोटी नदियों के उद्गम स्रोतों का संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन कार्य हमें सतत् जारी रखना है। भविष्य में पौधरोपण एवं उनके संरक्षण के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए।

### नासिक, उदयपुर व जोधपुर के लिए बंद होगी उड़ान

**जागरण, इंदौर।** 1 अगस्त से इंदौर एयरपोर्ट से नासिक, उदयपुर और जोधपुर के लिए सीधी उड़ानें बंद होगी। तीनों फ्लाइट का संचालन इंडिगो द्वारा किया जा रहा था। कंपनी ने इन रूट्स की बुकिंग भी बंद कर दी है। इससे पहले कंपनी कोलकाता और जम्मू की उड़ानें भी बंद कर चुकी है। अब इन शहरों के लिए यात्रियों को कनेक्टिंग फ्लाइट्स का विकल्प तलाशना होगा, जिससे यात्रा का समय और खर्च दोनों बढ़ेगा। जोधपुर फ्लाइट (6ई-7358/7359) सुबह 10.40 बजे इंदौर से रवाना होकर 12.20 बजे जोधपुर पहुंचती थी। वापसी में यह फ्लाइट दोपहर 12.45 बजे जोधपुर से उड़ान भरकर 1.15 बजे इंदौर आती थी। उदयपुर फ्लाइट (6ई-7348/7424) दोपहर 2.40 बजे इंदौर से रवाना होकर 3.40 बजे उदयपुर पहुंचती थी। वहां से शाम 4.20 बजे रवाना होकर 5.25 बजे इंदौर लौटती थी। नासिक फ्लाइट (6ई-7109/7155) दोपहर 2.45 बजे इंदौर से रवाना होकर 3.55 बजे नासिक पहुंचती थी।

**गुणवत्ता, टिकाऊ और सुरक्षा ज्ञान की ली जाएगी परीक्षा**

# पीडब्ल्यूडी अपने इंजीनियरों की परीक्षा लेकर करेगा पोस्टिंग

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के इंजीनियरों की अब गुणवत्ता, टिकाऊ और सुरक्षा मानकों पर परीक्षा होगी। इससे उनकी ग्रेडिंग तय होगी। ग्रेडिंग से इंजीनियर को सड़क, ब्रिज या बिल्डिंग सेक्शन में पोस्टिंग दी जाएगी। इसके लिए सिलेबस तय करके तैयारी के लिए 15 अगस्त तक की समयसीमा निर्धारित की गई है। परीक्षा का नाम सुनते ही विभाग में हडकंप की स्थिति बनी हुई है। क्योंकि सालों से एक ही विभाग में जमे अफसर परीक्षा में पास नहीं होते हैं, तो उन्हें लूप लाइन में भी भेजा जा सकता है। विभाग ने ग्रेडिंग सिस्टम का निर्णय प्रदेश के जर्जर पुल, उखड़ती सड़कों और गिरती बिल्डिग देखते हुए लिया है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने आदेश भी जारी कर दिए हैं। इसमें सड़क, सेतु और भवन निर्माण के सिक्योरिटी स्टैंडर्ड में एक्सपर्ट होने के लिए पॉइंट तय किए गए हैं। आईआरसी




व आईबीसी के कोड्स इंजीनियरों को इंडियन रोड कांग्रेस (आईआरसी) के सड़क निर्माण के लिए 6 कोड और ब्रिज निर्माण के लिए इंडियन ब्रिज कांग्रेस (आईबीसी) के पांच कोड की पढ़ाई करनी होगी। इसी तरह भवन निर्माण के लिए नेशनल बिल्डिंग कोड और इंडियन स्टैंडर्ड कोड के कुल सात कोड पर परीक्षा देनी होगी। यह परीक्षा इंजीनियर को मुसीबत दिखाई दे रही है। इंजीनियर का कहना है कि परीक्षा में रिजल्ट बेहत नहीं आया, तो असर उनको मिलने प्रमोशन पर भी पड़ सकता है। क्योंकि उनकी ग्रेडिंग और पोस्टिंग उनकी सीआर पर प्रभाव डाल सकती है।

### प्रदेश स्तर पर ऑनलाइन व ऑफलाइन होगी परीक्षा

इंजीनियरों को 15 अगस्त तक तैयारी करनी होगी, जिसके बाद विभाग अपनी सुविधा के तहत प्रदेश स्तर पर होने वाली परीक्षा ऑनलाइन या ऑफलाइन होगी। उक्त परीक्षा के आधार पर ग्रेडिंग होकर विभागीय डेटाबेस में अपलोड भी किया जाकर आगे भविष्य में किसी भी प्रोजेक्ट में जिम्मेदारी दी जाएगी।

> कोड पढ़े नहीं जाते और स्टैंडर्ड का ध्यान नहीं रखा जाता। सभी इंजीनियर को निर्देशित किया गया है, ताकि गुणवत्ता और सुरक्षा सही रहे। इसी मूल्यांकन के आधार पर आगे दी जाने वाली जिम्मेदारियों का निर्धारण होकर सीआर में दर्ज होगा।
>
> ■ **सुखवीर सिंह**, प्रमुख सचिव, पीडब्ल्यूडी

# बालाघाट में 14 इंच बारिश 12 जिलों में बाढ़ के हालात

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** मप्र में दक्षिण-पश्चिम मानसून के चलते कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। बालाघाटा, मंडला, श्योपुर, टीकमगढ़, रायसेन सहित दो दर्जन से अधिक जिलों में बाढ़ की स्थिति बन गई है। इन जिलों में जिला प्रशासन स्थिति पर नजर रखे हुए है। मौसम केंद्र से मिली जानकारी अनुसार पिछले 24 घंटे में बालाघाट के बारासिवनी में सबसे अधिक वर्षा हुई है। यहां बारिश का आंकड़ा 353 मिली मीटर यानि 14 इंच रिकार्ड किया गया है। जो कि अब तक का एक दिन में हुई बारिश के मामले में सबसे ज्यादा है। इस सीजन में मप्र के किसी भी जिले में एक दिन में इतनी अधिक बारिश कभी नहीं हुई है। बारासिवनी के बाद बैहर में 232, कटंगी में 232, रायसेन के देवरी में 209 मिली मीटर बारिश हुई है। बीते एक सप्ताह से प्रदेश के कई जिलों में अत्यधिक बारिश हो रही है। इसे इन क्षेत्रों में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मंगलवार को नर्मदापुरम में भारी बारिश के चलते कलेक्टर ने बुधवार को सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। बालाघाट में भी कलेक्टर ने स्कूलों में छुट्टी घोषित की है। रायसेन जिले में भारी बारिश से सड़कों पर खड़ी गाड़ियों के बहने के सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं। देवरी में सड़क पर खड़ी कार एक एक्टिवा और ठेला भी तेज बहाव में बह गए। नरसिंहपुर के किसानी वार्ड का रहने वाला जाकिर खान नाम का युवक सींगरी नदी में बह गया, जिसकी तलाश की जा रही है। रायसेन जिले के बेगमगंज में भारी बारिश के चलते दो मंजिला मकान की छत भरभराकर गिर गई। हालांकि किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। मंडला जिले में थावर बांध के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए शाम को पांच गेट 2.20-2.20 मीटर खोले गए हैं।

### इन जिलों में अलर्ट

**रेड अलर्ट:** सिवनी, मंडला, बालाघाट

**ओरेंज अलर्ट:** अनुपपुर, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा,

**यलो अलर्ट:** भोपाल, विदिशा, बुरहानपुर, खरगौन, इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़।

### देश में औसत से 15 फीसदी ज्यादा बारिश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देशभर में दक्षिण-पश्चिम मानसून इस बार अपनी पूरी ताकत के साथ सक्रिय है। जुलाई के पहले हफ्ते तक देश में औसतन 254 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है, जो सामान्य से 15 फीसदी ज्यादा है। इस समय तक 221.6 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन मानसून ने औसत से कहीं अधिक वर्षा दी है। परिणामस्वरूप, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में बाढ़ और भूस्खलन के हालात पैदा हो गए हैं।

**जोरदार बारिश** | बरगी, बिलगांव, गोपीकृष्ण सागर सहित कई जलाशयों के गेट खोले

# उफने सात बांध और जलाशय, नर्मदा का जलस्तर बढ़ा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के अलग अलग अंचलों में रविवार और सोमवार को हुई जोरदार बारिश का असर अब प्रदेश के बड़ी बांधों और जलाशयों पर भी हो रहा है। इन सभी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के बाद राच्य के 7 बांधों और जलाशयों के गेट खोले गए हैं। जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर 12 बजे तक बरगी, बिलगांव, गोपीकृष्ण सागर, मटियारी, मोहिनी, पवई और ककेटो जलाशयों के गेट खोलकर वहां से पानी की निकासी की जा रही है। जानकारी के अनुसार सोमवार को जबलपुर जिले में नर्मदा पर बने बरगी बांध के 21 में से 9, डिंडोरी जिले कि बिलगांव जलाशय के 9 में से 1, गुना जिले के गोपीकृष्ण सागर के 5 में से 2, मंडला जिले के मटियारी जलाशय के सभी 6, शिवपुरी जिले के मोहिनी पिकअप वीयर के 25 में से 1, पन्ना जिले के पवई जलाशय के 9 में से 3 और श्योपुर के अपर ककेटो बांध के 11 में से 1 गेट को भारी बारिश और लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण खोलना पड़ा है। बरगी में गेट खोले जाने के बाद नरसिंहपुर और नर्मदापुरम में नर्मदा का जलस्तर 4 से 5 फीट तक बढ़ गया है।



**सोमवार को प्रदेश की प्रमुख नदियों का जलस्तर (फीट में)**

| नाम | जिला | स्थान | खतरे का निशान | वर्तमान स्तर |
|---|---|---|---|---|
| नर्मदा | नरसिंहपुर | बरमान घाट | 323.00 | 313.47 |
| नर्मदा | नर्मदापुरम | सेठानी घाट | 293.83 | 287.80 |
| नर्मदा | खरगोन | मोरटक्का | 163.98 | 158.73 |
| बेतवा | रायसेन | नीमखेड़ा | 431.50 | 415.55 |
| चंबल | उज्जैन | नागदा | 460.90 | 450.40 |
| चंबल | रतलाम | बरखेड़ा | 419.10 | 409.46 |
| केन | पन्ना | पंडवा | 296.75 | 293.80 |
| पार्वती | गुना | मकसूदनगढ़ | 409.96 | 401.40 |
| टमस | मैहर | मैहर | 323.90 | 319.20 |
| टमस | रीवा | पटेहरा | 110.38 | 94.45 |

### बांधों के बढ़ते जलस्तर की लगातार मॉनिटरिंग

जुलाई माह में मानसून की मेहरबानी से प्रदेश के अधिकांश अंचलों में जोरदार बारिश का दौर जारी है। इससे प्रदेश के सभी बांधों और जलाशयों में वाटर लेवल तेजी से बढ़ रहा है। कई बांध अपनी पूर्ण भराव क्षमता (एफआरएल) तक भी पहुंच सकते हैं। बरगी जलाशय में एफआरएल 422.76 मीटर है और इसका जलस्तर फिलहाल 418.40 मीटर तक पहुंच गया है। यहां का जलस्तर बनाए रखने के लिए फिलहाल गेट खोले गए हैं। इसके अलावा जोरदार बारिश के बाद जलस्तर मेंटेन करने के लिए जल्द ही अन्य बांधों और जलाशयों के भी गेट खोले जा सकते हैं। इन सभी जिलों में कलेक्टर को हाई अलर्ट पर रहने के लिए कहा गया है। शासन के जल संसाधन विभाग द्वारा इन जलाशयों या बांधों के गेट खोलने से पहले निचले इलाकों में रहने वालों को अलर्ट जारी कर लोगों को तटीय इलाकों से दूर रहने की चेतावनी दी जाएगी। बारिश के कारण प्रदेश की कई नदियों के जलस्तर में भी इजाफा हो रहा है। नर्मदा के अलावा, चंबल. बेतवा, केन, धसान, ताप्ती और पार्वती जैसी नदियों का भी जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

## पृष्ठ तीन के शेष

### दुनियां की सबसे ...

मोतियाबिंद हो जाने से उसे दिखाई भी नहीं देता था, फलस्वरुप चारा कटर मनीराम उसकी सूंड अथवा कान पकड़कर जंगल में घुमाने ले जाता था। बिना सहारे के वत्सला ज्यादा दूर तक नहीं चल सकती थी। हाथियों के कुनबे में शामिल छोटे बच्चे भी घूमने टहलने में वत्सला की पूरी मदद करते थे।

वन्य प्राणी चिकित्सक डॉ एस. के. गुप्ता बताते हैं कि पन्ना टाइगर रिजर्व के ही नर हाथी रामबहादुर ने वर्ष 2003 और 2008 में दो बार प्राणघातक हमला कर वत्सला को बुरी तरह से घायल कर दिया था। डॉ गुप्ता ने बताया कि पन्ना टाइगर रिजर्व के मंडला परिक्षेत्र स्थित जूड़ी हाथी कैंप में नर हाथी रामबहादुर (42 वर्ष) ने मस्त के दौरान वत्सला के पेट पर जब हमला किया तो उसके दांत पेट में घुस गये। हाथी ने झटके के साथ सिर को ऊपर किया, जिससे वत्सला का पेट फट गया और उसकी आंतें बाहर निकल आईं। डॉ. गुप्ता ने 200 टांके 6 घंटे में लगाए तथा पूरे 9 महीने तक वत्सला का इलाज किया। समुचित देखरेख व बेहतर इलाज से अगस्त 2004 में वत्सला का घाव भर गया।

लेकिन फरवरी 2008 में नर हाथी रामबहादुर ने दुबारा अपने टस्क (दाँत) से वत्सला हथिनी पर हमला करके गहरा घाव कर दिया, जो 6 माह तक चले उपचार से ठीक हुआ। हथिनी वत्सला अत्यधिक शांत और संवेदनशील थी। पन्ना टाइगर रिजर्व में हाथियों के कुनबे में बच्चों की देखभाल दादी मां की भांति करती रही है। कुनबे में जब कोई हथिनी बच्चे को जन्म देती है, तो वत्सला जन्म के समय एक कुशल दाई की भूमिका भी निभाती थी।

### इन्फ्लुएंसर मोरे से एमएनएस नेता के बेटे ने की बदसलूकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में भाषा विवाद को लेकर राज ठाकरे के समर्थकों द्वारा गैर-मराठी भाषियों की पिटाई के बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) को शर्मसार करने वाला वीडियो सामने आया है। वीडियो में मनसे राज्य उपाध्यक्ष जावेद शेख के बेटे राहिल शेख नशे में धुत कार में अर्धनग्न बैठा हुआ मुंबई में मशहूर मराठी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और एक्ट्रेस राजश्री मोरे के साथ बदसलूकी करता हुआ दिखाई दे रहा है। बाद में मनसे के राज्य उपाध्यक्ष जावेद शेख के बेटे राहिल शेख के रूप में पहचाने जाने वाले इस व्यक्ति को भी पिता के पद का दिखावा करते हुए देखा गया। महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने और लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में अंबोली पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई और राहिल को गिरफ्तार किया है। वीडियो को फिल्माने वाली महिला राजश्री मोरे ने इसे इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। क्लिप को रीपोस्ट करते हुए शिवसेना नेता संजय निरुपम ने मनसे की आलोचना की और इसे मराठी संस्कृति के रक्षक होने का दावा करने वालों का 'असली चेहरा' बताया। मनसे नेता जावेद शेख के बेटे राहिल शेख ने एक लड़की की कार को टक्कर मारने के बाद उसके साथ दुर्व्यवहार किया। वह नशे में धुत था। दरअसल राजश्री मोरे जो राखी सावंत की दोस्त भी हैं, उन्होंने पिछले दिनों इंस्टाग्राम हैंडल पर पहला वीडियो शेयर किया।

# छात्रावासों की व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु कलेक्टर ने ली महत्वपूर्ण बैठक



## निर्देशों के मुख्य बिंदु

- सभी छात्रावासों में टूटे हुए दरवाज़े एवं खिड़कियों की मरम्मत शीघ्र करवाई जाए।
- आगामी एक सप्ताह के भीतर प्रत्येक छात्रावास में मीनू चार्ट अनिवार्य रूप से लगाया जाए।
- मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं संतुलित भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
- साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए, विशेषकर रसोई, शौचालय एवं स्नानगृहों में।
- छात्रावासों में रह रहे विद्यार्थियों की प्रतिदिन सार्थक ऐप में उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य किया जाए।
- प्रत्येक कमरों में सीसीटीवी केमरें लगायें जाये।

**जागरण, डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के छात्रावासों की व्यवस्थाओं को लेकर एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन अधिकारियों को बुलाया गया था जिन्होंने हाल ही में विभिन्न छात्रावासों का निरीक्षण किया था।बैठक में कलेक्टर ने छात्रावासों की वर्तमान स्थिति भवन की दशा, पेयजल की उपलब्धता, भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाई गई खामियों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एक सप्ताह के अंदर आगामी समीक्षा बैठक तक अधूरें कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा व सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है, और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से यह भी अपेक्षा जताई कि वे समय-समय पर निरीक्षण कर वास्तविक सुधार की स्थिति की जानकारी दें।बैठक में अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी बजाग, श्री रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर प्रभारी सहायक आयुक्त, श्री वैद्यनाथ वासनिक, जिला शिक्षा अधिकारी, जनजातीय कार्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्टेशन मास्टर के निर्माणाधीन मकान में की गई तोडफ़ोड़

**छतरपुर।** शहर की बजरंग नगर कॉलोनी में एक स्टेशन मास्टर के निर्माणाधीन मकान की दीवारों को अज्ञात लोगों द्वारा रात के समय तोड़ दिए जाने की घटना सामने आई है। पीड़ित ने अपनी पत्नी के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की मांग की और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई। निर्माणाधीन मकान के मालिक अखिलेश सोनी ने बताया कि वह सतना में स्टेशन मास्टर हैं और मूल रूप से बेलाताल, उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। अखिलेश ने बताया कि वे छतरपुर के बजरंग नगर में दीनदयाल पार्क के समीप अपना मकान बनवा रहे हैं। बीती रात अज्ञात लोगों ने उनके निर्माणाधीन मकान की दीवारों को गिरा दिया है। उन्होंने बताया कि छतरपुर में उनका किसी से कोई विवाद नहीं है, इस संबंध में उन्होंने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज की है। अखिलेश ने पुलिस से मांग की कि दोषियों का पता लगाया जाए और उनके नुकसान की भरपाई के लिए उचित कार्रवाई की जाए।

# गढ़ा गांव में आधी रात को धराशायी हुई ढाबे की दीवार

### मलबे की चपेट में आने से महिला की मौत, करीब एक दर्जन घायल

**जागरण, छतरपुर ।** बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ा में बागेश्वर धाम के पास बीती रात एक निजी ढाबे की दीवार ढहने से बड़ा हादसा हो गया। मलबे में दबने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि करीब एक दर्जन लोग घायल हुए। घायलों में 9 लोग उत्तर प्रदेश के, एक उत्तराखंड और दो पश्चिम बंगाल के निवासी हैं। चार गंभीर घायलों को जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर किया गया है, जबकि अन्य का इलाज छतरपुर जिला अस्पताल में चल रहा है। घायलों ने बताया कि वे सभी बागेश्वर धाम पर चल रहे गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होने के लिए आए थे। रात को ढाबे में रुके थे जहां तेज बारिश के कारण जर्जर दीवार गिर गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़ा गांव में बागेश्वर धाम के पास सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे निजी ढाबे की दीवार ढह गई, जिसके मलबे में दबने से महिला अनीता देवी खरवार (40) पत्नी राजू की मौके पर ही मौत हो गई। वह उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के अदलहाट गांव की रहने वाली थी। उनके परिजनों ने बताया कि वे गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होने के लिए बागेश्वर धाम आए थे। रात को जिस ढाबे में सोए, उसी ढाबे की दीवार अचानक भरभराकर उनके ऊपर गिर गई। इस हादसे में अनीता के परिवार की पूनम देवी खरवार (38), प्रिया कुमारी



खरवार (17), अंशिका कुमारी (18) और नामवर प्रसाद (42) भी घायल हुए हैं। इनके अलावा मुंशीलाल कश्यप (72, सैलानपुर, उ.प्र.), अरविंद कुमार पटेल (17, नारायणपुर, मिर्जापुर), गुलाबचंद साहू (55, हावड़ा, प.बंगाल) और धनेश्वरी देवी साहू (48, हावड़ा, प.बंगाल) भी घायल हुई हैं।

## एसडीएम मण्डला ने किया बाढ़ प्रभावित ग्रामों में आश्रय स्थलों का निरीक्षण



**जागरण, मंडला ।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देश पर जिले में सभी राजस्व अधिकारियों द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम ने मण्डला जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत खड़देवरा एवं औघटखपरी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों के लोगों से मुलाकात की। बाढ़ से प्रभावित लोगों को सुरक्षित आश्रय स्थलों पर रखा गया है। एसडीएम ने राहत शिविरों पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और बाढ़ का पानी कम होने तक लोगों से सुरक्षित स्थानों पर ही रहने की समझाइश दी। इस अवसर पर एसडीओ श्री आदित्य पाण्डे, हल्का पटवारी, संबंधित पंचायत के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और कोटवार उपस्थित रहे।

## खजुराहो मिनरल्स ने बैदपुर और कुंवरपुरा में बांटे 2000 फलदार पौधे

**छतरपुर ।** खजुराहो मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की। कंपनी ने ग्राम बैदपुर और कुंवरपुरा में ग्रामीणों, किसानों और शासकीय स्कूलों को 2000 उन्नत किस्म के फलदार पौधों का निश्शुल्क वितरण किया। वनखंड माचीगढ़, वन परिक्षेत्र जतारा के वन कक्ष क्रमांक 262 में डायस्पोर और पायरोफिलाइट खनन के लिए स्वीकृत खदान संचालित करने वाली खजुराहो मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड ने सामाजिक दायित्व के तहत यह कदम उठाया। ग्राम बैदपुर में ग्रामीणों, किसानों और शासकीय स्कूलों को उन्नत किस्म के फलदार वृक्ष निश्शुल्क प्रदान किए गए। इसी तरह, ग्राम कुंवरपुरा में भी ग्रामीणों और स्कूलों को पौधे वितरित किए गए। कंपनी ने ग्रामीणों से इन पौधों की देखभाल करने का आग्रह किया ताकि गांवों में हरियाली बनी रहे और पर्यावरण सुरक्षित रहे। यह पहल न केवल स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगी, बल्कि ग्रामीणों को फलदार वृक्षों से दीर्घकालिक लाभ भी प्रदान करेगी।

## पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही, एक होमस्टे सील, अन्य पर चल रहा बुलडोजर



**जागरण, छतरपुर ।** ग्राम गढ़ा में बने होमस्टे के हादसे से प्रशासन और पुलिस एक्टिव मोड में आ गई है। मंगलवार को कलेक्टर एवं एसपी ने मौके पर जाकर अन्य अधिकारियों के माध्यम से निरीक्षण कराया और गैर कानूनी ढंग से बने होमस्टे को गिराने के निर्देश दिए। एक होमस्टे सील कर दिया गया है। निरीक्षण में तीन घरेलू गैस सिलेंडर भी जप्त किए गए हैं। मानकों को दरकिनार कर बने होमस्टे गिराए जा रहे हैं।जानकारी के मुताबिक भारी बारिश और आसपास कहीं बिजली के गिरने की धमक से एक ढावे की दीवार गिर गई जिससे उसमें करीब एक दर्जन लोग दब गए। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई अन्य लोग घायल हो गये। इस घटना के बाद कलेक्टर पार्थ जायसवाल और एसपी अगम जैन गढ़ा पहुंचे जहां उन्होंने होम स्टे की जांच करवाई। जांच के दौरान कई होम स्टे मानको के अनुरूप नहीं मिले, जिन्हें गिराने के आदेश दिए गए। देर शाम प्रशासन की जेसीबी ने होमस्टे गिराने शुरू कर दिए। निरीक्षण के दौरान राजेंद्र सिंह घोष के होम स्टे को राधेश्याम चौरसिया किराए पर संचालित कर रहे थे इसमें कमी पाए जाने पर सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान राजनगर एसडीएम प्रशांत अग्रवाल, खजुराहो एसडीओ की नवीन दुबे, नौगांव एसडीओपी अमित मेश्राम, जनपद सीईओ राकेश शुक्ला, तहसीलदार धीरज गौतम, एमपीईबी, खाद्य विभाग के अधिकारियों के अलावा ग्राम पंचायत के सचिव और पटवारी उपस्थित रहे।

## आम रास्ता खुलवाने के लिए फिर से कलेक्टर के पास पहुंचे सिंहपुर के ग्रामीण

**छतरपुर ।** महाराजपुर तहसील के ग्राम सिंहपुर में आम रास्ते को अवरुद्ध किए जाने से परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को एक बार फिर कलेक्टर की जनसुनवाई में आवेदन देकर रास्ता खुलवाने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने तहसीलदार सहित प्रशासन पर लापरवाही करने और और प्रभावशाली लोगों के सामने नतमस्तक होने का आरोप लगाया। सिंहपुर के किसान नृपत राजपूत, रुपसिंह राजपूत, तेजसिंह राजपूत, प्रेमशंकर, मलखान, मुन्नालाल, रामपाल आदि बताया कि शासकीय नक्शे में दर्ज आम रास्ता पिछले चार महीनों से पटवारी राजेंद्र प्रसाद राजपूत और पंचायत सचिव रामसिंह राजपूत द्वारा बंद किया गया है। उनका आरोप है कि पटवारी राजेंद्र प्रसाद राजपूत और पंचायत सचिव रामसिंह राजपूत के आगे प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने दो बार जनसुनवाई में और तीन बार तहसीलदार को आवेदन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की गई लेकिन यहां से भी निराशा हाथ लगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने रास्ता नहीं खुलवाया, तो वे स्वयं रास्ता खोलेंगे और इस दौरान किसी विवाद की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत ने सुनी लोगों की समस्याएं



**जागरण, मंडला।** जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। सीईओ जिला पंचायत ने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। सीईओ ने वीसी के माध्यम से भी अधिकारियों को निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिये। सम्पन्न हुई जनसुनवाई में 35 आवेदन आये। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह और अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी और समय सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ, एसडीएम सोनल सिडाम सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## जनसुनवाई में नागरिकों ने की विभिन्न समस्याओं के समाधान की माँग

**जागरण, डिंडोरी ।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 49 आवेदन प्रस्तुत किये गए जिनका त्वरित निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। आज जनसुनवाई में मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्री अनिल कुमार, तहसीलदार श्री रामप्रसाद मार्को, पीएचई श्री अफजल इमाम उल्ला, पीडब्लूडी श्री एम.एस धुर्वे, डीपीसी श्री राघवेन्द्र मिश्रा, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्री दीपक आर्मो, उद्योग प्रबंधक संजय सुमन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।रास्ता खराब होने से ग्रामीण परेशान ग्राम पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत संगमपुर के रैय्या टोला के ग्रामीणों ने बताया कि बरसात में मुख्य मार्ग तक पहुंचने का रास्ता कीचड़ और गड्ढों से भर जाता हैए जिससे स्कूली छात्र -छात्राओं, मरीजों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने शीघ्र पक्की सड़क निर्माण की मांग की है। ग्राम भाजिटोला निवासी श्री डाकेश्वर ने बताया कि वह अप्रैल 2024 से नल जल योजना के अंतर्गत जल आपूर्ति का कार्य कर रहे हैं, परंतु उन्हें अब तक मजदूरी का भुगतान नहीं मिला है। उन्होंने सरपंच पर धमकाने और भुगतान से इंकार करने का आरोप लगाते हुए मजदूरी राशि दिलाने की मांग की। शिक्षिका भावना मार्को ने अपने आवेदन में बताया कि उन्हें और उनके पति दोनों को अलग.-अलग विकास खंडों में स्थानांतरित कर दिया गया हैए जिससे परिवार को गंभीर समस्या हो रही है। उन्होंने दोनों को एक ही स्थान पर पदस्थापित करने की मांग की।ग्राम अखड़ार निवासी अघनू सिंह बैगा ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया था, परंतु अभी तक किश्त की राशि उनके खाते में नहीं आई है। पुराने कच्चे घर को तोड़कर वे नए मकान में शरण लिए हुए हैं, लेकिन बरसात में उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## बकस्वाहा सांदीपनी सीएम राइज स्कूल में प्राचार्य का शर्मनाक कारनामा

**छतरपुर ।** शासकीय सांदीपनी सीएम राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बकस्वाहा के प्राचार्य का शर्मनाक कारनामा सामने आया है। दरअसल उक्त विद्यालय के बाथरूम में सीसीटीवी कैमरा लगा पाया गया है, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस सनसनीखेज मामले ने स्कूल प्रशासन और प्राचार्य की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि प्राचार्य ने बच्चों के आपत्तिजनक वीडियो बनाने की मंशा से यह कदम उठाया, जिससे अभिभावकों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया है। बहरहाल कमिश्नर ने इस पूरे मामले को संज्ञान में लेकर कलेक्टर को जांच के निर्देश दिए हैं। वहीं कलेक्टर ने तत्काल बकस्वाहा तहसीलदार को मौके पर भेजकर जांच कराई है। इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी ने भी प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस भेजकर तुरंत जवाब मांगा है ।

## विन्ध्य से बाबा बैजनाथ धाम जायेंगे कांवड़ियों के जत्थे

**जागरण, रीवा।** आगामी 11 जुलाई से 09 अगस्त तक सावन के महीने में हर मनो कामना पूर्ण करने वाले बाबा बैजनाथ के दर्शन के लिये विंध्य से भी कांवड़ियों के जत्थे रवाना होंगे जिसके लिये तैय्यारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। कांवड़ियों को बाबा बैजनाथ जाने के लिये एवं चाकघाट, प्रयागराज एवं हनुमना, मिर्जापुर, वाराणसी होकर दूसरा प्रमुख मार्ग है, जिसमें मार्ग में पड़ने वाले ग्रामों एवं कस्बो में कांवड़ियों के रात्रि विश्राम के साथ भोजन के लिये भी विभिन्न संस्थाओं एवं धर्मपरायण नागरिकों द्वारा व्यवस्था प्रदान करने के लिये योजना बनाई जा रही है। अधिकांश कांवड़िये पैदल यात्रा करके दर्शनों के लिये बैजनाथ जी जाते है और जल चढ़ाकर अपनी मन्नत पूरी करते हैं। यह जानकारी हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी, आजीवन संरक्षक सुरेश विश्नोई ने दी है। हिन्दू धर्म परिषद के संरक्षक डॉ. सी.बी.शुक्ला, डॉ. के.के.परौहा, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. राहुल मिश्रा, डी.पी.सिंह परिहार, डॉ. रश्मी शुक्ला, अविराज, अवधेश श्रीवास्तव, डॉ. विनोद तिवारी, विजय मोहन तिवारी, पप्पू कनौजिया, डॉ. नरेश बजाज, डॉ. आदित्य सिंह, ग्रामीण अध्यक्ष आशीष तिवारी निर्मल, मऊगंज अध्यक्ष शिवेन्द्र मिश्रा एड. के साथ संयोजक सुमित माँजवानी, अध्यक्ष डॉ. प्रवीर चंद दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश राय, महिला अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. गीता शुक्ला गीत युवा अध्यक्ष विकास सेन आर्यन, कार्यकारी अध्यक्ष उमेश कुशवाहा आदि ने विंध्य के धर्म प्रेरकों से ऐसे पवित्र धार्मिक अनुष्ठान में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है। परिषद द्वारा बाहर से आने वाले और स्थानीय कांवड़ यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिये जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से अपनी सार्थक भूमिका निभाने के लिये आगे आने के लिये निवेदन किया है। रास्ते में पड़ने वाले ढाबों की स्वच्छता की जांच करने की आवश्यकता बताई है।

## आदिवासी महापंचायत गढ़ा-मण्डला की बैठक आदिवासी धर्मशाला महाराजपुर में हुई संपन्न

**जागरण, मंडला ।** मंडला आदिवासी महापंचायत गढ़ा-मण्डला के आह्वान पर 06 जुलाई 2025 को आदिवासी धर्मशाला संगमघाट महाराजपुर मण्डला में मण्डला जिले के आदिवासी समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक डॉक्टर अशोक मर्सकोले के अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें निम्न विषयों पर विचार-विमर्श उपरांत निर्णय पारित किये।जैसे कि आगामी 09 अगस्त 2025 को विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम के आयोजक आदिवासी महापंचायत गढ़ा-मण्डला होगा तथा इसके बैनरतलै मण्डला जिला मुख्यालय में यह भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। मण्डला जिले के समस्त आदिवासी सामाजिक संगठन इस कार्यक्रम के संयोजक एवं सहयोगी होंगे। मूलनिवासी एस.टी. एस.सी. एवं ओ.बी.सी. समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों से आदिवासी महापंचायत द्वारा सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर इस कार्यक्रम में सहभागी बनाया जायेगा। उपस्थित सभी सदस्यों ने इस विषय पर विचार-विमर्श उपरांत सर्व सहमति से प्रस्ताव किया ।5 वीं अनुसूचित क्षेत्र में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13(3) क एवं 244(1) के प्रावधानों के तहत् गठित पारिम्परिक रूढ़िगत आदिवासी महापंचायत गढ़ा मण्डला के संविधान एवं नियमावली में आवश्यकतानुसार सुधार करने हेतु समाज के लोगों से सुझाव प्राप्त करने के लिये एक पाँच सदस्यीय कमेटी बनाई गई है, जिसमें सदस्यगण श्री जयसिंह धुर्वे जी. तिरू. डॉक्टर अशोक मर्सकोले जी, श्री अनिल मरकाम जी, श्री हरेन्द्र



मसराम जी एवं श्री दिनेश खण्डवाहे जी को उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्व सहमति से नियुक्त किया गया ।

आदिवासी महापंचायत गढ़ा-मण्डला के प्रबंध कार्यकारिणी एवं अन्य अनुशांगिक संगठनों/उप-समितियों का आगामी कार्यकाल 10 अगस्त 2025 से 09 अगस्त 2026 तक एक वर्ष के लिये गठन हेतु उपस्थित सभी द्वारा विचार-विमर्श किये गये तथा आगामी 09 अगस्त 2025 को सर्व सहमति से प्रबंध कार्यकारिणी एवं अन्य अनुशांगिक संगठनों/उप-समितियों की घोषणा कर कार्यभार सौंपा जायेगा ।

आगामी 09 अगस्त 2025 को विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय आदिवासी महापंचायत गढ़ा-मण्डला में संयुक्त राष्ट्र संघ के मंशानुसार आदिवासी/अनुसूचित जनजाति/मूलनिवासी सामाजिक संस्कृति को बचाने हेतु सर्व आदिवासी समाज के नेंग-सेंग (जन्म, विवाह एवं मृत्यु संस्कार) तथा तीज-त्यौहारों के कार्यक्रमों को सम्पन्न करने में एकरूपता बनाने के लिये विस्तृत नियमावली/ गाईडलाईन तैयार करने हेतु उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्व सहमति से कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें सदस्यगण धनुवा लाल उईके, तेजलाल धुर्वे, रामा पन्द्रो, धनसिंह पावले, दीपक कांते, कमलकिशोर आर्मो, काशीराम तुमराली, सरिता मरावी एवं सोमवती धुर्वे को उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्व सहमति से नियुक्त किया गया है। इसमें आगामी बैठकों में दस से बीस सदस्य और जोड़े जायेंगे।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम की तैयारी के लिये प्रत्येक रविवार एवं शासकीय अवकाश दिवसों पर जिला मुख्यालय मण्डला में दोपहर 12ः00 बजे से बैठक होगी तथा हर सप्ताह गूगल मीटिंग भी होगी, जिसमें कार्य दायित्व के लिये विभिन्न कमेटियों का गठन भी किया जायेगा। साथ ही प्रतिदिन आदिवासी महापंचायत के पदाधिकारी एवं सहयोगी संगठन के प्रतिनिधिगण भी तैयारी के लिये अदिवासी महापंचायत गढ़ा-मण्डला के अस्थाई कार्यालय पता माँ नर्मदा नगर, पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास, राजीव कॉलोनी, देवदरा मण्डला में दोपहर 01 बजे से रात 08 बजे तक सुविधानुसार अर्थात जो सगाजन नौकरीपेशा में नहीं है ।

## मूसलाधार बारिश से तबाही, जगनाथर में बाढ़ में फंसे 20 लोग रेस्क्यू, नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर

**जागरण, मंडला ।** ग्राम जगनाथर में बाढ़ के पानी में फंसे 20 लोगों को एसडीईआरएफ (स्ध्रश्वक्रस्न) की टीम ने देर रात रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। नर्मदा का जलस्तर मंगलवार सुबह 438.10 मीटर दर्ज किया गया, जो सामान्य स्तर से ऊपर है।

**शहर जलमग्न, घरों और दुकानों में घुसा पानी :** मंडला शहर के कलेक्टोरेट कॉलोनी, सुभाष वार्ड और भगतसिंह वार्ड सबसे अधिक प्रभावित रहे। कई घरों में पानी भर गया। जल निकासी की व्यवस्था बाधित होने से लोगों को बड़ी परेशानी झेलनी पड़ी। चिलमन चौक स्थित होटल पैराडाइज के नीचे की दुकानें और रेडक्रॉस भवन के आसपास के क्षेत्र जलभराव से प्रभावित हुए।

**पुलों पर बह रहा पानी, घाटों तक पहुंचा नदी का जल :** माहिष्मती घाट का छोटा पुल पूरी तरह जलमग्न हो गया, जिसके ऊपर करीब 1.5 मीटर पानी बह रहा है। झूला पुल के नीचे के घाट और वहां स्थित मंदिरों तक भी पानी पहुंच गया है।

**सोशल मीडिया पर फूटा नागरिकों का गुस्सा :** स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए सोशल मीडिया पर गुस्सा जाहिर किया। लोगों का कहना है कि हर साल यही स्थिति बनती है लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। नालों की सफाई और जल निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से हालात बिगड़े।

**बारिश के आंकड़े चौंकाने वाले, सामान्य से दोगुनी वर्षा :** जिले में 1 जून से 8 जुलाई तक कुल 792.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो पिछले साल की इसी अवधि में हुई 340.4 मिमी बारिश से कहीं अधिक है। नैनपुर (126.4 मिमी) और मंडला (124.4 मिमी) में सर्वाधिक वर्षा हुई है।



**प्रशासन की सतर्कता और अपील :** प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदी-नालों से दूरी बनाए रखें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन से संपर्क करें। रेस्क्यू और राहत कार्य जारी हैं, और हालात पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलेहा में घटित घटना में आया नया मोड

## रात्रि में गेट में ताला लगा कर आराम फरमाते रहते कर्मचारी मन गढ़ंत कहानी गढ़ कर बीमार और परिजनों की झूठी शिकायत

## ग्राम पंचायत छिजौरा सरपंच शशि सिंह ने कलेक्टर पुलिस अधीक्षक से न्याय की लगाई गुहार




जागरण, पन्ना

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलेहा आए दिन सुर्खियों में रहता है सलेहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का कर्मचारी रात्रि में ताला जड़कर आराम फरमाता नजर आता है अगर कोई पेशेंट रात में आता है तो अभद्रता पूर्वक व्यवहार कर झूठे केस में फसाने की आए दिन थाने में शिकायत करता है । ऐसी ही घटना की शिकार ग्राम पंचायत छिंजौरा की सरपंच श्री मति शशि सिंह दिनांक 5.7.2025 के साथ हुई श्रीमती शशि सिंह के सीने में बेचैनी और और असहनीय दर्द हुआ वह अपनी दोनों बच्चियों के साथ व भतीजे के साथ व चाची के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रात्रि 11ः00 लगभग पहुंची तब गेट में ताला लटका था प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंदर आवाज़ आ रही थी स्टाफ मौज मस्ती में लीन था लेकिन गेट खोलने की फुर्सत नहीं थी श्रीमती शशि सिंह के परिजन गेट से चिल्लाते रहे गेट खटखटाते रहे लेकिन स्टाफ ने एक न सुनी अंदर वाले गेट से ड्यूटी नर्स रूपा पटेल स्वीपर गेंदा राजा चौकीदार परमलाल लोधी द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया गाली गलौज की गई और बोले कि यहां इलाज नहीं होगा चले जाओ जहां जाना हो जिससे सुनना हो सुना दो तुम यहां इलाज नहीं होगा हम सुबह तुम्हे लंम्बे केस में फसाते है मरते क्या ना करते श्रीमती शशि सिंह ने अपना इलाज प्राइवेट डॉक्टर से सलेहा में कराया जब उनकी जान बच सकी आज भी उनका इलाज सतना में बीएल गुप्ता के यहां भर्ती होकर चल रहा है।

श्रीमती शशि सिंह ने जब सोशल मीडिया के माध्यम से देखा कि फर्जी वीडियो अस्पताल प्रबंधन द्वारा जारी कर उल्टा पेशेंन्ट और उसके परिजनों को फसाने के लिए वायरल किए गए है और मीडिया में वायरल किए गए जो सच्चाई से कोसों दूर है क्योंकि स्टाफ ने गलती की थी इसलिए अपनी गल्तियों को छुपाने के लिए पेशेंट और उसकी परिजनों के ऊपर ही आरोप मढ़ दिए गए श्रीमती शशि सिंह ने थाना सलेहा में आवेदन देकर निष्पक्षता की जांच कर स्टाफ के ऊपर मामला पंजीबद्ध करने हेतु एक शिकायती आवेदन पत्र दिया है साथ ही पन्ना पुलिस अधीक्षक जिला कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उक्त संबंध में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है क्योंकि सलेहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पेशेंन्ट और उनके परिजनों के साथ आए दिन अभद्रता स्टॉप करता आ रहा है और ऊपर से लोगों की झूठी शिकायत कर्ता चला आ रहा है जिसे आम जनमानस में भारी आक्रोश एवं नाराजगी है श्रीमती शशि सिंह ने आवेदन पत्र में बड़ी स्पष्टता के साथ उल्लेख किया है कि किस प्रकार कूट रचित वीडियो जारी कर अपनी बचत के लिए उल्टा मरीज और उसके परिजन के ऊपर हीआरोप मढ़ दिए श्रीमती शशि सिंह ने लिखा है कि जब एक जनप्रतिनिधि के ऊपर अस्पताल प्रबंधन झूठे आरोप लगा सकता है तो आम जनमानस का क्या हाल होगा सोशल मीडिया में वायरल वीडियो की सत्यता की जांच करने जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी पहुंचे तो चौकीदार परमलाल द्वारा बताया गया कि स्टाफ द्वारा मुझे गेट में रोज रात में ताला लगवा दिया जाता है और खोलने के लिए मना किया जाता है मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्थिति को भांपते हुए सत्यता की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने स्टाफ को समझाइस दी और रात में ताला ना लगाने की नसीहत दी और मरीजों से अच्छा व्यवहार करने के लिए निर्देश दिए साथ ही अनावश्यक थाने में रिपोर्ट न करने की भी निर्देश दिए । समाचार पत्रों के माध्यम से जिला कलेक्टर से सलेहा क्षेत्र के जनमानस ने आवाज उठाई है कि सलेहा प्राथमिक स्वास्थ्य स्टाफ द्वारा जो अनर्गल वीडियो जारी कर दो बार की चुनी हुई महिला सरपंच के ऊपर और उनके परिजनों के ऊपर झूठे केस लगाने का षड्यंत्र रचा गया था इसकी निष्पक्षता से जांच कर दोषी स्टाफ को तत्काल निलंबित कर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है।

# प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर बीएलओ को नोटिस जारी

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में वर्तमान में विधानसभा स्तर पर समस्त बीएलओ को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत गत मंगलवार को पवई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय अमानगंज में आयोजित प्रशिक्षण में बगैर सूचना एवं आवेदन के अनुपस्थित रहने पर शासकीय उ.मा. विद्यालय पगरा में पदस्थ एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 51 के बीएलओ सुखदेव प्रसाद अहिरवार तथा शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय अमानगंज में आयोजित प्रशिक्षण से अनुपस्थिति पर शासकीय हाईस्कूल रामपुर में पदस्थ एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 2 के बीएलओ स्वामीदीन चतुर्वेदी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अमानगंज ममता मिश्रा ने नोटिस जारी कर दो दिवस के भीतर संबंधित बीएलओ को स्वयं उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि बूथ लेवल अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर दूरभाष पर भी संपर्क किया गया। इसके बावजूद उपस्थित दर्ज नहीं कराने एवं निर्वाचन कार्य में व्यवधान उत्पन्न होने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही के संबंध में नोटिस जारी किया गया है।

# बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिए निकाली जागरुकता रैली




**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के उद्देश्य से आज पन्ना नगर के वार्ड क्रमांक 17, रानीगंज, गोविन्द चौक, बल्देव चौक एवं गुरूद्वारा के पास से होते हुए वृहद जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान आमजनों से बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम की अपील की गई। साथ ही शिक्षा के महत्व के बारे में अवगत कराते हुए रैली के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा भिक्षा नहीं, शिक्षा दें के नारे भी लगाए गए। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी पन्ना शहरी किरण खरे, संरक्षण अधिकारी इन्द्रजीत अहिरवार, पर्यवेक्षक अंजली गुप्ता, शिवम अरजरिया, अमित नायक, नंदनी दीक्षित सहित विभागीय स्टॉफ और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं भी उपस्थित रहीं।

उल्लेखनीय है कि किशोर न्याय बालकों के देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 की धारा 76 के तहत किसी बालक से भीख मांगने अथवा मंगवाने पर 5 वर्ष के कारावास और एक लाख रूपए से दंडित करने का प्रावधान है। साथ ही किसी व्यक्ति द्वारा इस उद्देश्य से बालक को दिव्यांग करने पर 7 से 10 वर्ष के कारावास और 5 लाख रूपए जुर्माना का प्रावधान भी है। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जनसामान्य से भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए विभाग का सहयोग करने तथा इस संबंध में टोल फ्री नंबर 1098 पर सूचित करने का आग्रह भी किया गया है।

## जनसुनवाई में आए 25 आवेदन

**पन्ना ।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 25 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा जिला मुख्यालय की जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। राज्य शासन के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

# कलेक्टर ने आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत जारी किए निर्देश



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार आगामी 10 दिवस में पन्ना जिले में अत्यधिक वर्षा की संभावना के मद्देनजर एवं आमजन की सुरक्षा के दृष्टिगत समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को निरंतर वर्षा की स्थिति में आपदा प्रबंधन, राहत व बचाव संबंधी कार्यों के लिए सदैव तत्पर एवं उपलब्ध रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी पटवारियों को अपने हल्कों में तथा ग्राम पंचायत के सचिव व रोजगार सहायक, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को भी अपने ग्राम व मुख्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने तथा लगातार वर्षा की स्थिति में मुख्यालय पर ही निवास करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अलावा सभी राजस्व अधिकारियों एवं नगरीय निकायों के सीएमओ तथा जनपद पंचायत सीईओ को भी मुख्यालय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने तथा निरंतर वर्षा की स्थिति में अपने मुख्यालय पर निवास करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला कलेक्टर द्वारा निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के लिए कहा गया है। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर व्यक्तिगत उत्तरदायित्व निर्धारित होगा।

# स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम पंजीयन अनिवार्य

**पन्ना।** जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों का नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराने के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सहित शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय प्राचार्य तथा अनुसूचित जाति-जनजाति उत्कृष्ट, सीनियर व जूनियर छात्रावास अधीक्षकों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जनजातीय कार्य विभाग के निर्देशानुसार कक्षा 9वीं से महाविद्यालय में अध्ययनरत जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी, जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है एवं वार्षिक आय सीमा दो लाख 50 हजार रूपए से कम है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। विद्यार्थियों द्वारा एक बार ओटीआर नंबर प्राप्त कर लेने के उपरांत भविष्य में भी छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। इसके लिए पृथक से पुनः पंजीयन की आवश्यकता नहीं होगी।

जिला संयोजक आर.के. सतनामी ने बताया कि कक्षा 9वीं से महाविद्यालय स्तर तक अध्ययनरत जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) करने की प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण में विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप पोर्टल की वेबसाइट से अथवा मोबाईल पर एनएसपी ओटीआर मोबाइल एप डाउनलोड कर एवं वांछित जानकारी भरकर रेफरेंस नंबर प्राप्त करना होगा। द्वितीय चरण में एनएसपी ओटीआर एप एवं आधार सर्विसेस एप डाउनलोड कर रेफरेंस नंबर के माध्यम से ओटीआर की प्रक्रिया पूर्ण करना होगी। एमपी टॉस पोर्टल पर छात्रवृत्ति के लिए आवेदन के दौरान ओटीआर नंबर दिया जाना अनिवार्य है। ओटीआर के लिए विद्यार्थी का आधार से लिंक मोबाइल नंबर और आधार लिंक सक्रिय बैंक खाता होना जरूरी है। उक्त कार्रवाई आगामी 30 जुलाई के पूर्व संपादित करवाने का आग्रह किया गया है।

## माधव आदिवासी को 11.95 कैरेट वजन का मिला हीरा

**पन्ना।** हीरा खदान क्षेत्र कृष्णा कल्याणपुर (पटी) में अस्थाई अनुज्ञा पत्र पट्टाधारी एवं हीरापुर टपरियन निवासी माधव आदिवासी को आज 11.95 कैरेट वजन का हीरा प्राप्त हुआ। यह उज्जवल किस्म का है। हीरा अधिकारी रवि पटेल द्वारा इस संबंध में जानकारी दी गई।

## अतिवृष्टि एवं बाढ़ के दृष्टिगत पशुपालकों को प्रदान करें आवश्यक जानकारी

**पन्ना ।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. एन.के. गुप्ता द्वारा समस्त ब्लॉक के विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारियों तथा पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ व खण्ड स्तरीय बाढ़ नियत्रण प्रकोष्ठ के प्रभारियों को अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर पूर्व में जारी एडवाइजरी अनुसार पशुपालकों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बाढ़ की पूर्व तैयारी के संबंध में जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने सहित अधिकारी-कर्मचारियों को अपने प्रभार की संस्था पर उपस्थित रहने के लिए भी निर्देशित किया गया है। बताया गया है कि सभी पशु संस्थाओं में पर्याप्त टीका और औषधियां उपलब्ध हैं। सभी क्षेत्राधिकारी टीकाकरण कार्य शीघ्र पूर्ण करें। अतिवृष्टि की स्थिति में संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध रहेगा।

# चाँद सिल्वर फॉल में फिसलकर युवक की मौत

## प्रशासनिक प्रतिबंध और मीडिया की चेतावनियों के बावजूद नहीं चेता अमला, हादसे ने खोली सुरक्षा व्यवस्था की पोल



**पवई।** पवई क्षेत्र स्थित लोकप्रिय पर्यटन स्थल चाँदा सिल्वर फॉल में मंगलवार प्रातः एक हृदयविदारक दुर्घटना में 19 वर्षीय युवक की फिसलकर गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान धीरेन्द्र राजपूत पिता राजकुमार राजपूत, निवासी ग्राम जमुनिया, थाना गुनौर (जिला पन्ना) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, धीरेन्द्र अपने चार रिश्तेदारों के साथ धार्मिक यात्रा पर पवई स्थित हनुमान भाटे दर्शन हेतु आया था। दर्शन उपरांत सभी ने पहले कलेही धाम में पतने नदी में स्नान का विचार किया, किंतु बाद में वे चाँद सिल्वर फॉल चले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धीरेन्द्र ने वहां स्नान न करते हुए अपनी बाइक धोने का निश्चय किया और उसे जलधारा की दिशा में ले गया। बाइक को खड़ा कर जैसे ही वह झुककर धोने लगा, फिसलनभरी चट्टानों के कारण उसका संतुलन बिगड़ा और वह गहरे फॉल में जा गिरा। देखते ही देखते वह जलप्रपात में समा गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम समीक्षा जैन, नायब तहसीलदार शिवम गौतम तथा पवई थाना प्रभारी पुलिस बल सहित तत्काल मौके पर पहुंचे। घटनास्थल की परिस्थितियों को गंभीर देखते हुए एसडीआरएफ टीम (पन्ना) को बुलाया गया, जिसने एक घंटे के सघन रेस्क्यू अभियान के उपरांत शव को जलप्रपात से बाहर निकाला। मृतक के परिजनों एवं साथीजन घटना से व्यथित एवं अचेत अवस्था में हैं। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। इस घटना ने एक बार पुनः प्रशासनिक लापरवाही और सुरक्षा उपायों की अनदेखी को उजागर किया है। जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में जलप्रपातों पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए थे, साथ ही स्थानीय मीडिया द्वारा लगातार इस क्षेत्र की खतरनाक स्थिति को लेकर समाचार प्रकाशित किए जा रहे थे, बावजूद इसके संबंधित प्रशासनिक तंत्र द्वारा कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई।

# अमृत हरित महा अभियान अंतर्गत किया गया पौधरोपण




**टीकमगढ़/पलेरा।** अमृत हरित महाअभियान अंतर्गत नगर के फिल्टर प्लांट पर मंगलवार को वृहद रूप से वृक्षारोपण किया गया। जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा, सीएमओ शिवी उपाध्याय, उपयंत्री मोनिका खरे, समाजसेवी, समस्?त पार्षदगण, गणमान्य नागरिक एवं नगर परिषद कर्मचारी मौजूद रहे। जिसमे फलदार छायादार पौधो को रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि इसका उददेश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढाना वृक्षारोपण हमारे पर्यावरण और जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल हमें शुद्ध हवा और ऑक्सीजन प्रदान करता है, बल्कि जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। वृक्षारोपण से मिट्टी का कटाव रुकता है और जल संरक्षण में भी सहायता मिलती है। बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के इस युग में, वृक्षारोपण एक प्रभावी उपाय है जो हमारे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ बनाए रखने में सहायक है। हमें इसके विभिन्न लाभों और महत्व को समझना चाहिए। इसके अलावा, वृक्षारोपण से जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलता है, जिससे विभिन्न प्रजातियों के जीव-जंतु और पौधे सुरक्षित रहते हैं। इसलिए, वृक्षारोपण को बढ़ावा देना और इसे एक सामूहिक प्रयास बनाना अत्यंत आवश्यक है। वृक्षारोपण से सामुदायिक भावना भी मजबूत होती है, क्योंकि लोग मिलकर पेड़ लगाते हैं और उनकी देखभाल करते हैं। वृक्षारोपण से बच्चों और युवाओं में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ती है और वे पर्यावरण की सुरक्षा के महत्व को समझते हैं।

# ग्राम मर्दा के ग्रामीणों ने कलेक्टर से की सड़क निर्माण की मांग

## जनपद अध्यक्ष मोहनी आनंद मिश्रा ने दिया समर्थन

**पवई।** ग्राम पंचायत तिल्ली के अंतर्गत आने वाले ग्राम मर्दा के ग्रामीणों ने वर्षों से बदहाल पड़ी सड़क की मरम्मत और पक्की सड़क निर्माण की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ग्रामीणों की आवाज बुलंद करने के लिए पवई जनपद अध्यक्ष मोहनी आनंद मिश्रा स्वयं ग्रामीणों के साथ जिला मुख्यालय पहुंचीं और उनकी मांग का समर्थन किया। ग्रामीणों ने बताया कि मर्दा से तिल्ली तक लगभग 5 किलोमीटर का मार्ग अत्यंत जर्जर स्थिति में है, जो कि केवल मिट्टी का बना हुआ है। यह सड़क करीब 60 साल पहले बनाई गई थी, लेकिन इसके बाद से कभी इसकी मरम्मत नहीं हुई। बरसात में यह रास्ता और भी खतरनाक हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को आवाजाही में भारी परेशानी होती है। गंभीर बीमार व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाना, प्रसव पीड़िता को ले जाना, या शव यात्रा जैसे जरूरी कार्यों के दौरान यह रास्ता बेहद मुश्किलें पैदा करता है। कई बार तो शव को कंधे पर उठाकर ले जाना पड़ता है क्योंकि वाहन नहीं पहुंच पाते। ट्रैक्टर-ट्रॉली भी इस मार्ग पर चलने में असमर्थ हैं। जनपद अध्यक्ष मोहनी आनंद मिश्रा ने कहा कि यह एक गंभीर समस्या है और ग्रामीणों की मांग पूरी तरह से जायज है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि शीघ्र सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाए, जिससे लोगों को राहत मिल सके।

# अजनौर गांव में शराब बंदी का फैसला



## ग्रामीणों ने महादेव मंदिर में ली शपथ, शराब पीने पर लगेगा 1100 रुपए का जुर्माना

**टीकमगढ़।** मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के बड़ागांव थाना क्षेत्र के अजनौर गांव में ग्रामीणों ने शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। सोमवार को ग्रामीणों ने बड़ागांव थाने पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने महादेव मंदिर में शराब पीने, बेचने और बनाने पर पूर्ण प्रतिबंध का संकल्प लिया है। उन्होंने पुलिस विभाग से इस अभियान में सहयोग की मांग की है। पंचायत सरपंच भज्जू लोधी के अनुसार, गांव के सभी लोगों ने एकमत होकर यह निर्णय लिया है। नियम का उल्लंघन करने वालों पर 11 सौ रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। ग्रामीणों ने पुलिस से नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने के दौरान सुनील लोधी, गुलाब लोधी, राममिलन लोधी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# 15 अगस्त से एक बगिया मां के नाम अन्तर्गत शुरू होगा पौधरोपण

## स्वसहायता समूह की महिलाओं की निजी भूमि पर विकसित की जाएगी फलोद्यान बगिया

**पन्ना।** स्वसहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत एक बगिया मां के नाम परियोजना शुरू की गई है। इसके अंन्तर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं की निजी भूमि पर फलोद्यान की बगिया विकसित की जाएगी। पहली बार होगा जब अत्याधुनिक तरीके से पौधरोपण का कार्य किया जाएगा। ऐप्प के माध्यम से हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इस संबंध में निर्देश भी जारी किए गए हैं।

एक बगिया मां के नाम परियोजना का लाभ लेने वाली आजीविका मिशन के स्वसहायता समूह की महिला का चयन एक बगिया मां के नाम ऐप्प से किया जाएगा। मनरेगा परिषद द्वारा मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से ऐप्प निर्माण किया गया है। अन्य किसी माध्यम से हितग्राही का चयन नहीं किया जाएगा। चयनित महिला हितग्राही के नाम पर भूमि नहीं होने की दशा में उस महिला के पति, पिता, ससुर और पुत्र की भूमि पर सहमति के आधार पर पौधरोपण किया जाएगा। एक बगिया मां के नाम परियोजना अंतर्गत समूह की महिलाओं के निजी जमीन पर फलदार पौधे लगाए जाएंगे, जो समूह की महिलाओं की आर्थिक तरक्की का आधार बनेंगे। परियोजना के अंतर्गत हितग्राहियों को पौधे, खाद और गड्ढे खोदने के साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए कटीले तार की फेंसिंग और सिंचाई के लिए 50 हजार लीटर का जल कुंड बनाने के लिए राशि प्रदान की जाएगी।

ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक प्रमोद शुक्ला ने बताया कि परियोजना अंतर्गत प्रत्येक ब्लॉक में न्यूनतम 100 हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। चयनित पात्र महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण महिलाओं को वर्ष में दो बार दिया जाएगा। एक बगिया मां के नाम परियोजना के तहत पौधरोपण के लिए जमीन का चयन वैज्ञानिक पद्धति (सिपरी सॉफ्टवेयर) के माध्यम से किया जाएगा। जमीन चिन्हित होने के बाद सॉफ्टवेयर से भूमि का परीक्षण किया जाएगा। जलवायु के साथ ही किस जमीन पर कौन सा फलदार पौधा उपयुक्त है। पौधा कब और किस समय लगाया जाएगा। सिपरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से यह पता लगाया जाएगा कि पौधों की सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी का स्रोत कहां उपलब्ध है। जमीन के उपयोगी नहीं पाए जाने पर पौधरोपण का कार्य नहीं होगा। एक बगिया मां के नाम परियोजना का लाभ लेने के लिए चयनित हुई समूह की महिला के पास बगिया लगाने के लिए भूमि भी निर्धारित की गई है। चयनित महिला के पास न्यूनतम आधा एकड़ या अधिकतम एक एकड़ जमीन होना अनिवार्य है।

**प्रति 25 एकड़ पर एक कृषि सखी होगी नियुक्त :** फलोद्यान की बगिया लगाने के लिए चयनित हितग्राहियों की सहायता के लिए कृषि सखी नियुक्त की जाएगी। ये कृषि सखी हितग्राहियों को खाद, पानी, कीटों की रोकथाम, जैविक खाद, जैविक कीटनाशक तैयार कराने और अंतर्वर्तीय फसलों की खेती के बारे में जानकारी देगी।

# गर्भवती गौवंश को पीटा तो कर दी हत्या

## आरोपी ने कुल्हाड़ी मारकर गर्दन धड़ से अलग की थी, दो दिन बाद पकड़ाया



**टीकमगढ़।** जिले के चंदेरा थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव में हुई हत्या मामले में पुलिस ने आरोपी संतोष अहिरवार (39) को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अखिलेश कुशवाहा (35) की हत्या कुल्हाड़ी से की थी। घटना तीन दिन पहले शनिवार रात (5 जुलाई) की है। मृतक और आरोपी पठुलिया बाबा की चौतरियों पर बैठकर बीड़ी-गांजा पी रहे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर दोनों में विवाद हो गया। आरोपी ने गुस्से में आकर अखिलेश की गर्दन पर कुल्हाड़ी से तीन वार किए। इससे उसका सिर धड़ से अलग हो गया।

**इन पुराने विवादों की वजह से की हत्या :** पुलिस के अनुसार, दोनों के बीच कई पुराने विवाद थे। पिछले पंचायत चुनाव में आरोपी की पत्नी प्रत्याशी थीं। मृतक ने उनके पक्ष में प्रचार नहीं किया था। इसके अलावा, मृतक ने पहले आरोपी की गाय का सींग तोड़ा था। एक बार उसने आरोपी की गर्भवती गाय को भी मारा था, जिससे गर्भ में पल रहा बच्चा भी मर गया था।

**घटना के दो दिन बाद पकड़ाया आरोपी :** पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन डॉ. हिमानी खन्ना और पुलिस उप महानिरीक्षक छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी मनोहर मंडलोई के निर्देश जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने चार टीमें बनाकर आरोपी की तरह शुरू की। घटना के दो दिन बाद ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**कुल्हाड़ी और आरोपी के खून से सने कपड़े जब्त :** पुलिस ने आरोपी को सिद्ध बाबा मंदिर के पास सपरार नदी घाट से गिरफ्तार किया। वारदात में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी और आरोपी के खून से सने कपड़े भी बरामद कर लिए गए हैं। खुलासे के दौरान एडिशनल एसपी सीताराम ससत्या, चंदेरा थाना प्रभारी रश्मि जैन सहित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# 40 सुरक्षा जागरूक कर्मचारियों को अधिकारियों ने किया सम्मानित

## मेगा पेप टॉक ने एनटीपीसी विन्ध्याचल में सुरक्षा संस्कृति को किया सुदृढ़

**जागरण, विंध्यनगर**

सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से एनटीपीसी विन्ध्याचल ने आज एमजीआर कर्मचारियों के लिए एक मेगा पेप टॉक का आयोजन किया। यह पहल कार्यस्थल को शून्य दुर्घटना क्षेत्र बनाने और सभी स्तरों पर सक्रिय सुरक्षा दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने के लिए चलाए जा रहे सुरक्षा संवेदनशीलता अभियान का हिस्सा थी। इस प्रेरणादायक सत्र का नेतृत्व परियोजना प्रमुख विंध्याचल संजीब कुमार साहा ने किया। उन्होंने कर्मचारियों को यह संदेश दिया कि सुरक्षा केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि प्रत्येक कार्य में शामिल एक दैनिक प्रतिबद्धता होनी चाहिए। उनके साथ ए.जे. राजकुमार महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण राजशेखर पाला महाप्रबंधक प्रचालन और डॉ. प्रतिमा महेन्द्रा वरिष्ठ विशेषज्ञ एवं सीएमओ इंचार्ज विन्ध्या चिकित्सालय उपस्थित रही। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मिलकर कर्मचारियों से सतर्क अनुशासित और एकजुट रहकर सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने का आह्वान किया। सत्र की शुरुआत में परियोजना प्रमुख विंध्याचल संजीब कुमार साहा एवं राजशेखर पाला प्रचालन द्वारा हिंदी में सुरक्षा शपथ दिलाई गई जिससे प्रत्येक कर्मचारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी और उच्च सुरक्षा मानकों के पालन की प्रतिबद्धता दोहराई गई। मुकेश कश्यप अपर



महाप्रबंधक एमजीआर ने एमजीआर संचालन की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए कोयला परिवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तय प्रक्रियाओं के कठोर अनुपालन की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं आशीष कुमार अग्रवाल अपर महाप्रबंधक सुरक्षा ने कोयला हैंडलिंग सिस्टम से जुड़ी वास्तविक घटनाओं के उदाहरण प्रस्तुत किए और उनसे सीख लेकर खतरों को कम करने की प्रभावी रणनीतियों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम की एक अनोखी विशेषता रही मेडिकल टीम द्वारा मौसमी और व्यावसायिक स्वास्थ्य समस्याओं पर आयोजित एक जानकारीपूर्ण सत्र जिसमें कर्मचारियों को अपनी शारीरिक सेहत की सुरक्षा के व्यावहारिक उपाय बताए गए। सुरक्षा संदेश को रोचक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने के लिए चिकित्सालय स्टाफ द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गयाएजिसने कर्मचारियों पर सुरक्षा के महत्व की गहरी छाप छोड़ी। कार्यक्रम के अंत में 40 सुरक्षा-जागरूक कर्मचारियों को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया जिससे यह संदेश और भी स्पष्ट हुआ कि सुरक्षा की शुरुआत हर व्यक्ति से होती है और यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है। यह मेगा मास पेप टॉक एनटीपीसी विन्ध्याचल में सुरक्षा संस्कृति को और गहराई देने तथा कर्मचारियों की सुरक्षित जिम्मेदार और गर्वपूर्ण कार्यप्रणाली की प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम सिद्ध हुआ।

# चोरी के मामले में जबलपुर पुलिस की पूछताछ के बाद ग्रामीणों ने बैकुंठपुर थाना का किया घेराव

**जागरण, रीवा।** जबलपुर में हुई चोरी के एक मामले में रीवा जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए पुलिस द्वारा बुलाए जाने के बाद सोमवार को ग्रामीणों ने मिलकर बैकुंठपुर थाने का घेराव कर दिया। मौके पर पहुंचे एसडीओपी सिरमौर उमेश प्रजापति ने थाने का घेराव कर रहे लोगों को समझाइश देकर मामले को शांत कराया। इस पूरे मामले को लेकर विष्णु कान्त कुशवाहा निवासी सिरमौर ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व जबलपुर पुलिस ने सिरमौर निवासी मनीष कुशवाहा नामक व्यक्ति को चोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया था, जिसने चोरी करना कबूल किया था। विष्णु कांत ने बताया कि मनीष ने अपने दिए गए बयान में झूठा आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया था की चोरी का कुछ सामान उसने विष्णु कांत को बेच दिया था, जिसके बाद जबलपुर पुलिस विष्णु कांत के घर पहुंची थी और उसे पूछताछ के लिए जबलपुर बुलाया था। विष्णु कांत का कहना है की पुरानी रंजिश के चलते मनीष द्वारा उसे फंसाया जा रहा है जबकि उसके पास निर्दोष होने के पूरे साक्षी और सबूत मौजूद हैं। इसी मामले को लेकर बैकुंठपुर थाने का घेराव किया गया था।

# केऔसुब इकाई आरएनटीपीसी रिहंद द्वारा माध्यमिक विद्यालय सिरसोती में किया पौधरोपण



**जागरण, रिहंदनगर।** गृहमंत्रालय के आदेशानुसार केऔसुब इकाई आरएनटीपीसी रिहंद द्वारा आज मध्यमिक विद्यालयए सिरसोती स्कूल के शिक्षक एवं बच्चों तथा सीआईएसएफ बल सदस्यों द्वारा विद्यालय के ग्राउंड में ही सैंकड़ों फलदार पौधों का पौधारोपण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण स्थिरता और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना था। पौधारोपण कार्यक्रम में सीआईएसफकर्मियों एवं स्कूल के शिक्षकों व बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में सीआईएसफ कर्मियों ने इस दौरान स्कूली बच्चों को पर्यावरण के महत्व और सामुदायिक सेवा के बारे में समझाते हुए सभी के साथ कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। मौके पर उपस्थित स्कूल के शिक्षको ने कहा कि सीआईएसफ द्वारा आयोजित वृक्षारोपण अभियान स्थिरता और सामुदायिक जुड़ाव के प्रति बल के जवानों की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभागियों के बीच जिम्मेदारी और एकता की भावना को बढ़ावा दिया जिससे भावी पीढ़ियों के लिए हरित क्रांति और स्वच्छ वातावरण को बढ़ावा मिल सकते। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका उप कमांडेंट विशाल लक्ष्मण होलकर प्रिंसिपल श्रीमती कौशल्या देवी सहायक कमांडेंट पी. शिवा राव सहायक कमांडेंट/अग्नि ऐ. के. चौधरी निरीक्षक/कार्य के. के. सिंह निरीक्षक/कार्य बीरबल सिंह निरीक्षक/कार्य एम. पी. यादव निरीक्षक/कार्य पी. के. गोरैन निरीक्षक/फायर राधेश्याम शिक्षकों एवं इकाई के बल सदस्यों का रहा।

# किसानों के लिए खाद-बीज की व्यवस्था में बेपरवाह जिला प्रशासन : ज्ञानेंद्र

**जागरण, बैढ़न।** जिले में प्रचलित एक देसी कहावत तेरह कातिक तीन आषाढ सिंगरौली जिला में चरितार्थ हो रही है बोनी का समय निकलता जा रहा है किंतु जिलेभर में खाद बीज नदारत और प्रशानिक व्यवस्था सवालों के घेरे में है। जिले भर में सभी समितियां खाद विहीन तथा कृषि विभाग के भंडार बीज से खाली है परेशान किसान भटक रहा हैं अमानक खाद ए महंगा बीज खरीदने और व्यापारियों के हाथ लूटने के लिए मजबूर है। जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा है की किसान को खेत में बीज डालने के समय में डीएपी खाद और फसल के लिए यूरिया खाद की अत्यंत आवश्यकता होती है सहकारी समितियां के माध्यम से मिलने वाली खाद आज आषाढ़ महीना समाप्त होने के कगार पर है किंतु जिलेभर में नदारत है समितियां को अगर छोड़ दें तो सभी व्यापारियों के गोदाम खाद से भरे हुए हैं जहां तक हमारी जानकारी है खाद का उठाव जहां से समितियां का होता है वहीं से व्यापारियों का भी होता है किंतु समिति में खाद नहीं होना और व्यापारियों के यहां गोदाम भरा रहना निश्चित रूप से कुछ न कुछ दाल में काला होने का संदेह पैदा करता है। जिला प्रशासन द्वारा या तो खाद का उठाव नहीं किया जा रहा है और व्यापारियों के यहां किसान को लूटने के लिए मजबूर किया जा रहा है यह सोचने पर विवश कर देती है कि प्रशासनिक उदासीनता ही समस्या की वजह है। जिले भर में कृषि विभाग बीज के लिए बजट का रोना रो रहा है और सहकारिता विभाग रैक नहीं मिलने का बहाना बना कर बाजार से ही किसान को महंगे दाम पर और अमानक स्तर का खाद बीज खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। अपने वक्तव्य में आगे कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा भारतीय जनता पार्टी सरकार की प्रदेश भर में किसान विरोधी छवि बनाने में पूरी भूमिका प्रशासन की है। आज सिर्फ सिंगरौली जिला में नहीं पूरे प्रदेश में किसान को समय पर न तो खाद बीज मिल रहा है न उपज का सही दाम मिल रहा है न बिजली मिल रही है इस स्थिति में आंदोलन की पृष्ठभूमि बनती जा रही है यदि यह परिस्थिति निर्मित हुई तो इसका खामियाजा प्रशासन के साथ भाजपा सरकार को भी भुगतना पड़ेगा।

# गुरु पूर्णिमा का पर्व 10 को मनाया जाएगा

**जागरण, बैढ़न।** गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरुओं एवं शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। सनातन धर्म में गुरु को भगवान का दर्जा दिया गया है और गुरुओं को समर्पित एक प्रसिद्ध त्यौहार है गुरु पूर्णिमा। हिन्दू धर्म के साथ.साथ बौद्ध व जैन धर्म के लोग गुरु पूर्णिमा के उत्सव को हर्षोउल्लास से मनाते है। गुरु पूर्णिमा में गुरु शब्द का अर्थ शिक्षक से है। गुरु पूर्णिमा के दिन शिष्यों द्वारा अपने गुरु के प्रति आस्था को प्रकट किया जाता है। गुरु पूर्णिमा की पूजा विधि ज्योतिषविद् पं डॉ एन पी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर वैढ़न के अनुसार हिंदू पंचांग के अनुसार प्रति वर्ष आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि पर गुरु पूर्णिमा का त्यौहार मनाया जाता है। इस दिन विधिवत रूप से गुरु पूजन किया जाता है। गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता हैं। सामान्य शब्दों में गुरु वह इंसान होता हैं जो ज्ञान की गंगा बहाता हैं और हमारे जीवन को अंधकार से प्रकाश की तरफले जाता हैं।



यह पर्व समूचे भारत में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। शिष्यों द्वारा आध्यात्मिक गुरुओं और अकादमिक शिक्षकों को नमन और धन्यवाद करने के लिए गुरु पूर्णिमा के पर्व को मनाया जाता है। सभी गुरु अपने शिष्यों की भलाई के लिए अपना पूरा जीवन न्योछावर कर देते है। हमेशा से आध्यात्मिक गुरु संसार में शिष्य और दुखी लोगों की सहायता करते आये हैं और ऐसे ही कई उदाहरण हमारे सामने मौजूद है जब गुरुओं ने अपने ज्ञान से अनेक दुखी लोगों की समस्याओं का निवारण किया है। स्वामी विवेकानंद और गुरु नानक ऐसे ही गुरु थे जिन्होंने हमेशा संसार की भलाई के लिए काम किया हैं। गुरु पूर्णिमा को भारत के अतिरिक्त भूटान और नेपाल आदि देशों में भी मनाया जाता है। हमारे देश की गुरु.शिष्य परंपरा भारत से चलकर दूसरे देशों में गई है। हमेशा से ही आध्यात्मिक गुरु प्रवास पर रहते थे और इसी प्रवास के कारण भारत की ये परम्पराएं दूसरे देशों में भी फैली।

### गुरु पूर्णिमा का सांस्कृतिक महत्व

हिंदू बौद्ध और जैन संस्कृतियों में गुरुओं को एक विशेष स्थान प्राप्त है। इन धर्मों या संस्कृतियों में अनेक शैक्षणिक और आध्यात्मिक गुरु हुए हैं जिन्हें भगवान के तुल्य माना गया है। स्वामी अभेदानंद आदिशंकराचार्य चैतन्य महाप्रभु आदि प्रसिद्ध हिन्दू गुरु थे। यह हजारों गुरुओं में से कुछ ऐसे नाम हैं जिन्होंने आध्यात्मिक रूप से जनमानस की सेवा की इसके विपरीत अकादमिक.आध्यात्मिक गुरु ज्ञान और विद्या प्रदान करते है। सभी गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए गुरु पूर्णिमा का त्यौहार मनाया जाता है।

# राजपत्रित अधिकारी पुलिस थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों को कार्यवाही के दिए निर्देश



## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित की गई जनसुनवाई

**जागरण, बैढ़न।** आज पुलिस अधीक्षकमनीष खत्री द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर पी.एस. परस्ते थाना प्रभारी विंध्यनगर श्रीमती अर्चना दिवेदी उप निरीक्षक प्रियंका मिश्रा थाना बैढ़न व महिला थाना सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक फरियादी से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गयाए जबकि शेष प्रकरणों में वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए राजपत्रित अधिकारी पुलिस थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। महिला फरियादियों की शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनकी काउंसलिंग कराई गई। साथ ही उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

# विधायक ने स्कूल चले हम अभियान अतर्गत छात्रों को वितरण के लिए तैयार की जा रही साइकलों का किया अवलोकन

## विधायक ने बच्चो से चर्चा कर ली पठन पाठन की जानकारी

**जागरण, बैढ़न।** सिंगरौली के विधायक राम निवास शाह ने शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कचनी में पहुचकर स्कूल चले हम अभियान के तहत छात्रो को वितरित की जाने वाली सायकलो का अवलोकन कर उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि समय पर सायकल तैयार कर छात्रो को वितरित कराये ताकि छात्र बिना किसी असुविधा के समय पर विद्यालय पहुचकर अपनी पढ़ाई कर सके। तत्पश्चात विधायक श्री शाह ने कचनी में ही स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होने विद्यायल में अध्ययनरत बच्चों से उनकी शिक्षा विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं और पढ़ाई के माहौल के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरानए



विधायक ने विद्यालय के शिक्षकों और प्रधानाध्यापक से भी बातचीत की और उन्हें बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और कुछ कमियों को दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया इसके अलावा विधायक ने बच्चों से उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा उन्होंने बच्चों से कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें। विधायक ने विद्यालय की बाउन्ड्रीवाल बनाने के लिए राशि उपलंब्ध कराने की पहल करने को कहा। इस अवसर जिला शिक्षा अधिकारी एस.बी सिंह सहित संबंधित अधिकारी विद्यालय के प्राचार्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# अपर कलेक्टर की जनसुनवाई में 152 लोगों ने दिया अपना आवेदन



**जागरण, बैढ़न।** जिले के विभिन्न अंचलो से आयें हुयें 152 लोगो ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर पी के सेनगुप्ता को अपना आवेदन देते हुयें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। अपर कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता से विचार करते हुये जन सुनवाई मे उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रो का जनसुनवाई मे ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसेआवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हुआ उनके आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सबंधित आवेदनो पर तत्परता दिखाते हुयें समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराये। जनसुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम सृजन बर्मा डिप्टी कलेक्टर देवेन्द्र द्विवेदी तहसीलदार अभिषेक यादव जिला शिक्षा अधिकारी एस बी सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय शिविर में 57 यूनिट रक्त संग्रहित

## रिलायंस सासन पावर लिमिटेड कोल माइंस मुहेर एवं इंडियन रेडक्रॉस ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सम्पन्न

**जागरण, बैढ़न।** रिलायंस कंपनी के संस्थापक स्व. धीरूभाई अंबानी की पुण्यतिथि के अवसर पर रिलायंस सासन पावर लिमिटेड कोल माइंस मुहेर एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सिंगरौली द्वारा संचालित रेड क्रॉस ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर में दो दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय रक्तदान शिविर के अंतर्गत रिलायंस सासन पावर प्लांट से 29 यूनिट एवं कोल माइंस से 28 यूनिट कुल 57 यूनिट रक्त का स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। शिविर का संचालन रिलायंस सासन पावर लिमिटेड के सीईओ सचिन महापात्र





के नेतृत्व एवं स्टेशन डायरेक्टर सुब्रत घोष के मार्गदर्शन में तथा इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सिंगरौली के चेयरमैन एस.डी. सिंह के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर रिलायंस के सीएमओ डॉ.ए. पी. सिंह द्वारा रक्तदान के सामाजिक एवं चिकित्सकीय महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। रेडक्रॉस ब्लड सेंटर के मेडिकल डायरेक्टर डा. आर.डी. द्विवेदी द्वारा रक्तदान से होने वाले लाभों की जानकारी देते हुए रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया गया। शिविर के दौरान रिलायंस सासन पावर लिमिटेड की ओर से अरनव भौमिक मूर्ति बदलामनी जितेंद्र प्रसाद डॉ.बैजनाथ उपाध्याय राकेश श्रीवास्तव अनुराग केसरी पी. सी.उपाध्याय निशांत गुप्ता मनीष श्रीवास्तव डॉ. चंद्रा शर्मा सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे। वही कोल माइंस से ऋषि श्रीवास्तव माइंस एजेंट विजय सिंह माइंस मैनेजर तथा सीएसआर टीम से फुजैल अहमद आशीष गुप्ता नृपेंद्र पाण्डेय अमित दुब हृदयलाल साहू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण की उपस्थिति रही। रेड क्रॉस ब्लड सेंटर की ओर से हरीशंकर गुप्ता टेक्निकल सुपरवाइजर जय प्रकाश दुबे कोऑर्डिनेटर सुश्री शिवानी सिंह स्टाफ नर्स सूरज प्रकाश सेन टेक्नीशियन श्रीमती सुनीता शाह एवं सुश्री प्रियंका दुबे टेक्नीशियन का इस शिविर को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक एवं मानवसेवी कार्यों में निरंतर सहभागिता का संकल्प व्यक्त किया।

# जन्म दिवस पर जिला टीकाकरण कार्यालय के परिसर में पौधरोपण

**जागरण, बैढ़न।** डॉ पंकज सिंह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अपने जन्म दिवस के अवसर पर केक काटा गया एवं जिला टीकाकरण कार्यालय के परिसर में पौधरोपण किया गया। उक्त अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुधांशु मिश्रा डॉ के एन यादव डॉ विशेष सिंह जिला क्षय अधिकारी जिला एम एन्ड ई अधिकारी राकेश प्रताप सिंह संतोष कुमार गुप्ता डाटा मैनेजर टीकाकरण अरविंद कुमार पटेल दीनानाथ माझी मीडिया अधिकारी अजय कुमार तिवारी जिला वैक्सीन स्टोर कीपर संदीप कुमार शर्मा कोल्ड चेन टेक्नीशियन आदि उपस्थित रहे।



भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच कल से लाड्‌र्स पर, पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर

# ब्रैडमैन का 88 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं गिल, गावस्कर को भी पीछे छोड़ने का मौका

जेएनएन, लंदन

भारतीय टेस्ट टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड में चल रही पांच मैचों की सीरीज की शानदार शुरुआत की है। पहली बार कप्तानी कर रहे गिल ने अब तक तीन शतक जड़े हैं और 146.25 की औसत से 585 रन बना चुके हैं। बर्मिंघम टेस्ट में उनके दोहरे शतकों ने कई रिकॉर्ड्स तोड़ दिए। इनमें किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा टेस्ट में सर्वाधिक मैच स्कोर समेत कई और आंकड़े शामिल हैं। सीरीज में अभी तीन टेस्ट बाकी हैं। सीरीज का तीसरा मुकाबला गुरुवार से लॉर्ड्स में खेला जाएगा और ऐसे में गिल के पास कई और रिकॉर्ड्स तोड़ने का मौका है। गिल डॉन ब्रैडमैन का 88 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं, जिसमें उन्होंने 1936/37 की ऐशेज में पांच टेस्ट में 810 रन बनाए थे। इस दौरान उनका औसत 90 रहा और तीन शतक भी लगाए गए। गिल इस आंकड़े से अब केवल 225 रन पीछे हैं। दिलचस्प बात यह है कि बतौर कप्तान वह ब्रैडमैन की भी पहली सीरीज थी। ऐसे में अगर गिल इस आंकड़े को पार करते हैं, तो कप्तान के तौर पर डेब्यू सीरीज में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लेंगे। ब्रैडमैन का उस सीरीज में सर्वोच्च स्कोर 270 था, जबकि गिल पहले ही 269 रन बना चुके हैं। किसी भारतीय कप्तान द्वारा एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड सुनील गावस्कर के नाम है, जिन्होंने 1978/79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में छह मैचों में 732 रन बनाए थे। गिल को यह रिकॉर्ड तोड़ने के लिए सिर्फ 148 रन की जरूरत है।

### एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन

- इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में यशस्वी जायसवाल ने भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन (712) बनाए थे। उन्होंने दो दोहरे शतक लगाए और 89 के औसत से रन बनाए। गिल इस आंकड़े से केवल 127 रन पीछे हैं।
- इंग्लैंड की जमीन पर किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड राहुल द्रविड़ के नाम है, जिन्होंने 2002 में तीन शतकों की मदद से 602 रन बनाए थे। गिल इस रिकॉर्ड से महज 18 रन दूर हैं।
- कप्तान के तौर पर इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम है। 2016 में घरेलू सीरीज में उन्होंने 655 रन बनाए थे। गिल अब इस आंकड़े से केवल 91 रन पीछे हैं।

**1930** की एशेज सीरीज में ब्रैडमैन ने पांच मैचों में 974 रन बनाए थे, जो एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन का विश्व रिकॉर्ड है। गिल को यह रिकॉर्ड तोड़ने के लिए 390 रन की जरूरत है। ब्रैडमैन ने उस सीरीज के पहले दो टेस्ट में 394 रन बनाए थे, जबकि गिल अब तक 585 रन बना चुके हैं। भारत की ओर से यह रिकॉर्ड सुनील गावस्कर के नाम है, जिन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ चार टेस्ट खेलते हुए 774 रन बनाए थे। गिल अब इस रिकॉर्ड से महज 189 रन पीछे हैं।

### एक सीरीज में सबसे ज्यादा शतक

वेस्टइंडीज के दिग्गज क्लाइड वॉलकॉट ने 1955 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में पांच शतक लगाए थे। गिल इस आंकड़े से केवल दो शतक दूर हैं और उनके पास तीन टेस्ट बचे हैं। वॉलकॉट ने भी सीरीज के शुरुआती दो टेस्ट में तीन शतक लगाए थे। उन्होंने किंग्सटन में 108, फिर पोर्ट ऑफ स्पेन में दोहरा शतक लगाया। उन्होंने पांचवां टेस्ट खेलते हुए दो और शतक जड़े थे और शतकों की गिनती पांच तक पहुंची थी। कप्तान के तौर पर एक सीरीज में सबसे ज्यादा शतकों का रिकॉर्ड ब्रैडमैन के नाम है, जिन्होंने 1947 में भारत के खिलाफ चार शतक लगाए थे। भारत की ओर से ये दोनों रिकॉर्ड फिर से गावस्कर के पास हैं। 1971 में एक खिलाड़ी के तौर पर और 1978/79 में कप्तान के रूप में, दोनों बार उन्होंने चार-चार शतक लगाए थे।



### कप्तान के तौर पर सबसे तेज 1000 टेस्ट रन

गिल बतौर कप्तान टेस्ट में सबसे तेज 1000 रन बनाने के मामले में भी सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ सकते हैं। गावस्कर ने 1976 में न्यूजीलैंड के खिलाफ कप्तान के रूप में शतक से शुरुआत की थी और केवल 14 पारियों में 1000 रन पूरे किए थे। इस दौरान उन्होंने पांच शतक लगाए थे और सर्वश्रेष्ठ स्कोर 205 था। गिल को यह रिकॉर्ड तोड़ने के लिए अब केवल 415 रन और बनाने हैं और उनके पास 9 पारियां बाकी हैं।

## वापसी को तैयार बुमराह, 45 मिनट गेंदबाजी की

जसप्रीत बुमराह वापसी के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहे हैं, क्योंकि भारत के इस स्टार तेज गेंदबाज ने लॉर्ड्स टेस्ट से पहले नेट सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया। उन्होंने लगभग 45 मिनट तक गेंदबाजी करने के बाद बाएं हाथ की स्पिन और थ्रोडाउन के खिलाफ बल्लेबाजी का भी अभ्यास किया। कप्तान शुभमन गिल ने एजबेस्टन में यह स्पष्ट कर दिया था कि गेंदबाजी के बोझ के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर रहने वाले बुमराह फिर से मैदान पर उतरेंगे। तीसरे टेस्ट से पहले टीम के पहले सत्र में बुमराह काफी जोश में नजर आए। पूरी संभावना है कि एकादश में प्रसिद्ध कृष्णा की जगह बुमराह को मौका दिया जाएगा। बुमराह ने सत्र में धीरे-धीरे पूरी ताकत से गेंदबाजी की, लेकिन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने और भी कड़ी मेहनत की और करीब एक घंटे तक गेंदबाजी की। पिच से बल्लेबाजों को कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है। ऐसे में यह देखना होगा कि भारत एजबेस्टन की तरह दो स्पिनर और तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरता है या नहीं। नीतीश रेड्डी चौथे तेज गेंदबाज के विकल्प थे। गिल, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, रिषभ पंत, आकाशदीप और मोहम्मद सिराज ने अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया। पहले दो टेस्ट मैच खेलने वाले सिराज ने भारतीय तेज गेंदबाजों में सबसे अधिक ओवर फेंके हैं। सिराज हमेशा मैदान पर अपना शत प्रतिशत देते हैं, लेकिन भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि उनके काम के बोझ का प्रबंधन किया जाएगा। कोटक ने कहा, काम के बोझ का प्रबंधन केवल बुमराह के लिए नहीं है। हर गेंदबाज की फिटनेस, हर गेंदबाज की समस्या अलग होती है। लेकिन मुझे लगता है कि बीच में पर्याप्त आराम मिलता है। इस मैच के बाद लंबा ब्रेक है। लेकिन सिराज ऐसे खिलाड़ी हैं जो बहुत गेंदबाजी करते हैं।



### मैदान से हटकर

## अनुष्का संग विंबलडन मैच देखने पहुंचे विराट



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा कि टेनिस खिलाड़ी हर सप्ताह जिस तरह के दबाव का का सामना करते हैं, उसकी तुलना क्रिकेट में केवल विश्व कप के नॉकआउट और भारत बनाम पाकिस्तान के मैच से की जा सकती है। टी-20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट से संन्यास ले चुके कोहली ने अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ विंबलडन का मैच देखने के बाद यह तुलना की। विराट के अलावा इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट पत्नी कैरी कॉटरेल के साथ विंबलडन का लुत्फ उठाने पहुंचे। कोहली पिछले कुछ समय से क्रिकेट से दूर रहने के दौरान लंदन में ही रहते हैं। यहां उन्होंने कहा, मुझे लगता दोनों खेलों में यह अनुभवी (दबाव की स्थितियों में) एक जैसा हो सकता है। हम इस तरह के दबाव (टेनिस खिलाड़ियों के जैसा) का सामना भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप मैच में या विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल में महसूस करते है। उन्होंने कहा कि ये खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल से फाइनल तक बहुत अधिक दबाव का सामना करते है। मैं टेनिस खिलाड़ियों का बहुत सम्मान करता हूं, क्योंकि वे धैर्य के साथ खेलते हैं और अपनी फिटनेस और मानसिक मजबूती को बनाए रखते हैं। इस 36 साल के खिलाड़ी ने उम्मीद जताई कि सर्बिया के दिग्गज नोवाक जोकोविच इस साल विम्बलडन चैंपियन बनने के साथ अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम जीतेंगे। कोहली का मानना है कि क्रिकेट में टेनिस के मुकाबले वापसी का कम मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट में मेरे कौशल (बल्लेबाजी) से जुड़ी एक और चुनौती यह है कि आपको सिर्फ एक मौका मिलता है। आपके पास वापसी करने के ज्यादा मौके नहीं होते हैं। आप एक गलती करते हैं और बाकी दिन आप बल्लेबाजी नहीं कर पाएंगे, लेकिन टेनिस में खिलाड़ी दो सेट गंवाने के बाद भी वापसी कर जीत सकते हैं। **( जेएनएन )**

### खेल एक नजर

## जन्म स्थान भारत आना चाहते हैं पाक के पूर्व कप्तान मुश्ताक

**लंदन, जेएनएन।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मुश्ताक मोहम्मद भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन टेस्ट के चौथे दिन ऐसी टाई पहनकर आए, जिस पर भारतीय ध्वज बना हुआ था, उस देश का तिरंगा जिसे उन्होंने छह साल की उम्र में छोड़ दिया था और उनकी दिल्ली इच्छा एक बार फिर से भारत आने की है। इस 81 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर का जन्म गुजरात के जूनागढ़ में हुआ था। वह अभी बर्मिंघम में रहते हैं और वहां रहकर खुश हैं, लेकिन एक बार फिर से उस स्थान पर जाना चाहते हैं जहां उनका जन्म हुआ था। मुश्ताक जब क्रिकेट खेला करते थे तब दो बार भारत आए थे। वह पहली बार 1961 में टेस्ट सीरीज खेलने के लिए और फिर 1978 में अहमदाबाद में दिलीप सरदेसाई लाभार्थ मैच के लिए भारत आए थे। दोनों ही मौकों पर वह जूनागढ़ जाना चाहते थे, जो एक पूर्व रियासत थी, जहां से वह छह साल की उम्र में कराची चले गए थे। हालांकि अपने व्यस्त कार्यक्रम के कारण वह जूनागढ़ नहीं जा सके थे और दशकों बाद भी यह उनकी अधूरी इच्छा बनी हुई है। मुश्ताक ने कहा कि मैं उस जगह जाना पसंद करूंगा जहां मैं पैदा हुआ। जूनागढ़ जाने के सबसे करीब मैं तब गया था जब मैंने अहमदाबाद में दिलीप सरदेसाई के लिए मैच खेला था। मैं जूनागढ़ के लिए ट्रेन ले सकता था, लेकिन कार्यक्रम बहुत व्यस्त था। पंद्रह साल की उम्र में पदार्पण करने के बाद पाकिस्तान के लिए 57 टेस्ट मैच खेलने वाले पूर्व ऑलराउंडर ने कहा, दुर्भाग्य से उसके बाद मैं कभी भारत नहीं जा पाया। मुश्ताक ने भाषा के माध्यम से गुजरात से जुड़ाव बनाए रखा है।

# फ्रिट्ज पहली बार विंबलडन के सेमीफाइनल में सिनर दो सेट हारने के बावजूद क्वार्टर फाइनल में

जेएनएन, लंदन

अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने मंगलवार को विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में कारेन खाचानोव को शिकस्त देकर पहली बार इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। पांचवीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज को मैच के बीच में पैर के दर्द से निपटने के लिए ट्रेनर से उपचार लेना पड़ा, लेकिन उन्होंने इसके बाद शानदार वापसी करते हुए 6-3, 6-4, 1-6, 7-6 से जीत दर्ज की। यूएस ओपन के उपविजेता फ्रिट्ज के सामने सेमीफाइनल में स्पेन के दो बार के गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज या ब्रिटेन के गैर-वरीयता प्राप्त कैम नॉरी में से किसी एक की चुनौती होगी। फ्रिट्ज मैच की शुरुआती दो सेट में 17वीं रैंकिंग के खिलाड़ी के खिलाफ दबदबा कायम करते हुए 47 में से 40 सर्विस अंक भुनाने में सफल रहे। वहीं विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर दाहिनी कोहनी में चोट और पहले दो सेट हारने के बावजूद अपने प्रतिद्वंद्वी ग्रिगोर दिमित्रोव के पेक्टोरल मांसपेशी में चोट लगने के कारण बाहर हो जाने से विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। सिनर ने इससे पहले टूर्नामेंट में कोई भी सेट नहीं गंवाया था, लेकिन विश्व में 19वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव ने उनके खिलाफ पहले दो सेट 6-3, 7-5 से जीत कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली थी। लेकिन तीसरे सेट में जब स्कोर 2-2 से बराबरी पर था तब दिमित्रोव ने खेलना बंद कर दिया। यह लगातार पांचवां ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है जिसमें 34 वर्षीय दिमित्रोव मैच पूरा करने में विफल रहे। वह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और मई में फ्रेंच ओपन के अलावा पिछले साल विंबलडन और अमेरिकी ओपन में भी मैच के बीच में हट गए थे। सिनर पहले सेट के दौरान कोर्ट पर फिसल गए थे जिससे उनकी कोहनी चोटिल हो गई थी लेकिन उन्होंने बाद में कहा कि चोट गंभीर नहीं है और चिंता की कोई बात नहीं है। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अमेरिका के बेन शेल्टन से भिड़ेंगे।



### 18 साल की मीरा एंड्रीवा क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा खिलाड़ी

इस बीच महिला एकल में रूस की 18 वर्षीय खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने एम्मा नवारो को 6-2, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। वह पिछले 18 वर्षों में विंबलडन के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई है। एंड्रीवा का अगला मुकाबला बेलिंडा बेनसिक से होगा, जो ऑल इंग्लैंड क्लब में पदार्पण करने के 11 साल बाद पहली बार विंबलडन क्वार्टरफाइनल में पहुंची हैं। बेनसिक ने 18वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6 (4), 6-4 से हराया। इसके अलावा लियुडमिला सैमसोनोवा नंबर दो कोर्ट पर जेसिका बौजास मानेरो को 7-5, 7-5 से हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंची। सैमसोनोवा ने इस टूर्नामेंट में अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है और अब उनका सामना इगा स्वियाटेक से होगा, जो क्लारा टॉसन को 6-4, 6-1 से हराकर दूसरी बार विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। पुरुष वर्ग में मारिन सिलिच को स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे शुरू हुए चौथे दौर के मैच में फ्लेवियो कोबोली से 6-4, 6-4, 6-7 (4), 7-6 (3) से हार का सामना करना पड़ा।

## इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज जीतने उतरेगा भारत

**मैनचेस्टर, जेएनएन।** भारत को अगर इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज जीतनी है, तो कप्तान हरमनप्रीत कौर और आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को बुधवार को होने वाले चौथे महिला टी-20 मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे चल रहा है, लेकिन इंग्लैंड ने पिछले सप्ताह ओवल में खेले गए तीसरे मैच में पांच रन की जीत के दौरान मेहमान टीम की कुछ कमजोरियों को उजागर किया था। शेफाली ने इस मैच में 25 गेंदों पर 47 रन और हरमनप्रीत ने 17 गेंदों पर 23 रन बनाए, लेकिन दोनों बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और अमनजोत कौर ने अब तक भारत की बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभाली है और वे इन दो अनुभवी खिलाड़ियों से और अधिक सहयोग की उम्मीद करेंगे। शेफाली विशेषकर अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होगी, क्योंकि आठ महीने बाद टीम में वापसी के बाद से वह अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाई हैं।



## एक्लेस्टोन-बाउशियर इंग्लैंड वनडे टीम में



सोफी एक्लेस्टोन और माइया बाउशियर को भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए मंगलवार को इंग्लैंड की 15 सदस्यीय महिला टीम में शामिल किया गया। तीन वनडे मैच क्रमशः 16, 19 और 22 जुलाई को साउथेम्प्टन, लॉर्ड्स और चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले जाएंगे। एक्लेस्टोन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से बाहर रहने के बाद वनडे टीम में वापसी की है, जबकि बाउशियर को चोटिल नेट साइवर-ब्रंट के स्थान पर टी-20 सीरीज के लिए टीम में शामिल किए जाने के बाद वनडे टीम में भी रखा गया है। कमर की चोट के कारण पांच मैचों की सीरीज के अंतिम तीन टी-20 मैच से बाहर चल रही कप्तान साइवर-ब्रंट के वनडे सीरीज के लिए फिट होने की उम्मीद है।

**टीम :** साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, सोफिया, एम्मा लैम्ब, टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), एमी जोन्स (विकेट कीपर), झबाउशियर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविडसन रिचर्ड्स, चार्ली डीन, एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, लिन्सी स्मिथ, लॉरेन बेल।

## फिडे ग्रैंड स्विस में एरिगैसी और गुकेश को शीर्ष वरीयता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय स्टार अर्जुन एरिगैसी और विश्व चैम्पियन डी गुकेश को उच्बेकिस्तान के समरकंद में तीन से 16 सितंबर तक होने वाले चौथे फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट में क्रमशः पहली और दूसरी वरीयता दी गई है। इस प्रतियोगिता में बढ़ी हुई पुरस्कार राशि और प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के टिकट दांव पर होंगे। नियमों के अनुसार, ओपन और महिला प्रतियोगिता दोनों में शीर्ष दो में रहने वाले खिलाड़ी अगले साल होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाएंगे। इस प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जिन्होंने जुलाई 2024 और जून 2025 के बीच 30 से अधिक क्लासिकल मैच खेल हो। इस कारण पूर्व विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन और विश्वनाथन आनंद जैसे खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाएंगे। पूर्व विश्व चैंपियन डिंग लीरेन और फैबियानो कारूआना भी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं लेंगे, जिसमें भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंद को चौथी वरीयता दी गई है, जो नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव से ठीक पीछे हैं।



## दीप्ति शर्मा टी-20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहली बार नंबर एक गेंदबाज बनने के करीब

**दुबई, जेएनएन।** भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है और इस तरह से करियर में पहली बार नंबर एक गेंदबाज बनने की दहलीज पर खड़ी हैं। दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकतर समय टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद वह कभी नंबर एक गेंदबाज नहीं बन पाई। टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में दीप्ति को एक स्थान का फायदा हुआ है और उन्होंने आस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड (736) को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल (746) से सिर्फ आठ रेटिंग अंक पीछे है। दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद रैंकिंग में सुधार किया है और यह ऑफ स्पिनर अंतिम दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है।



### द हंड्रेड से लिया नाम वापस

भारत और लंदन स्पिरिट की हरफनमौला दीप्ति ने कार्यभार (अधिक मैच खेलने से होने वाली थकान या चोट) प्रबंधन के लिए द हंड्रेड प्रतियोगिता से नाम वापस ले लिया। ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार दीप्ति ने आगामी व्यस्त सत्र को देखते हुए इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। वामहस्त बल्लेबाजी करने वाली दीप्ति ने पिछले साल छक्का लगा कर अपनी टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। फ्रेंचाइजी ने दीप्ति की जगह ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर चार्ली नॉट को टीम में शामिल किया है।

## भारतीय स्कीट निशानेबाज लोनाटो विश्व कप में प्रभावित करने में विफल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय स्कीट निशानेबाजों का मंगलवार को लोनाटो में आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप के तीसरे दिन के क्वालिफिकेशन राउंड में निराशाजनक प्रदर्शन रहा, जिसमें पुरुष और महिला दोनों वर्गों में से कोई भी फाइनल में जगह नहीं बना पाया। पुरुष वर्ग में 49 साल के अनुभवी मेराज अहमद खान तीन दिन तक चले क्वालीफिकेश में 24, 25, 24, 25, 23 के निशाने के साथ 125 में 121 अंक जुटा कर 34वें स्थान पर रहे। ओलंपियन अनंतजीत सिंह नरूका (24, 24, 24, 23, 24) कुल 119 अंकों के साथ 176 निशानेबाजों में 64 वें स्थान पर रहे, जबकि भवतेघ सिंह गिल ने 119 (23, 25, 25, 25, 21) अंक हासिल कर 75वां स्थान प्राप्त किया। अमेरिका के विंसेंट हैनकॉक ने फाइनल में 26 का स्कोर कर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने क्वालिफिकेशन राउंड में 124 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। चेक गणराच्य के डेनियल कोरकाक ने रजत पदक जीता, उन्होंने खिताब दौर में 24 का स्कोर किया, जबकि उनके हमवतन जैकब टोमेक (24) ने कांस्य पदक हासिल किया। महिला स्कीट निशानेबाज और पेरिस ओलंपियन माहेश्वरी चौहान ने 24, 22, 22, 25, 23 के स्कोर के साथ कुल 116 अंक बनाए और 31वें स्थान पर रहते हुए भारतीयों में शीर्ष पर रहीं। गनीमत सेखों ने क्वालिफिकेशन के पांचवें दौर में 20 का स्कोर किया, जिससे उनका कुल स्कोर 116 (23, 25, 24, 24, 20) रहा और वह 35वें स्थान पर रहीं।

# दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट मैच में तीसरी सबसे बड़ी जीत जिम्बाब्वे को पिछले 20 साल में सबसे बड़ी शिकस्त दी

### दूसरा टेस्ट पारी व 236 रन से जीता, सीरीज 2-0 से जीती

**बुलावायो, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन मंगलवार को जिम्बाब्वे की दूसरी पारी को 220 रन पर समेट कर उसे पिछले 20 साल में पारी से सबसे बड़ी शिकस्त दी। दक्षिण अफ्रीका ने महज तीन दिन के अंदर पारी और 236 रन की शानदार जीत दर्ज की। यह टीम की टेस्ट में तीसरी सबसे बड़ी जीत है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम ने इसके साथ ही सीरीज में 2-0 से सूपड़ा साफ किया। दक्षिण अफ्रीका ने कार्यवाहक कप्तान वियान मुल्डर के नाबाद 367 रन के दम पर पांच विकेट पर 626 रन बनाकर पारी घोषित की थी। जिम्बाब्वे पहली पारी में 43 ओवर में 170 रन पर आउट हो गई थी, जिसके बाद उसे फॉलोऑन दिया गया। टीम मंगलवार को दूसरी पारी में 220 रन पर सिमट गई। जिम्बाब्वे की टीम ने इस मैच में कुल 390 रन बनाए। मुल्डर मैच और सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए।

- दक्षिण अफ्रीका की लगातार 10वीं जीत है। टीम का विजयी अभियान अगस्त 2024 में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हुआ था। इसके साथ ही अपने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने 2002/03 में लगातार नौ टेस्ट जीत हासिल की थी।



### दक्षिण अफ्रीका की सबसे बड़ी जीत

| विरुद्ध | जीत | स्थान | साल |
|---|---|---|---|
| बांग्लादेश | पारी व 273 रन | चटोग्रांम | 2024 |
| बांग्लादेश | पारी व 254 रन | ब्लोमफोंटेन | 2017 |
| जिम्बाब्वे | पारी व 236 रन | बुलावायो | 2025 |

## बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर चोटिल हारिस रऊफ और शादाब

### पाकिस्तान ने घोषित की टीम, 20 जुलाई से तीन मैचों की सीरीज

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और ऑलराउंडर शादाब खान चोटिल होने के कारण इस महीने बांग्लादेश में होने वाली टी-20 सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। रऊफ को पिछले सप्ताह अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी, जबकि शादाब ने हाल ही में कंधे की सर्जरी करवाई है। पाकिस्तान ने बांग्लादेश के दौरे के लिए मंगलवार को 15 सदस्यीय टीम घोषित की, जिसमें अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले तेज गेंदबाज अहमद दानियाल और सलमान मिर्जा को भी शामिल किया गया है, जो अब्बास अफरीदी और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर फहीम अशरफ का साथ देंगे। बाएं हाथ के स्पिनर सुफियान मुकीम को भी वापस बुलाया गया है।



**पाकिस्तान टीम :** सलमान आगा (कप्तान), अबरार अहमद, अहमद दानियाल, फहीम अशरफ, फखर जमान, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, सुफियान मुकीम।

# गणवेश और पुस्तक खरीदने प्रतिष्ठान विशेष के लिए बाध्य किया तो खैर नहीं

## प्राइवेट विद्यालय संचालको की मैहर कलेक्टर ने ली बैठक , दिये सख्त निर्देश

जागरण सतना

प्राइवेट विद्यालय संचालको की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने मंगलवार को विद्यालय संचालको की बैठक लेकर सख्त दिशा निर्देश दिये है। उन्होने स्पष्ट तौर पर कहा है कि यदि पालको उनकी शालाओ के लिए निर्धारित गणवेश , पुस्तक स्टेशनरी आदि क्रय करने यदि प्रतिष्ठान विशेष के लिए वाध्य किया तो सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होने बैठक के दौरान कहा है कि मापदण्ड के अनुसार एनसीईआरटी व एससीईआरटी पाठ्यक्रम का उपयोग किया जाये।



### शिकायत आने के बाद बुलाई बैठक

बताया जाता है कि मैहर जिले के अंतर्गत आने वाले अमरपाटन , रामनगर और मैहर को मिलाकर तकरीबन 4 सौ प्राइवेट विद्यालय संचालित है। कई विद्यालयो द्वारा प्रतिष्ठान विशेष के लिए गणवेश और पुस्तक खरीदने के लिए वाध्य किये जाने की शिकायत मैहर कलेक्टर रानी बाटड को मिली थी जिसके बाद उन्होने प्राइवेट विद्यालय संचालको की बैठक बुलाई थी। उक्त बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी विष्णु कुमार त्रिपाठी , मैहर के सभी बीआरसीसी एवं बीईओ उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा है कि प्राइवेट विद्यालयो की सघन मानिटरिग की जायेगी। यदि निर्देशो का पालन होता नही दिखा तो दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# रामपुर पुलिस ने पकड़ी 45 हजार की अवैध शराब

## 7 लाख की बोलेरो जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

**जागरण सतना।** शराब तस्करो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये रामपुर बाघेलान टीआई संदीप चतुर्वेदी ने 45 हजार 2 सौ 80 रूपये कीमत की 62 लीटर से अधिक शराब जप्त की है। इतना ही नही पुलिस ने 7 लाख रूपये कीमत की बुलेरो जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश , एएसपी विक्रम सिंह कुशवाह, टीआई संदीप चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गई है।



### ये है मामला

पुलिस को शराब तस्करी की सूचना मिली थी जिसके बाद कार्यवाही करते हुये रामपुर पुलिस ने आरोपी शिवम सिंह पिता शिवेन्द्र सिंह उम्र 30 साल निवासी मझियार थाना बैकुंठपुर जिला रीवा हाल निवासी पन्ना नाका शराब दुकान थाना सिविल लाइन शैलेन्द्र सिंह पिता कृष्णपाल सिंह उम्र 30 साल निवासी गडरा थाना साहपुर जिला माउगंज हाल पन्ना नाका कम्पोजिट शराब दुकान और शैलेष सिंह पिता मकरंद सिंह उम्र 33 साल निवासी ग्राम थाना चोरहट जिला सीधी हाल निवास पन्ना नाका कम्पोजिट शराब दुकान थाना सिविल के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। ग्राम बम्हौरी से 7 कार्टूनो में अलग-अलग तरीके की अवैध शराब भरी हुई थी इस कार्यवाही में पुलिस ने 7 लाख रूपये कीमत की बुलेरो , और 45 हजार 280 रूपये की अवैध शराब जप्त की है।




# अवैध शराब के साथ ऑटो चालक गिरफ्तार

## 1 लाख 28 हजार रूपये की सामग्री जप्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**जागरण सतना।** आटो में अवैध शराब की तस्करी करते पाये जाने पर सिटी कोतवाली टीआई रावेन्द्र द्विवेदी ने 63 लीटर अवैध शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश , एएसपी डॉ शिवेश सिंह एवं सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा की गई है।



### ये है मामला

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 63 लीटर शराब और ऑटो जब्त किया जिसकी कुल कीमत करीब 1.28 लाख रुपए बताई जा रही है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सोहावल बाईपास रोड के पास घेराबंदी की। कुछ देर बाद एक काले रंग का संदिग्ध ऑटो एमपी 19 जेडई 4641 जिसकी पिछली तरफश्राजेश कुशवाहाश् लाल रंग से लिखा थाए आते देखा गया। पुलिस ने जब उसे रोकने की कोशिश की तो चालक भागने लगाए जिसे पीछा कर पकड़ा गया। गिरफ्तार युवक की पहचान राजेश कुशवाहा 20 निवासी अतरवेदिया, थाना नागौद, के रूप में हुई है। ऑटो की तलाशी लेने पर उसमें से 1 कार्टून गोवा ब्रांड अंग्रेजी शराब और 6 कार्टून देशी प्लेन शराब बरामद हुई। कुल 7 कार्टून में भरी 63 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। बरामद शराब और ऑटो को जब्त कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

# काम पर फोकस करें नाम पीछे-पीछे आयेगा

## आरएमओ डॉ आनंद भारती सिंह ने बताई प्राथमिकताएं



**जागरण सतना।** जिला आयुर्वेद अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजो को बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के प्रयास में जुटी आरएमओ डॉ आनंद भारती सिंह ने कहा कि काम पर फोकस करें नाम पीछे-पीछे आयेगा। उन्होने जागरण से चर्चा करते हुये बताया कि यदि अस्पताल में कोई गंभीर मरीज आ जाता है तो उसके बेहतर उपचार के लिए वे चारो डाक्टरो से विचार विमर्श करती है। इसके बाद मरीज को उपचार उपलब्ध कराया जाता है। हाल ही में जिला आयुर्वेद अस्पताल की आरएमओ बनी डॉ आनंद भारती सिंह ने बताया कि यू तो अस्पताल का समय सुबह 8 से दोपहर एक बजे तक और शाम को 4 से 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके अलावा आपातकालीन चिकित्सा ड्यूटी भी लगाई जाती है।

**जुलाई में आये 303 पेसेंट :** आरएमओ डॉ आनंद भारती सिंह ने बताया कि जुलाई महीने में एक जुलाई से 7 जुलाई के बीच 303 मरीज उपचार के लिए अस्पताल पहुचे है जिनका उपचार किया गया है। उन्होने बताया कि बात व्याधी , स्त्री रोग, त्वचा रोग, सुगर , बीपी, और अर्स के मरीज उपचार के लिए आते है जिनका उपचार किया जाता है।




# हवाई सेवाओं के विस्तार के लिए सांसद ने ली बैठक

**जागरण सतना।** सांसद सतना गणेश सिंह ने मंगलवार को सतना एयरपोर्ट पहुंचकर एयरपोर्ट एथारिटी और राजस्व तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने सतना एयरपोर्ट की एयर स्ट्रीप की लम्बाई 1200 से 1800 मीटर उन्नयन किये जाने के लिए आवश्यक भूमि और एयरपोर्ट के विस्तार की संभावनाओं के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। सांसद ने कहा कि सतना एयरपोर्ट से भोपाल और इंदौर की कनेक्टविटी के प्रचार-प्रसार के लिए फ्लाइट के टाइम शेडयूल और टिकट बुकिंग काउंटर तथा टिकट लेने की एडवांस बुकिंग की प्रक्रिया की जानकारी का सोशल मीडिया सहित अन्य प्लेटफार्म भी प्रचार-प्रसार किया जाये। इस मौके पर एयरपोर्ट एथारिटी के डायरेक्टर अशोक गुप्ता, एसडीएम राहुल सिलाडिया, तहसीलदार सौरभ मिश्रा, एसडीओ लोक निर्माण विभाग सहित राजस्व अमले की टीम ने एयरपोर्ट की हवाई पट्टी का विस्तार करने के लिए आवश्यक भूमि का मौका मुआयना भी किया।



# विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**सतना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार आयोग द्वारा बूथ लेवल आफीसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र स्तर पर बीएलओ का प्रशिक्षण 7 जुलाई से प्रारंभ किया जाकर 17 जुलाई तक पूरा किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र 61 चित्रकूट में 42, 63 सतना में 45, 64 नागौद में 40 एवं विधानसभा क्षेत्र 65 मैहर में 50 बीएलओ को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स द्वारा आयोग से प्राप्त पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

# जिला सलाहकार समिति की बैठक 12 जुलाई को

**सतना।** गर्भधारण प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसी एण्ड पीएनडीटी) के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक 12 जुलाई को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सतना में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है।




# जनसुनवाई में सुनी गई 131 आवेदकों की समस्यायें

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा एवं एलआर जांगडे ने जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 131 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या, जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।



# गिधैला में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**सतना।** खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जिला पंचायत मैहर प्रशिक्षण केंद्र पोस्ट देवराज नगर ग्राम पंचायत गिद्धइला क़े कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष सतना रामखेलावन कोल के मुख्य अतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष रामनगर ने की। इस मौके पर 25 प्रशिक्षणार्थियों को बेसिक सिलाई गारमेंट्स ट्रेड क़े कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड रीवा क़े संभाग अधिकारी बीएस चिढ़ार ने प्रशिक्षणार्थियों को विस्तार से कौशल विकास योजना की जानकारी प्रदान की। ग्राम पंचायत गिद्धइला के सरपंच कृष्ण प्रताप सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया।



# एसडीएम और तहसीलदार अपने मुख्यालय में मंगलवार को करेंगे जनसुनवाई

**जागरण सतना।** शासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार को कार्यालयों में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई करने के निर्देश दिये है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार को अपने मुख्यालय में उपस्थित रहकर प्रत्येक मंगलवार को निर्धारित समय पर जनसुनवाई करने के निर्देश दिए है।














जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com